# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026



11 परनीत-अभिषेक तीरंदाज टॉप्स....





विचार पेज
06 यूलुस चुनाव टालने की....


## 15 अगस्त 2027 को चलेगी पहली बुलेट ट्रेन, रेल मंत्री मजाकिया अंदाज में बोले-आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए

# वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्म गुवाहाटी-हावड़ा होगा 'पहला रूट'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी नए साल 2026 में बंगाल और असम को नई सौगात देने वाले हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम बंगाल को जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन की तारीख का भी ऐलान किया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। वैष्णव ने घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और हावड़ा (कोलकाता) के बीच चलाई जाएगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी। वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी ने लिया था तैयारियों का जायजा

प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर रेल मंत्री ने बताया कि पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद गुजरात दौरे के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम की बारीकी से जांच की और वहां मौजूद इंजीनियरों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।



प्रधानमंत्री ने इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा था कि यह प्रोजेक्ट न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के गर्व का विषय है। यह हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना भारत के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर का लाभ मिलेगा।

## जयवर्धन सिंह ने कहा करारा जवाब मिलेगा



**भोपाल।** पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की आरएसएस वाली पोस्ट को लेकर कांग्रेस में मचे घमासान और उनकी निष्ठा पर उठाए जा रहे सवाल के बीच जयवर्धन सिंह पहली दफा सामने आए। दिग्विजय के बेटे और राघौगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें दिग्विजय सिंह एक सभा को संबोधित करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में एक फिल्मी डायलॉग सुनाई दे रहा है। इसमें सुनाई दे रहा है 'बौखला गए हैं, खलबली मच गई है। बदहवासी छाई है। सिंगल प्वाइंट एजेंडा है कि कैसे हमारी एकता तोड़ें। बेबुनियाद आरोप, मनगढ़ंत स्कैंडल्स और खोद-खोद कर हम पर कीचड़ उछाल रहे हैं, करारा जवाब मिलेगा।' साथ ही पोस्ट पर जयवर्धन ने लिखा है कि 'सुना है आज समंदर को बड़ा गुमान आया है, उधर ही ले चलो कश्ती जहां तूफान आया है।' जयवर्धन की पोस्ट चर्चाओं में है। कुछ दिन पहले सिंह की एक पोस्ट को संघ की तारीफ के रूप में लिया था।

### इंदौर में दूषित पानी सप्लाई से बढ़ता जा रहा मौत का आंकड़ा

### अब तक 1400 लोग संक्रमित...शहर के विभिन्न अस्पतालों में 162 का इलाज जारी, 26 मरीजों की हालात अब भी गंभीर

# अब तक 14 की मौत, गुस्साए लोगों ने मंत्री विजयवर्गीय से नहीं लिया 'चेक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

*विजयवर्गीय स्कूटर पर सवार होकर भागीरथपुरा पहुंचे थे। इस दौरान महिलाओं ने नाराजगी जाहिर की, कहा-हमें आपका चेक नहीं चाहिए*

देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। गुरुवार तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, करीब 1400 लोग संक्रमण के शिकार हुए हैं। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा कि महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की लैब में जांचे गए पानी के नमूनों की रिपोर्ट गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को मिल गई है।

इसमें साफ तौर पर पुष्टि हुई है कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। हसानी ने कहा कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी दूषित हुआ है। यह किस जगह और किस लेवल का है, इसके बारे में संबंधित अधिकारी ही बता पाएंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी माना कि भागीरथपुरा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लैब में जांचे गए पानी के नमूनों की रिपोर्ट में पुष्टि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई**



**अपर मुख्य सचिव संजय दुबे इंदौर पहुंचे, वे रिपोर्ट मुख्यमंत्री को देंगे कि कहां चूक हुई है और इस मामले में कौन जिम्मेदार है?**

**पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी दूषित हुआ**

**यह किस जगह और किस लेवल का, इस पर चुप्पी**

### अब तक 212 मरीज भर्ती हो चुके

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इंदौर के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में अब तक 212 मरीज भर्ती हो चुके हैं। 50 डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। 162 का इलाज जारी है, 26 आईसीयू में हैं। प्रभावित क्षेत्र में 7,992 घरों का सर्वे किया गया है। 39,854 लोगों की जांच हुई।

### अपर मुख्य सचिव दुबे इंदौर पहुंचे, मौके पर गए

दूषित पानी सप्लाई मामले की जांच के लिए अपर मुख्य सचिव संजय दुबे इंदौर पहुंचे। उन्होंने उस जगह का निरीक्षण किया, जहां से दूषित पानी सप्लाई लाइन में मिलने की आशंका है। उन्होंने देखा कि पानी कहां से आ रहा था और कहां सप्लाई किया जा रहा था। इसके बाद दुबे ने नगर निगम जिला प्रशासन के अफसरों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मानव अधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, मांगी रिपोर्ट

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने दूषित पानी से मौतों की मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मुद्दा उठता है। शिकायतों के बावजूद कथित रूप से अधिकारियों ने दूषित पानी की आपूर्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगा है।

### हाई कोर्ट में आज होगी सुनवाई

इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में दो अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। जिसकी सुनवाई आज यानी शुक्रवार को होगी, जिसमें शासन स्टेटस रिपोर्ट पेश करेगा।

### जीएसटी से भरा सरकार का खजाना

## दिसंबर माह में 6% बढ़ा 1.74 लाख करोड़ पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन से सरकार का खजाना लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार 1 जनवरी 2026 को दिसंबर 2025 महीने में जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा जारी कर दिया गया है और ये शानदार रहा है। कलेक्शन साल के आखिरी महीने में सालाना आधार बढ़ोतरी के साथ 1.74 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा है। इससे पिछले साल दिसंबर 2024 में जीएसटी रेवेन्यू 1.64 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा था। सरकार द्वारा जारी किए गए दिसंबर महीने के जीएसटी कलेक्शन के डेटा पर नजर डालें, तो इसमें सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। बड़े टैक्स कट के बावजूद घरेलू बिक्री से रेवन्यू में धीमी ग्रोथ के बाद ये आंकड़ा सामने आया है। घरेलू ट्रांजैक्शन से ग्रॉस रेवन्यू 1.2% बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया, जबकि दिसंबर के दौरान आयातित सामान से रेवन्यू 19.7% बढ़कर 51,977 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा रिफंड 31% के इजाफे के साथ उछलकर 28,980 करोड़ रुपए हो गया। बीते साल के आखिरी महीने में सेस कलेक्शन घटकर 4,238 करोड़ रुपए रह गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 12,003 करोड़ रुपए था। रिपोर्ट के मुताबिक बीते 22 सितंबर 2025 से करीब 375 चीजों पर जीएसटी रेट कट किया गया था, जिससे खासतौर पर रोजमर्रा के 99% सामानों के दाम ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ अर्थव्यवस्था के लिए दिखे शुभ संकेत


### यूपी में फास्ट फूड से एक और मौत!

## बर्गर-नूडल्स के अधिक सेवन से छात्रा के दिमाग में गांठें बनी



एजेंसी ▶▶ अमरोहा

यूपी के अमरोहा में फास्ट फूड के सेवन की वजह से एक और मौत का मामला सामने आया है। नीट की तैयारी कर रही चुचैला कलां गांव की रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा इलमा कुरैशी की दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर बाद मौत हो गई। उसके दिमाग में गांठे बन गई थीं। परिजनों के मुताबिक इलमा का इलाज करने वाले डॉक्टर ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन भागवत

### भोपाल में दो दिवसीय प्रवास पर संघ प्रमुख

## आज युवा संवाद और प्रमुखजन गोष्ठी, कल 'शक्ति संवाद' को करेंगे संबोधित

**वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चा करेंगें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रसंग पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का देशभर में प्रवास हो रहा है। इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास 2-3 जनवरी को मध्यभारत प्रांत के भोपाल विभाग केंद्र पर रहेगा। 2 जनवरी को युवा संवाद और प्रमुखजन गोष्ठी होगी एवं 3 जनवरी को सामाजिक सद्भाव बैठक और शक्ति संवाद। इस कार्यक्रमों में डॉ. भागवत संघ की 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करने के साथ ही वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चा करेंगे।

डॉ. भागवत शुक्रवार को भोपाल में आयोजित प्रांत स्तर के 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 9:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। युवा संवाद में प्रांत के सभी 31 जिलों (शासकीय रचना के 16 जिलों) के ऐसे युवा शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और उपलब्धियां अर्जित की हैं। इसी दिन शाम 5:30 बजे से रविंद्र भवन के 'हंस ध्वनि सभागार' में 'प्रमुखजन गोष्ठी' का आयोजन है। इस गोष्ठी में करीब 250 प्रमुखजनों और 250 युवाओं को आमंत्रित किया गया है।

### लगभग 150 मातृशक्तियों से होगा संवाद

इसी क्रम में 3 जनवरी को सुबह 9:30 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित है। इसमें विभिन्न समाज के प्रमुख लोग शामिल होंगे। इसी दिन शाम को 5:00 बजे से भोपाल की प्रमुख मातृशक्ति के साथ 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम आयोजित है। यह महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र की अचीवर्स हैं। सभी कार्यक्रमों में चयनित लोगों को आमंत्रित किया गया है।







### पति पहुंचा घर तो सोफे पर बैठकर रो रही थी बेटी, पत्नी कर चुकी थी आत्महत्या

# तीन साल की बच्ची के सामने ही एएनएम ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि महिला एक साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था*

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता नगर कॉलोनी में एएनएम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह अपनी तीन साल की बेटी के साथ घर पर अकेली थी। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उनका एक साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। करीब छह महीने पहले बेटे की मौत के बाद से तनाव में थी।

एएसआई रतिराम ने बताया कि सीमा कुशवाह मोहन कुशवाह (35) जनता नगर करोंद में रहती थीं। वह एएनएम थी और उनकी पोस्टिंग बैरसिया में थी। पति भोपाल मेमोरियल अस्पताल में अटेंडर बतौर नौकरी करते हैं। मोहन कुशवाह ने पुलिस को बताया कि बड़ी बेटी और बेटा छुट्टी होने के कारण नाना नानी के घर गए हुए हैं। घर में उनकी तीन साल की बेटी और पत्नी थी। बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे वे ड्यूटी पर थे। उन्होंने पत्नी को कॉल किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। पड़ोसी उनके घर पहुंचे तो तीन साल की बेटी सौफे पर बैठकर रो रही थी, जबकि पास ही कमरे में सीमा फंदे पर लटकी हुईं थीं। पड़ोसी से जानकारी मिलते ही वह घर पहुंचे और पत्नी को फंदे से उतारकर भोपाल मेमोरियल अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया।


फाइल फोटो

#### छह महीने पहले बीमारी के कारण हुई थी सीमा की बेटी की मौत

मोहन और सीमा के परिवार में चार बच्चे हैं। दो बेटे और दो बेटियां हैं। करीब एक साल से सीमा का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। उसका मनोचिकित्सक के पास इलाज चल रहा था। छह महीने पहले बीमारी के कारण सीमा के बेटी की मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद से उनका मानसिक संतुलन कुछ ज्यादा ही बिगड़ गया था।

#### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

इधर, स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित सांई राम कॉलोनी सेमरा में बुधवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया राज सिंह पिता सीताराम निरंजन (26) सांई राम कॉलोनी सेमरा में रहता था और औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा की एक कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार रात उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

#### शिक्षक हत्याकांड में पत्नी समेत 3 गिरफ्तार

**श्योपुर।** श्योपुर में 49 वर्षीय शिक्षक रमाकांत पाठक की हत्या के मामले का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मृतक की पत्नी भी शामिल है। कराहल थाना प्रभारी निरीक्षक यास्मीन खान के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में 24 वर्षीय मनीष साकेत (जाटव), सतनाम सिंह सरदार (37) और मृतक की पत्नी साधना शर्मा (37) शामिल हैं, जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है।

मामला 27 दिसंबर 2025 को सामने आया था, जब कराहल घाटी के कसलह मोड़ के पास ढलान पर रमाकांत पाठक का शव मिला था। प्रारंभिक तौर पर कराहल थाने में मर्ग दर्ज किया गया था। बाद में डिजिटल साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि साधना शर्मा ने अपने प्रेमी मनीष साकेत के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई थी। इस साजिश में मनीष ने अपने दोस्त सतनाम सिंह को भी शामिल किया। आरोपियों ने रमाकांत पाठक को सेसईपुरा चलने का बहाना बनाकर कार से ले गए। कसलह घाटी से पहले जंगल में उतारकर लाठी से सिर पर वार किया। बेहोश होने पर मुंह दबाकर हत्या कर दी थी।

### सांची विवि में नववर्ष पर किया पौधरोपण



**भोपाल।** राजधानी से सटे सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में नववर्ष पर पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के संकल्प के साथ पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. रामनिवास गुप्ता, डीन अकादमिक प्रो. नवीन कुमार मेहता, डीन डॉ. संतोष प्रियदर्शी, डॉ. राहुल सिद्धार्थ, उपकुलसचिव विवेक पांडे, परीक्षा नियंत्रक डॉ. हरीश कुमार चंद्रवंशी सहित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और विवि परिवार को पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। कुलसचिव प्रो. गुप्ता ने कहा कि पौधारोपण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण का संकल्प है। डीन अकादमिक प्रो. मेहता ने इसे शिक्षा और संस्कृति के साथ प्रकृति के संतुलन का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने विवि परिसर को हरित और स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

### घुमाने के बहाने युवती को रिसॉर्ट ले गया था आरोपी

# केरवा जंगल में इवेंट परफार्मर से प्रॉपर्टी डीलर ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया*

नए साल के जश्न के मौके पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात प्रॉपर्टी डीलर ने केरवा जंगल कैंप रिसोर्ट में 19 साल की युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता इवेंट में परफार्मेंस का काम करती है और दोनों पुराने परिचित हैं। पीड़िता का कहना है कि आर्थिक मदद करने के बहाने आरोपी उसे केरवा जंगल कैंप ले गया था। वहां जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया और फिर मौके से भाग निकला। पीड़िता रातीबड़ थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक कमलानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 19 साल की युवती इवेंट में डांस की प्रस्तुति देने का काम करती है। एक सहेली के माध्यम से उसकी मुलाकात जहूर खान नामक प्रॉपर्टी डीलर से हुई थी। बुधवार रात घुमने के बहाने जहूर ने युवती को नेहरू नगर इलाके में बुलाया और फिर वहां से उसे केरवा जंगल कैंप रिसोर्ट ले गया। सहेली भी उनके साथ थी। केरवा जंगल कैंप में डरा-धमकाकर आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। किसी तरह युवती रातीबड़ थाने पहुंची और प्रकरण दर्ज करा दिया। प्रकरण दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और गुरुवार तड़के उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

#### कैंप से लौट आई थी सहेली

बताया जा रहा है पीड़िता की सहेली केरवा जंगल कैंप से लौट आई थी। उसके बाद आरोपी जहूर ने युवती के साथ डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। परिवार के एक सदस्य की तबियत ठीक नहीं होने की वजह से उसे कुछ पैसों की जरूरत थी। उसने जहूर से आर्थिक मदद मांगी थी। पैसों की मदद करने के बहाने आरोपी उसे केरवा जंगल कैंप ले गया था। परिचित और दोस्त होने की वजह से वह उसके साथ चली गई थी।

### नरेला विस क्षेत्र की बताई समस्या

# एक ही चेंबर से हो रही सीवेज और वाटर सप्लाईः शुक्ला


मंत्री विजयवर्गीय के बयान का विरोध करते कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने नरेला क्षेत्र की गंभीर स्थिति सामने रखी है। उन्होंने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के जोन-17 में लगभग डेढ़ लाख की आबादी दूषित पानी पीने को मजबूर है। नगर निगम ने एक ही चैंबर से सीवेज और वाटर सप्लाई लाइन डाल दी, जिससे लोगों में पेट की गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। शुक्ला ने स्थानीय पार्षदों और नागरिकों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद निगम ने कोई कदम नहीं उठाया। चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो निगम आयुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

#### हैदराबाद-बेंगलुरु और अहमदाबाद उड़ान कैंसिल होने से यात्री हुए परेशान

**संतनगर।** मौसम ख़राबी से उड़ानों में आप्रेशन रीज़न के चलते राजा भोज एयरपोर्ट पर गुरुवार को हैदराबाद-बेंगलुरु और अहमदाबाद उड़ान नहीं आ सकी। इंडिगो एयरवेज़ की बेंगलुरु, हैदराबाद और अहमदाबाद उड़ान भोपाल नहीं आ सकी। हालाँकि कि खराब मौसम ने उड़ानों को तो नहीं रोका, लेकिन मौसम ख़राबी के कारण ऑपरेशन रीज़न के चलते ये तीन उड़ानें भोपाल नहीं आ सकी। उड़ाने कैंसिल होने की यात्रियों को सूचना पहले दे दी गई थी लेकिन जो यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### जानकारी अपलोड न करने पर अफसरों के प्रमोशन पर पड़ेगा असर

# आईएएस अफसरों को बताना होगी प्रॉपर्टी, स्पौरो पोर्टल पर अचल संपत्ति ब्यौरा करना होगा अपलोड, 31 जनवरी तक दिया समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

2025 का साल खत्म होते ही प्रदेश के सभी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के लिए अपनी अचल संपत्ति का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया गया है। इन अधिकारियों को 1 जनवरी से 31 जनवरी के बीच स्पौरो पोर्टल पर अपनी संपत्ति की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। समय-सीमा में जानकारी नहीं देने पर इसका असर अधिकारियों के प्रमोशन पर पड़ेगा।

डीओपीटी (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग) मंत्रालय के आदेश के बाद राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी अधिकारियों के लिए वार्षिक अचल संपत्ति विवरण पत्र साल 2025 ऑनलाइन पेश करना अनिवार्य कर दिया है। यह विवरण 1 जनवरी 2026 की स्थिति में तैयार किया जाएगा। जीएडी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम 1968 के नियम 16(2) के तहत प्रत्येक अधिकारी को प्रतिवर्ष अपनी अचल संपत्ति का विवरण देना अनिवार्य है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार यह प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जाएगी।

#### जानकारी नहीं दी तो अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

जीएडी के निर्देश में कहा गया है कि सभी संबंधित अधिकारी 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 के बीच अनिवार्य रूप से ऑनलाइन भरें। यदि निर्धारित समय-सीमा में कढफ पेश नहीं किया जाता है, तो भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। यही व्यवस्था प्रदेश के सभी आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों पर भी लागू होगी। अखिल भारतीय सेवा के इन अधिकारियों को 31 जनवरी तक देश-विदेश में स्वयं

#### कर्मचारियों से भी मांगा संपत्ति का ब्यौरा

एक अन्य आदेश में जीएडी ने मंत्रालय में पदस्थ सभी तृतीय श्रेणी मंत्रालयीन कर्मचारी, सहायक अनुभाग अधिकारी, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, निज सहायक, शीघ्र लेखक, स्टेनोटाइपिस्ट, तकनीकी संवर्ग तथा मंत्री स्थापना में पदस्थ सभी तृतीय श्रेणी मंत्रालयीन कर्मचारियों से भी 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इस आदेश में मंत्रालय सेवा के उप सचिव और अपर सचिव स्तर के अधिकारियों का उल्लेख नहीं किया गया है।

# फर्जी लिंक खोलने पर किसान के खाते से ढाई लाख की ठगी

*पीड़ित ने समय पर अकाउंट को होल्ड कर दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित कढ़ैया शाह में रहने वाले किसान के खाते से साइबर जालसाज ने ढाई लाख रुपए की रकम निकाल ली। दरअसल, किसान ने वाट्सएप ग्रुप पर एपी की एक लिंक देखी थी। लिंक बैंक से आए मैसेज की तरह लगी और उन्होंने लिंक ओपन कर ली। लिंक ओपन करते हुए उनके खाते से पैसे कटने लगे। उनके खाते से 2 लाख 48 हजार 943 रुपए कट गए। गनीमत रही कि सही समय पर उन्होंने अपने अकाउंट पर होल्ड लगा दिया, नहीं तो उनके खाते से और भी रकम कट सकती थी। पुलिस के अनुसार राधेश्याम शर्मा (45) गांव कढ़ैया शाह, तहसील बैरसिया में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। गत 28 दिसंबर की रात उनके पास मौजूद बैंक ऑफ इंडिया के वाट्सएप ग्रुप पर एक लिंक आई थी।

#### साइबर क्राइम ब्रांच लगातार कर रहा एडवायजरी जारी

उल्लेखनीय है कि धोखाधड़ी का यह तरीका अभी कुछ दिनों से कुछ ज्यादा ही चलन में है। सायबर फ्रॉड एपी लिंक भेजते हैं। लिंक बैंक, पोस्ट ऑफिस और वित्तीय संस्था सहित अन्य शासकीय विभाग की लिंक की तरफ लगती है, लेकिन यह लिंक ओपन करते ही खाते से रुपए कटने लगते हैं। ऐसी लिंक से बचने और उसे ओपन नहीं करने सायबर क्राइम ब्रांच लगातार एडवाइजरी जारी कर रहा है।

### 54 बस स्टॉपों का होगा नामकरण

# महापुरुषों के नाम से पहचाने जाएंगे शहर के बस स्टॉप



बस स्टॉप पर लिखा महापुरुष का नाम।

*वर्तमान में 70-75 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के महापुरुषों की याद में शहर के 54 बस स्टापों का नामकरण किया जाएगा। इसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को इन महापुरुषों के बलिदान की याद दिलाना है, जिससे लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हो सके। साथ बस स्टापों की नियमित साफ-सफाई और रंगरोगन किया जाएगा। महापौर मालती राय ने बीसीएलएल के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के मुख्य मार्गों पर बने बस स्टापों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे जाएं।

उन्होंने भविष्य में बनाए जाने वाले नए बस स्टाप या सौंदर्यीकरण किए जाने वाले स्टाप भी महापुरुषों के नाम पर ही होंगे। परिवहन कंपनी बीसीएलएल द्वारा वर्तमान में 70-75 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है, जबकि डेढ़-दो साल पहले तक 300 से अधिक सिटी बसें चलती थीं। यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए इन 54 बस स्टापों पर नाम चस्पा करने की प्रक्रिया संबंधित एजेंसी के माध्यम से शुरू कर दी गई है, जिसे पूरा किया जाएगा।




### नव वर्ष पर मां सुषमा शर्मा की स्मृति में लगाया शिविर

# सेवा भावना के साथ 142 लोगों ने श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में किया रक्तदान

*लोगों के सहयोग से कुल 142 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*जरूरतमंदों के लिए तुम सेवा से पाओगे पार विचार मंच और श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के बैनर तले लगाया गया रक्तदान शिविर*

नव वर्ष का प्रारंभ और जन सेवा की भावना को लेकर श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में पूज्य मां सुषमा शर्मा की स्मृति में गुरुवार को जरूरतमन्दों के हितार्थ, हमीदिया ब्लड बैंक के लिए डॉ. पुनीत टंडन और डॉ. उमेंद्र मोहन शर्मा के निर्देशन में तुम सेवा से पाओगे पार विचार मंच और श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लोगों के सहयोग से कुल 142 यूनिट ब्लड कलेक्ट हुआ। इसके पहले 2024 में 139 यूनिट ब्लड एक जनवरी को आया था। इस शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं में डॉ. विदुषी मिश्रा, लक्ष्य त्रिपाठी, अंकुश द्विवेदी,अंशिका सिंह बेस, शुचि अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल आदि ने सराहना की।


शिविर में रक्तदान करते हुए लोग।

#### इनका रहा योगदान

कैंप समन्वयक मन्तेश शर्मा ने बताया कि आयोजन के दौरान मंदिर के महंत प.रूपराज शर्मा, संस्थापक सदस्य कृष्णा परनामी, मंदिर अध्यक्ष विनोद परनामी, अरुण चौधरी, अजय दुबे, प्रमोद चुग, राजेंद्र शर्मा, बृजगोपाल शर्मा, सतीश राव, सत्यनारायण बांगड़, हेमंत अजमेरा ने सभी डोनर को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस जनहितकारी सेवा कार्य में डॉ पूजा-प्रशांत त्रिपाठी और उनकी पूरी डेनिसिया डेंटल टीम, अशोक सोनी, मनोहर हरवानी, डॉ योगेंद्र सक्सेना, पांडुरंग नामदेव, चेतन विश्वकर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप जैन आदि का योगदान रहा।

भोपाल
शुक्रवार, 2 जनवरी 2026
पौष मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 12, अंक : 273
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्ताफिजुर के आईपीएल में खेलने पर रोक?



**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश के बीच बिगड़ते राजनयिक हालात के बावजूद तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने की संभावना बनी हुई है। बीसीसीआई ने फिलहाल बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार करते हुए सरकार के निर्देशों का इंतजार कर रहा है। मुस्ताफिजुर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 9.20 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा। नीलामी के बाद केकेआर को सोशल मीडिया पर काफी आलोचना झेलनी पड़ रही है।

### बेटी हमारी शान...हमारा मान
### नववर्ष पर बैतूल जिला अस्पताल में गूंजी बेटियों की किलकारी

# 1 जनवरी को जन्मीं 11 'नन्ही परियों' को बांटे गए सोने और चांदी के उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रेरक खबर

नया साल यहां जिला अस्पताल में खुशियों की सौगात लेकर आया। 1 जनवरी को अस्पताल में जन्मीं 11 नन्ही बेटियों का स्वागत किसी राजकुमारी की तरह किया गया। यहां 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाया गया। मां शारदा समिति द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इन नवजात बालिकाओं को सोने और चांदी के लॉकेट पहनाकर सम्मान किया, साथ ही माताओं को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। पूरा परिसर खुशियों से सराबोर हो उठा। यह समिति पिछले 11 वर्षों से लगातार यह आयोजन कर रही है। 11 बालिकाओं को समाज के लिए शुभ संकेत मानते हुए उन्हें उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल का स्टाफ और समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। डॉक्टरों और नर्सों ने इस पहल को प्रेरणादायक बताया। समिति के सदस्यों ने कहा कि शिक्षित और सशक्त बेटी ही समाज का भविष्य है। उपहार पाकर प्रसूता माताओं और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।



बच्चियों को सोने-चांदी के लॉकेट भेंटकर समाज को दिया सकारात्मक संदेश

अस्पताल में बेटियों के साथ माएं





### बेटियों के प्रति भेदभाव खत्म करना है उद्देश्य

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह नेक कार्य वर्ष 2015 से लगातार किया जा रहा है। पिछले 11 वर्षों से 1 जनवरी को जन्मी बेटियों को सम्मानित करने का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। समिति का मानना है कि बेटियों के जन्म को बोझ नहीं, बल्कि एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। हर साल 1 जनवरी को जन्मी बेटियों को सम्मानित कर समाज में उनके प्रति सकारात्मक संदेश देना ही समिति का उद्देश्य है। इस पहल का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव खत्म करना और जागरूकता फैलाना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366

## खबर संक्षेप

### अगले माह से 15 वाली सिगरेट मिलेगी 18 रु. में



**नई दिल्ली।** अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20% तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की ओर से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। इसे लेकर 31 दिसंबर को एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके मुताबिक 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपए से लेकर 8,500 रुपए तक की ड्यूटी ली जाएगी।

### गणतंत्र दिवस से पहले नबीन संभालेंगे अध्यक्ष पद



**नई दिल्ली।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन खरमास के बाद और गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 20 जनवरी को भाजपा अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन 2029 तक इस पद पर बने रहेंगे।

### नए फास्टैग वाली कारों के लिए केवाईवी बंद



**नई दिल्ली।** एनएचएआई ने 1 फरवरी 2026 से सभी नए जारी किए गए फास्टैग वाली कारों के लिए 'नो योर व्हीकल (केवाईवी)' की प्रक्रिया को बंद करने का फैसला किया है। इससे लाखों लोगों को राहत मिलेगी। जिन्हें वाहनों के मान्य दस्तावेज होने के बावजूद केवाईवी संबंधी जरूरतों के कारण असुविधा और देरी का सामना करना पड़ रहा था।

### स्विट्जरलैंड में स्टेट इमरजेंसी घोषित, क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के ऊपर 'नो फ्लाई जोन'

# नए साल की आतिशबाजी बनी 'मौत' स्की रिसॉर्ट में धमाका, 40 लोग मारे गए

एजेंसी ▶▶ बर्न


*यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। उस वक्त रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे*

स्विट्जरलैंड के एक रिजार्ट बार में ब्लास्ट हो गया है, इसमें कम से कम 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, वहीं 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 1.30 बजे (00:30 जीएमटी) घटी है। पुलिस ने बताया कि स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के बार में हुए धमाके में कई लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।

यह धमाका स्थानीय समयानुसार 1:30 बजे (00:30 जीएमटी) 'ले कॉन्स्टेलेशन बार' में हुआ। इटली के विदेश मंत्रालय ने पुलिस के हवाले से कहा कि इस घटना में कम से कम 40 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग घायल हैं। इलाके को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और हवाई उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्विटजरलैंड ने स्टेट इमरजेंसी घोषित कर दी है, हादसे में राहत और बचाव कार्य में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 रिस्पान्डर लगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अपुष्ट वीडियो फुटेज में उस बार में आग लगी हुई दिखाई दे रही है जहां नए साल की पूर्व संध्या का जश्न मनाया जा रहा था। पुलिस ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

घटनास्थल पर 10 हेलिकॉप्टर और 40 एंबुलेंस तैनात





**पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर और स्वागत केंद्र स्थापित**

**सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था**

### धमाके की तत्काल मिली सूचना

आग लगने का कारण एक म्यूजिक प्रोग्राम के दौरान आतिशबाजी हो सकती है, हालांकि, पुलिस ने कहा कि कारण अज्ञात है। यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। पुलिस प्रवक्ता गैटन लैथियन ने बताया कि आग लगने की सूचना लगभग 1:30 बजे मिली। सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने अनुसार धमाके के समय रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### स्विट्जरलैंड का मशहूर टूरिस्ट स्पॉट

स्विस आल्प्स के बीच में बसा क्रान्स-मोंटाना एक बहुत ही मशहूर टूरिस्ट स्पॉट है, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और गोल्फ जैसी एक्टिविटीज के लिए दुनिया भर से लोगों को आकर्षित करता है। यह जगह स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। यहां हर साल नए साल के जश्न पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि धमाका जब हुआ, लोग नए साल का जश्न मना रहे थे।

### यह सबसे महंगा इलाका

15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहॉर्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

### अस्पताल की व्यवस्था चरमराई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हताहतों की भारी संख्या के कारण स्थानीय चिकित्सा सुविधाएं तुरंत चरमरा गईं है। क्षेत्रीय पार्षद मैथियास रेनार्ड ने बताया कि स्थानीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई और ऑपरेशन थिएटर कुछ ही घंटों में पूरी ▶▶ शेष पेज 4 पर



कोलार के कलियासोत नदी का दृश्य, आसमान में छाए बादल

### इस महीने होगी सामान्य से अधिक बारिश

# नए साल के पहले दिन बौछारें आज भी कुछ जिलों में बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को नव वर्ष 2026 के पहले ही दिन उत्तरी मध्य प्रदेश के सीधी, सिंगरौली आदि जिलों के कुछ इलाकों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई। वहीं, भोपाल में रात का पारा करीब डेढ़ डिग्री बढ़कर 11 डिग्री के करीब पहुंच गया। इससे प्रदेशभर में गुरुवार को शीतलहर से राहत रही है। शुक्रवार को भी मौसम केंद्र ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां आदि जिलों में बारिश की उम्मीद जताई ▶▶ शेष पेज 4 पर

***भोपाल में तीन दिन बाद फिर बढ़ेगी सर्दी कई जिलों में बढ़ेगा कोहरा***

### दो महीने बाद हुई बारिश

प्रदेश में नवंबर और दिसंबर 2025 के बाद 1 जनवरी 2026 को करीब दो महीने बाद बारिश हुई है। उत्तरी मप्र के हिस्सों में बादल, बारिश के साथ कई जिलों में दो दिन घने से अति घने कोहरे का असर रहेगा। शेष प्रदेश में रात के तापमान में बढ़ोतरी बनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जनवरी में सामान्य से अधिक बारिश


मौसम केंद्र के अनुसार जनवरी 2026 में पूरे देश में मासिक वर्षा सामान्य (82-118 प्रतिशत) होने की संभावना है। वर्ष 1971-2020 के डेटा के अनुसार जनवरी में पूरे देश में औसतन 17.1 मिमी बारिश होती है। प्रदेश में भी इसी के आसपास बारिश होगी। भोपाल में औसतन 11 मिमी बारिश होती है। इस महीने इससे अधिक बारिश होगी।

### ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा

# इंदौर में 2.56 करोड़ के घोटाले में चार के खिलाफ केस दर्ज

पहले से बिक चुके फ्लैट को बंधक बताकर लोन लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर




ईओडब्ल्यू इंदौर ने धोखाधड़ी के केस में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। केनरा बैंक शाखा नवलखा में 2 करोड़ 56 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। मेसर्स लक्ष्य इक्विपमेंट एंड इंजीनियरिंग के प्रोप्राइटर, शाखा प्रबंधक और पैनल एडवोकेट पर एफआईआर दर्ज की गई है। तांबी दंपती ने पहले से बिक चुके फ्लैट को बंधक बताकर लोन लिया। लोन भी उस व्यावसायिक यूनिट के लिए लिया गया जो अस्तित्व में नहीं थी। इसमें तत्कालीन बैंक प्रबंधक और पैनल वकील की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नए साल की पार्टी के दौरान विवाद

# जन्मदिन मनाने आए दोस्त ने बर्थडे बॉय की चाकू से हत्या की

आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

यहां एक युवक ने अपने ही मित्र की हत्या कर दोस्ती के रिश्ते को कलंकित किया है। मल्हारगंज क्षेत्र में नए साल की पार्टी और अपने मित्र का जन्मदिन मनाने आए नीरज यादव ने जरा सी मजाक को दिल पर ले लिया और बर्थडे बॉय पुष्पेंद्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी नीरज आपराधिक किस्म का युवक है और वह अपने जेब में चाकू भी रखकर चलता है। मजाक ही मजाक में पुष्पेंद्र ने नीरज को अपशब्द कह दिए। इससे नाराज भड़क गया और गुस्से में चाकू निकला और पुष्पेंद्र के सीने में दो तीन बार कर दिए। दोस्त उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



पुष्पेंद्र (मृतक)

## महाकाल में भीड़ नियंत्रण के लिए एआई सिस्टम

ड्रोन को इंदौर और देवास रोड पर भी घुमाया जा रहा



जिस नई कंपनी को काम दिया गया है। वह सिर्फ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखेगी। कैमरों के मेटेंनेंस की भी जवाबदेही रहेगी। समय समय पर रिपेयरिंग भी करेगी। महाकाल परिसर और आसपास के कैमरों का भी मेटेंनेंस का काम दिया गया है। - प्रदीप शर्मा, एसपी, उज्जैन

**दृष्टि एआई इनसाइट एविएशन भोपाल की टीम तैनात की गई**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में देशभर से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्राउड मैनेजमेंट और हेड काउंटिंग के लिए पुलिस एआई और पांच ड्रोन की मदद से निगरानी रख रही है। मंदिर से 20 किलोमीटर तक के क्षेत्र में पहुंचने वाली भीड़ की ड्रोन से लाइव फीड महाकाल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छतरपुर में आयुष अधिकारी 5 हजार घूस लेते गिरफ्तार

# चपरासी की छुट्टी मंजूर करने की एवज में मांगी थी रिश्वत

कार्रवाई के वक्त न्यू ईयर पार्टी चल रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर में सागर लोकायुक्त ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा और सहायक ग्रेड 2 बाबू अनिल साहू को 5,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई नए साल के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय में उस समय की गई, जब ऑफिस में न्यू ईयर पार्टी चल रही थी। कार्रवाई छतरपुर जिला आयुष कार्यालय में हुई, जहां पार्टी के बीच लोकायुक्त टीम ने छापा मारा।



डॉ. निर्मला कुशवाहा

आरोप हैं कि डॉ. निर्मला कुशवाहा ने अपने विभाग के चपरासी अविनाश चंद्र मिश्रा से 20 दिन की छुट्टी स्वीकृत करने के एवज में यह राशि मांगी थी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा ने बताया कि यह चपरासी पिछले डेढ़ महीने से ऑफिस में लगातार परेशान कर रहा था। वह जबरन पर्स में 5,000 रुपए डालकर भागा।



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

# तंजानिया के लोग...काले शरीर, सुनहरे दिल

मानव जाति के इतिहास में एक कलंकित अध्याय दास प्रथा का भी है। विशेषकर अफ्रीकी देशों के नागरिकों के साथ जो कुछ अरब और यूरोपियन व्यापारियों ने अतीत में किया है, उसकी कहानियां पढ़कर तो रोंगटे ही खड़े हो जाते हैं। इस महाद्वीप के तमाम देशों से पंद्रहवी शताब्दी से उन्नीसवीं शताब्दी के बीच तकरीबन तीन करोड़ महिलाओं और पुरुषों को उनकी इच्छा के विपरीत गुलाम बनाकर अन्यत्र स्थानों पर ले जाया गया था। बचपन में जब कभी इतिहास की किताबों में दास व्यपार और गुलाम प्रथा के अध्याय पड़ता था तो यह अचरज होता था कि अफ्रीका के लोग शारीरिक रूप से इतने मजबूत या हट्टे-कट्टे होकर भी गुलामी का जीवन जीने कैसे तैयार हो जाते थे। इस जिज्ञासा का समाधान इस तंजानिया प्रवास के दौरान हो गया है।

यात्रा वृतांत

अ सल अफ्रीका के इन काजल से भी अधिक काले और इस्पात की तरह मजबूत मांसपेशियों के शरीर के अंदर मासूम मन और सुनहरा दिल निवास करता है। अ ब्लैक मैन विद गोल्डन आर्ट की कहावत शायद इन लोगों को देखकर ही गढ़ी गई थी। अभी तक जितना समय तंजानिया में बिताया है, उसमें यहां के लोगों की सरलता, विनम्रता, गंभीरता देखकर अचंभित हूं। व्यक्ति के संबंध में राय उसकी त्वचा का रंग देखकर नहीं, व्यवहार देखकर बनाना चाहिए। बुजुर्गों की यह समझाइश अब जाकर ▶▶ शेष पेज 4 पर




### तंजानिया से रायपुर का रिश्ता

तंजानिया के साथ रायपुर का भी भावनात्मक रिश्ता है। नया रायपुर में छोटे बच्चों की हृदय संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए स्थापित सत्य साईं हृदय संस्थान इस रिश्ते की वजह है। अभी तक तंजानिया से सात बच्चे उपचार के लिए यहां आ चुके हैं और प्रसन्नता की बात यह है कि उनमें से छह बच्चे निशुल्क इलाज सुविधा का लाभ उठा कर पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं।

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग प्रमुखों से कहा- मंत्रियों, केंद्रीय अधिकारी संगठनों के पदाधिकारियों के पत्रों और सवालों का समय से दिया जाए जवाब

## अन्य राज्यों की अच्छी योजनाओं का अध्ययन कर मप्र में लागू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है कि मंत्रियों, केंद्रीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठनों के पदाधिकारियों के पत्रों और सवालों का समय से जवाब दिया जाए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि अन्य राज्यों में चल रही अच्छी योजनाओं और कार्यक्रमों का अध्ययन करें और उन्हें मध्यप्रदेश में भी लागू करने का प्रयास करें।

भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद रखें और आवश्यक होने पर उनके संज्ञान में लाने वाले विषय भी सूचित करें। नए साल की कार्ययोजना पर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष अफसरों के साथ बैठक की।

### भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद रखने के निर्देश


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य सचिव जैन।

### आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार करें

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के आगामी तीन माह के निर्धारित लक्ष्यों को समय अवधि में पूरा करें। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार करें। मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश अग्रणी श्रेष्ठ पांच राज्यों की श्रेणी में शामिल हुआ है। उन्होंने पिछली सप्ताह हुई कॉन्फ्रेंस की प्रमुख बातों की जानकारी देते हुए मानव संसाधन का विकसित भारत से सरोकार के नेशनल एजेंडा पर मध्यप्रदेश राज्य को भी कार्य करने के निर्देश दिए।

### बड़े प्रोजेक्ट की नियमित समीक्षा हो

मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए चल रहे बड़े प्रोजेक्ट और आगामी परियोजनाओं के लिए समय अवधि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट समय अवधि में पूरे होने के लिए प्रोजेक्ट टाइम मैनेजमेंट प्लान पर अमल किया जाए।

### इंदौर घटना की पुनरावृत्ति न हो

*मुख्य सचिव जैन ने इंदौर में हुई घटना पर दुख व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग राहत और बचाव कार्य अभिलंब शुरू करें। वे एमपी ई-सेवा एप को और जनहितकारी बनाने के लिए समन्वय करें। बैठक में बताया गया कि जनवरी तक नागरिकों से जुड़ी 1200 और मार्च अंत तक 1800 सेवाएं इस एप के माध्यम से आमजनों को दिए जाने का प्लान है।*

### डीजीपी ने नक्सल मुक्ति पर अफसरों को दिया धन्यवाद

बैठक में बताया गया कि 10 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में अतिरिक्त सिंचाई किए जाने की योजनाओं पर कार्य किया जाना है। राज्य स्तरीय विभागीय भवनों के अलावा जिले के शासकीय भवनों पर सोलर पैनल लगाने के कार्य को अभियान के रूप में लिया गया है। बैठक में डीजीपी मकवाणा ने मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### पूर्व के नियम-कानूनों का रिव्यू किया जाए और उन्हें आम आदमी की सुगमता के दृष्टिगत रि-डिजाइन किया जाए

*सीएस जैन ने कहा कि अगले तीन साल यानि 2028 तक के लिए अब रोलिंग बजट होगा और सभी विभागों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अगले तीन वर्षों के लिए राज्य सरकार के गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी सशक्तिकरण के विजन को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार करेंगे। उस पर अमल करेंगे। अधिकारी जो प्लान और वर्क करें, उसमें आम आदमी के जीवन तथा रोजगार, व्यवसाय को आसान, सुगम और सरल बनाने के लिए नियम कानून में आवश्यक सुधार और बदलाव किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आम आदमी का जीवन और रोजगार व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए 1947 और 1950 के पूर्व के नियम कानूनों का रिव्यू किया जाए और उन्हें आम आदमी की सुगमता के दृष्टिगत रि-डिजाइन किया जाए।*

---

सीएम डॉ. मोहन ने राष्ट्र कथा शिविर में विभिन्न प्रांतों से आए युवाओं को किया संबोधित

# किताबी नॉलेज से ज्यादा जरूरी व्यवहारिक और वास्तविक ज्ञानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राजकोट के उपलेटा में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में की सहभागिता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किताबी ज्ञान से व्यवहारिक और वास्तविक ज्ञान बेहतर है। डॉ. यादव गुरुवार को गुजरात के राजकोट के प्रांसला के समीप उपलेटा में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट के 26वें 'राष्ट्रकथा शिविर' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिविर में सहभागिता कर ट्रस्ट के गुजरात के प्रमुख व महान विचारक स्वामी धर्मबंधु महाराज का आशीर्वाद लिया।

डॉ. यादव को राष्ट्रकथा शिविर में पुस्तक भी भेंट की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिविर में तटरक्षक बल की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में स्वामी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत-अभिनंदन किया गया।

### डॉ. यादव को राष्ट्रकथा शिविर में पुस्तक भेंट की


कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

## डॉ. यादव 18 से 23 जनवरी तक स्विट्जरलैंड के दावोस में करेंगे वैश्विक निवेश संवाद

■ विश्व आर्थिक फोरम की बैठक में होंगे शामिल, मप्र में निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की जा रही है। इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों की जानकारी देंगे। विश्व आर्थिक मंच 2026 का विषय 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' और 'अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ' रखा गया है, जिसके अंतर्गत वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। डॉ. यादव की दावोस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना, वैश्विक उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना और राज्य के प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश के नए अवसरों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ निवेश के आशय प्रस्तावों पर चर्चा, वैश्विक नीति निर्माताओं के साथ संस्थागत संबंधों को मजबूत करने तथा राज्य की ब्रांड छवि को फ्यूचर रेडी स्टेट के रूप में सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस रहेगा।

### 500 कंपनियों के उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में लेंगे हिस्सा

*मुख्यमंत्री डॉ यादव दावोस प्रवास के दौरान फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और वैश्विक उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में भाग लेंगे। साथ ही ऑटोमोटिव एवं न्यू मोबिलिटी, एनर्जी तथा आईटी, हेल्थकेयर और फूड प्रोसेसिंग पर केंद्रित सेक्टोरल राउंडटेबल मीटिंग में राज्य के मौजूदा निवेशक अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. यादव की सहभागिता विश्व आर्थिक मंच के विभिन्न सत्रों में भी रहेगी, जिनमें श्रम, ऊर्जा सुरक्षा, नवकरणीय ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा जैसे विषय शामिल रहेंगे।*

## मुख्यमंत्री ने सपरिवार खंडवा में राजराजेश्वरी मंदिर में की आराधना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है। प्रदेश सरकार इस वर्ष को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। मां नर्मदा की कृपा से प्रदेश लगातार समृद्ध हो रहा है और यहां का कृषि उत्पादन भी लगातार बढ़ रहा है। डॉ. यादव ने गुरुवार को खंडवा जिले के मोरटक्का में नर्मदा नदी के तट पर स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में नव वर्ष के अवसर पर सपरिवार दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### समाज सेवा के क्षेत्र की गतिविधियों की सराहना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोरटक्का में स्थित राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा प्रारंभ 'कुपोषण मुक्त भारत अभियान' के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और वहां गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किए।*


मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना करते सीएम डॉ. यादव।

---

खराब सीआर के कारण नहीं हो सकी थी पदोन्नति

# नौ साल बाद वायंगणकर बने आईजी, बैचमेट हो चुके एडीजी

» *पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक सहित 6 आईपीएस अफसरों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड सशर्त दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पदस्थ आईपीएस अधिकारियों को 31 दिसंबर की शाम प्रमोशन का न्यू ईयर गिफ्ट मिला है। कल जारी हुई सूची में निरंजन वायंगणकर भी डीआईजी से प्रमोट हो कर आईजी बन गए हैं। महाराष्ट्र डेप्युटेशन के बाद उनकी सीआर खराब हुई, जिसके चलते वे अपने साथी आईजी अधिकारियों से 9 साल पीछे हो गए। उनके बैचमेट एडीजी बन चुके हैं।

निरंजन बी वायंगणकर आखिर डीआईजी से पदोन्नत होकर आईजी बन गए। उन्हें आईजी के पद पर 9 साल बाद पदोन्नति मिली है। वे वर्ष 1999 बैच के आईपीएस अफसर हैं। जबकि उनके बैच की दीपिका सूरी और राकेश गुप्ता अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद तक पहुंच गए हैं। वायंगणकर पिछले कई सालों से अपनी खराब सीआर के कारण पदोन्नति नहीं पा सके थे। इधर पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक सहित 6 आईपीएस अफसरों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड सशर्त दी गई है।

वहीं एसपी गुना अंकित सोनी, नीमच एसपी अंकित जायसवाल, विदिशा एसपी रोहित काशवानी, देवास एसपी पुनीत गेहलोद, खरगौन एसपी रविंद्र वर्मा और 15वीं वाहिनी की कमांडेंट हितिका वासल को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड वेतन इस शर्त के साथ के स्वीकृत किया गया है कि वे अगले सत्र में बिना किसी छूट के मिड कैरियर ट्रैनिंग फेस तीन में अनिवार्य रूप से शामिल हों।

स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को सीआईडी के स्पेशल डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीआईडी में पदस्थ स्पेशल डीजी पवन कुमार श्रीवास्तव 31 दिसंबर को रिटायर हो गए। उनकी जगह पर पंकज श्रीवास्तव को पदस्थ किया गया है। पंकज श्रीवास्तव एंटी नक्सल अभियान के विशेष पुलिस महानिदेशक है। उनके पास एसटीएफ का भी अतिरिक्त प्रभार है।

### » महाराष्ट्र डेप्युटेशन के बाद से नहीं मिला था प्रमोशन

वायंगणकर जब महाराष्ट्र में प्रतिनियुक्ति पर गए थे। उस दौरान उनकी सीआर वहां पर खराब कर दी गई। वे मध्य प्रदेश वापस आए तो उनकी सीआर में ऐसा कुछ लिखा कर आया कि उन्हें प्रतिनियुक्ति वापस आने के बाद से पदोन्नति नहीं मिल सकी। हालात यह बने की उनके बैच के अफसर वर्ष 2017 पहले 9 साल पहले आईजी बने और अब तीन साल पहले एडीजी बन चुके हैं। नौ साल के लंबे इंतजार के बाद अब उन्हें डीआईजी से पदोन्नत कर आईजी बनाया गया है। वे राज्य सायबर सेल में डीआईजी थे, यहीं पर उन्हें आईजी बनाया गया है। खास बात यह है कि 2008 बैच के अफसर भी आईजी बने।

---

इंदौर में दूषित पानी से मौत के मामले में फोकट वाले बयान का किया विरोध

# मंत्री विजयवर्गीय के बंगले के बाहर महिला कांग्रेस ने घंटियां बजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और बीमार लोगों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में दिए गए बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। एक ओर जहां बयान को लेकर सियासी बयानबाजी तेज है। वहीं राजधानी भोपाल में महिला कांग्रेस ने मंत्री के सरकारी निवास का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता हाथों में घंटियां लेकर मंत्री के निवास पहुंचीं और घंटी बजाकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकतार्ओं ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना भी मौजूद रहे। महिला कांग्रेस नेत्रियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की फोटो पर जूते-चप्पल भी बरसाए।


विजयवर्गीय के बंगले के बाहर विरोध करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष सक्सेना व महिला नेत्रियां।

### सत्ता के नशे में भाजपा नेताः शर्मा

*पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि इंदौर की घटना के बाद इस तरह का बयान यह दशार्ता है कि सत्ता के नशे में भाजपा नेता मदमस्त हो गए हैं। उन्हें लगता है कि ऐसे बयानों के बावजूद जनता उन्हें जिताती रहेगी, लेकिन यह सोच गलत है। उन्होंने मांग की कि घटना में मृतकों के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, प्रत्येक परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा मिले और कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल इस्तीफा लिया जाए।*

### जीतू ने मांगा कैलाश का इस्तीफा बोले- खराब हुआ इंदौर का नाम

इंदौर में जहरीले पानी से हुई मौतों के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार ने अपना काम नहीं किया, जो जिम्मेदारी सरकार की थी, वह मीडिया ने निभाई। उन्होंने पत्रकार साथियों का आभार जताया। पटवारी ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इलाज मुफ्त कराने की बात कही थी, लेकिन जब इस पर एक पत्रकार ने सवाल पूछा तो जो जवाब दिया गया, वह इंदौर को शर्मसार करने वाला था। उन्होंने कहा कि जिस पत्रकार ने सवाल पूछा, उसे गालियां मिलीं। कांग्रेस उस पत्रकार का सम्मान करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि इस पूरे मामले की नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा लिया जाए।


जीतू पटवारी

---

'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' और 'किसान कल्याण वर्ष' रही थीम

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2026 के शासकीय कैलेंडर का किया विमोचन

## डायरी और नोटबुक का हुआ विमोचन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार एक जनवरी को मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया। किसान कल्याण वर्ष 2026 का यह कैलेंडर 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' की थीम पर प्रकाशित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहुरंगी और आकर्षक रूप से आकल्पित कैलेंडर और उसकी विषय वस्तु की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शासकीय डायरी का मुद्रित स्वरूप, अधिकारी-कर्मचारियों और प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी होगा।

वर्ष 2026, विक्रम संवत 2082-83 और शक संवत 1947-48 के राज्य शासन के कैलेंडर में 12 महीनों के पृष्ठों में प्रदेश के प्रमुख आयोजनों, उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों को छाया चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2026 की शासकीय डायरी, शीट कैलेंडर और नोटबुक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री निवास में हुए कैलेंडर विमोचन के अवसर पर आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार तथा नियंत्रक शासकीय मुद्रणालय चंद्रशेखर वालिंबे उपस्थित थे।


कैलेंडर का विमोचन करते सीएम डॉ. यादव।

---

# न बजट खर्च कर रहे न सरेंडर कर रहे, अफसरों पर होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्त विभाग ने सभी विभागों को बजट आवंटित कर उसके खर्च करने के लिए हर तिमाही की समयसीमा तय कर रखी है, लेकिन कई विभागों में यह देखने में आ रहा है कि वहां के आहरण संवितरण अधिकारियों ने समय पर आवंटित राशि का उपयोग नहीं किया और राशि का समर्पण भी नहीं किया।

अब ऐसे अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संभाग, जिला स्तर पर संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों को बजट आवंटित किया गया है। योजनाओं में आवंटित राशि की समीक्षा करने पर पाया गया कि आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा राशि का व्यय कम किया गया है। जनजातीय आयुक्त ने ऐसे लापरवाह अधिकारियों के लिए बाकायदा निर्देश जारी कर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने सभी संभागीय उपायुक्त, सहायक आयुक्त, जिला संयोजक और सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं।

---

पुलिस मुख्यालय से प्रतिनियुक्ति पर अफसरों को बुलाकर की जाएगी तैनाती

# बिजली चोरी रोकने संभागों में खुलेंगे विद्युत थाने समाधान योजना के पहले चरण की बढ़ेगी अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यालयों में विद्युत थाने खोलने जा रही है। यहां पुलिस मुख्यालय से प्रतिनियुक्ति पर पुलिस अफसरों को बुलाकर उनकी तैनाती की जाएगी। हर राजस्व संभाग स्तर पर एक-एक डीएसपी और उसके अधीनस्थ पुलिस अमला तैनात किया जाएगा। हर संभाग के थाने को दो-दो विद्युत सर्किल की जिम्मेदारी सौपी जाएगी। बाद में विद्युत थानों के लिए नया सैटअप तैयार किया जाएगा। नवीन पदों की मंजूरी दिलाई जाएगी। इन थानों की स्थापना और अधोसंरचना व्यय का भार बिजली कंपनियों को वहन करना होगा। मध्यप्रदेश में उर्जा विभाग हर साल घरेलु और कृषि उपभोक्ताओं को 26 हजार करोड़ की सब्सिडी दे रहा है। इसके अलावा उद्योगों को भी हर साल दो हजार करोड़ की छूट हर साल दी जा रही है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके कारण बिजली कंपनियों को बकाया बिजली बिलों 11 हजार करोड़ से अधिक की राशि नहीं मिल पाई है। पुराने बकायादारों से राशि की वसूली के लिए उर्जा विभाग ने समाधान योजना शुरू की थी। जिसका पहला चरण जिसमें सौ प्रतिशत सरचार्ज में छूट दी जाना है, वह 31 दिसंबर को समाप्त हो गया है, उसे एक माह और बढ़ाने की तैयारी है। वहीं बिजली चोरी रोकने के लिए इस साल उर्जा विभाग प्रदेशभर में संभागीय मुख्यालय स्तर पर विद्युत थाने शुरू करेगा। मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल बिजली में से 27 प्रतिशत के लगभग बिजली चोरी हो रही है।


प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री

### समाधान योजनाः 31 तक मिलेगी 100% तक सरचार्ज में छूट


मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ ले सकते हैं।

### बिजली चोरी रोकने अंडरग्राउंड वायरिंग का काम हुआ तेज

बिजली चोरों पर नकेल कसने के लिए बिजली कंपनी कई जगह भूमिगत लाइनें डालने और खंभों पर सीधे खुले तार हटाकर कव्हर्ड तार डालने की शुरूआत कर चुका है। झुग्गियों, उद्योगों और अन्य स्थानों पर बिजली चोरी नहीं रुक पा रही है, इसके लिए अब उर्जा विभाग सभी बिजली कंपनियों के क्षेत्रों को कव्हर करते हुए पहले चरण में सभी संभागीय तलाश जा रहा है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026





नए साल के पहले दिन देवदर्शन के लिए भोजपुर में बड़ी भीड़ उमड़ी। इनसेट–भगवान भोलेनाथ शिवलिंग रूप। फोटो : गुरु अमृतपाल सिंह

## गुरुद्वारों में अरदास करने उमड़े श्रद्धालु, ढाई लाख से अधिक लोग पहुंचे दर्शन करने

# नए साल के पहले दिन देव दर्शन, देवालयों में लगे मेले...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल की शुरूआत गुरुवार को देव दर्शन से करने के चलते भोपाल के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 5 बजे पट खुलने से लेकर रात तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। अन्य मंदिरों में भी आम दिनों की तुलना में तीन गुना अधिक भीड़ रही। लग रहा था कि मंदिरों में मेले लगे हों। वहीं टीटी नगर और अरेरा कॉलोनी समेत कई गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर अरदास की।

*सुंदरकांड, हवन पूजन और भजन कर नए साल का अभिनंदन*

*सभी श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की*

*टीटी नगर, अरेरा कॉलोनी समेत अनेक गुरुद्वारों में भी उमड़े श्रद्धालु*



अरेरा हिल्स स्थित बिड़ला मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### भोजपुर मंदिर, सलकनपुर तक भक्तों की भीड़

नए साल के पहले दिन लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। इससे दिनभर भोजपुर मंदिर, छोला खेड़ापति हनुमान मंदिर, सीहोर गणेश मंदिर, सलकनपुर वाली माता सहित शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मंदिरों में कथा, सुंदरकांड, हवन, पूजन और भजन के आयोजन किए गए। सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी धार्मिक आयोजन किए गए।



भोजपुर मंदिर में प्रसाद की डलिया लेकर अपने पिता के कंधे पर बैठकर जाती बच्ची।

### भोजपुर में उमड़ा जनसैलाब

भोजपुर स्थित शिवालय में नए साल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां दिन भर में तकरीबन 46 हजार से अधिक दर्शनार्थी पहुंचे। वाहनों का जाम लग गया। पहले दिन दर्शनार्थियों को देखते हुए गाड़ी पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए गए थे। इसके साथ ही मंदिर में अभिषेक, श्रृंगार हुआ।

### बोट क्लब पर बोटिंग, सैर-सपाटा में एंट्री के लिए कतार में लगे लोग



बोट क्लब पर गुरुवार को अलग ही नजारा था। शिकारों के साथ स्पीड बोट और साधारण नावों में हजारों लोगों ने बोटिंग की। वहीं वन विहार नेशनल पार्क में एंट्री करने के लिए दोनों ही गेट पर लोगों की भीड़ लगी रही। टिकट लेने पर्यटक लाइन लगाकर खड़े दिखाई दिए । गुनगुनी धूप व नए साल के चलते यहां पर सामान्य दिनों की अपेक्षा दो गुना पर्यटक पहुंचे।



सैर–सपाटा में टिकट के लिए लाइन में खड़े लोग।

### कंकाली मंदिर में मां के दर्शन करने लगी दर्शनार्थियों की भीड़

रायसेन रोड स्थित गांव गुदावल के पास कंकाली माता धाम में भी दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगी। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दर्शनार्थियों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की गई थी। भीड़ को देखते हुए परिसर में बेरिकेट्स लगाए गए।



गुफा मंदिर में दर्शन कर हजारों श्रद्धालुओं ने अपने नए साल की शुरुआत की।

### 150 सेवादार लगे रहे व्यवस्था में

लालघाटी गुफा मंदिर में नए साल में सुबह से रात्रि तक दर्शनार्थियों की भीड़ रही। मंदिर के पं. लेखराज शर्मा ने बताया कि दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर के 150 सेवादार अलग-अलग तीन चरणों में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। मंदिर के पट दिन भर खुले रहे।



बिड़ला मंदिर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भी दर्शन किए।

### दिन भर खुला रहा बिड़ला मंदिर

शहर का लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर साल के पहले दिन पूरे दिन खुला रहा। मंदिर के पट सुबह से रात्रि तक दर्शनार्थियों के लिए खुले रहे। मंदिर के प्रबंधक केके पांडे ने बताया कि नए साल पर मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों ने भगवान के दर्शन किए। लंबी-कतारें लगी रहीं।

## दादाजी धाम में नववर्ष पर गणेश पूजन और रुद्राभिषेक हुआ

नव वर्ष 2026 के पहले दिन गुरुवार को दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड पटेल नगर में गणेश पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः 6 बजे से मंदिर के पट भक्तों के दर्शन के लिए खुले और सुबह के समय श्री गणेश पूजन के बाद गणपति अथर्वशीर्ष पाठ और रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भक्तगण मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक करते हुए परम शांति और सुख की कामना कर रहे थे।

### बड़वाले महादेव का फूलों से श्रृंगार

*बड़वाले महादेव मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के संजय अग्रवाल ने बताया कि नए साल के पहले दिन प्रदोष के संयोग के चलते बड़ी संख्या में लोग भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान मंदिर में भगवान वटेश्वर का अलौकिक श्रृंगार किया गया।*

## नए साल में घर में आई 'नन्ही परी'
## नववर्ष के पहले दिन 25 घरों में गूंजी किलकारियां

साल के पहले दिन हर किसी की हसरत होती है कि यह उनके लिए खास हो, जीवन में खुशियां लाएं। नववर्ष का पहला दिन गुरूवार को शहर में 25 घरों में नन्हें बच्चों की किलकारियां गूंजीं। जिनमें सरकारी अस्पताल में 18 और निजी अस्पतालों में सात बच्चों का जन्म हुआ। बच्चे का जन्म होने पर माता-पिता में खुशी का ठिकाना नहीं था और जश्न मनाते हुए नजर आए। काटजू अस्पताल में नववर्ष पर पैदा हुई बच्ची का नाम नन्नी परी रखा। उत्साह, उमंग और जोश के साथ शहरवासियों ने नूतन वर्ष 2025 का स्वागत किया। नववर्ष के पहले दिन को खास बनाने के लिए शहरवासियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। कोई मंदिर के दर सिर झुकाने पहुंचा तो किसी ने ऐतिहासिक स्थलों का दीदार किया। तो वहीं शहर के जेपी, काटजू और हमीदिया अस्पताल के जच्चा बच्चा वार्ड में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात्रि 12 बजे के बाद नववर्ष के पहले दिन 25 बच्चों ने जन्म लिया। जिनमें से 13 लड़कियां और पांच लडके हैं।



नए साल पर कीर्ति और नीरज पांडे के घर पर बिटिया का जन्म होने पर खुशियां मनाईं।

### नई सुबह खुशियां लेकर आई लक्ष्मी, नाम रख दिया नूतन

*नव वर्ष पर घर में आए नए मेहमान के स्वागत में स्वजन ने मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की। बेटियों के जन्म पर लोगों ने साल के पहले दिन घर में लक्ष्मी का आगमन बताया। जिनमें एक पिता ने अपनी बच्ची के नूतन वर्ष के पहले दिन जन्म लेने पर उसका नाम नूतन रख दिया।*

## जनगणना: जिले की सीमाएं फ्रीज, तहसीलों का पुनर्गठन फिर अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनवरी माह में 14 साल बाद होने वाली जनगणना को लेकर 31 दिसंबर को जिले की प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज कर दी गई हैं। जिसके तहत जिले में पांच नई तहसीलों का पुनर्गठन भी ठंडे बस्ते में चला गया है, हालांकि अफसरों ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया था। लेकिन जनप्रतिनिधियों के विरोध की वजह से इसे फाइनल नहीं किया जा सका। ऐसे में नई तहसीलों के लिए अब लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने जनगणना की तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिसके तहत अब जनगणना पूरी होने तक न तो नया जिला बनाया जा सकेगा और न ही तहसीलों का पुनर्गठन होगा। इसके साथ ही क्षेत्रीय सीमाओं में कोई भी बदलाव नहीं होगा। जिसके तहत कलेक्टर को प्रमुख जनगणना अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर को जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है। संभाग कमिश्नर को संभागीय जनगणना अधिकारी घोषित किया गया है।

## पति से तलाक तो अब पिता का नाम कराना पड़ेगा दर्ज

### निजी समस्याएं बताने पर ऑपरेटर्स की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हैलो, मैं भोपाल से बोल रही हूं। बैतूल में मेरी शादी हुई थी, जहां पर वोटर कार्ड में पति का नाम दर्ज है, लेकिन मेरा तलाक हो गया है, क्या अब पिता का नाम दर्ज कराना पड़ेगा। यह बात सुनकर कलेक्टोरेट में जिले के निर्वाचन कंट्रोल रूम में बैठे ऑपरेटर ने बताया कि कोर्ट के दस्तावेजों के आधार पर पिता का नाम दर्ज कराया जा सकता है। महिला ने कहा कि इससे आगे तो दिक्कत नहीं होगी, ऑपरेटर ने कहा कि आगे शादी होने पर फार्म-8 भरकर दोबारा से नाम में बदलाव किया जा सकेगा। इधर, कई मतदाता अपनी समस्याओं को लेकर भी मतदाता हेल्पलाइन-1950 पर कॉल कर रहे हैं।



हेल्पलाइन सेंटर कॉल्स अटैंड करता कर्मचारी।

### बुजुर्ग बोले-नहीं मिला नोटिस

*बुधवारा क्षेत्र के एक बुजुर्ग ने मतदाता हेल्पलाइन में कॉल करके बताया कि उनका नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं था। जिसके बाद बीएलओ ने बताया था कि उनको नोटिस मिलेगा। जिसके बाद दस्तावेज दिखाना पड़ेंगे, लेकिन अब तक नोटिस नहीं मिला है। जिस पर ऑपरेटर ने बताया कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, बीएलओ खुद ही आपको ढूंढकर नोटिस तामील कराएगा।*

### डेढ़ महीने में डेढ़ हजार शिकायतें निपटाईं

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि मतदाता हेल्पलाइन में पिछले डेढ़ महीने के दौरान करीब डेढ़ हजार से अधिक शिकायत आई हैं। जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया है। वोटर हेल्पलाइन पर मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

### शुरू में आते थे 70 हजार तक कॉल, अब 40 हजार

राजधानी में 4 नवंबर से 'शुरू हुए एसआईआर के तहत जिले के 21 लाख 25 हजार 908 वोटर को पत्रक बांटे गए। तभी से जिले में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया था। शुरुआत में रोजाना 60 से 70 कॉल आ रहे थे, लेकिन अब इनकी तादाद 30 से 40 हो गई है। यहां पर अधिकतर मतदाता नया नाम जुड़वाने की जानकारी ले रहे हैं।

### युवक ने कहा-नौकरी लगवा दो

सर, मैं गोविंदपुरा से बोल रहा हूं। ग्रेजुएशन कर लिया है, लेकिन जॉब नहीं मिल रही है। कम्पयूटर भी आता है। ऑपरेटर ने कहा,आपको रोजगार कार्यालय से संपर्क करना होगा। युवक ने बताया, वह पिछले 6 महीने से जॉब के लिए परेशान है, कॉल सेंटर में जॉब लग जाए तो कर लूंगा।

## नशे में ड्राइविंग करते पकड़े गए सैकड़ों लोग, ट्रैफिक पुलिस ने काटे 1635 चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल की पूर्व संध्या सहित 29 से 31 दिसंबर तक ट्रैफिक पुलिस ने सख्त अभियान चलाते हुए नशे में ड्राइविंग के 1635 चालान काटे। प्रमुख सड़कों, नाइटलाइफ इलाकों और रिहायशी क्षेत्रों में चेकिंग की गई। यातायात पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि 29 से 31 तक अभियान चलाया गया। इसमें सबसे अधिक नए साल की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इन तीनों में नशे में ड्राइविंग के मामलों में कुल 1635 चालान काटे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई 31 दिसंबर की रात से लेकर 1 जनवरी की सुबह तक चली। इसमें 1032 दो पहिया चालक,चार बस व ट्रक,160 चार पहिया, 28 पिकअप वाहनों सहित अन्य वाहन शामिल है। जिनसे छह लाख दस हजार का समन शुल्क वसूला गया।



## जैकेट का शेष....

### वंदे भारत स्लीपर ...

कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

### अब तक 14 ...

के पेयजल में सीवेज का पानी मिलने से हालात बिगड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चौकी के पास जो लीकेज वाली जगह है, वहीं इसकी सबसे प्रमुख आशंका है। गुरुवार सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भागीरथपुरा पहुंचे। इस दौरान 7 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए के चेक दिए जाने थे।

परिजनों ने मंत्री की मौजूदगी में नाराजगी जताते हुए कहा- हमें आपका चेक नहीं चाहिए। विजयवर्गीय स्कूटर पर सवार होकर भागीरथपुरा पहुंचे थे। इस दौरान महिलाओं ने नाराजगी जाहिर की। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए नगर निगम की दीवारों पर विवादित पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। कांग्रेस ने नगर निगम मुख्यालय में 'यमराज और कमलछाप' वाले पोस्टर लगाकर विरोध जताया।

**मृतकों के परिवारों के लिए 1 करोड़ का मुआवजा मांगा:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को भोपाल में प्रेसवार्ता की। मामले में सरकार को दोषी ठहराया। मीडियाकर्मी से बदसलूकी करने वाले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा भी मांगा। पटवारी ने कहा कि हमने एक समिति बनाई है, जांच जारी है। हम जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। मैं मृतकों के परिवारों के लिए 1 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग करता हूं। मुख्यमंत्री को इस मामले के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

### अपर मुख्य सचिव....

के साथ बैठक की। इसमें कहा- शहर में अन्य स्थानों पर भी पेयजल सप्लाई की रैंडम सैंपलिंग कराई जाए। चेक कराया जाए कि कहीं और तो दूषित पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। दुबे इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को देंगे कि कहां चूक हुई है और इस मामले में कौन जिम्मेदार है?

### दिसंबर माह में ...

घट गए थे। इसके साथ ही कंपन्सेशन सेस सिर्फ़ तंबाकू और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स पर लगाया जाता है, जबकि पहले लग्ज़री, सिन प्रोडक्ट्स पर भी लागू था।

### बर्गर-नूडल्स के ...

बताया था कि फास्ट फूड में प्रयोग की जाने वाली पत्ता गोभी के जरिए के दिमाग में पहुंचे कीड़े ने गांठे बनाई थीं। छात्रा इलमा कुरैशी गांव चुचैला कलां गांव में रहने वाले नदीम कुरैशी की बेटी थी। नदीम कुरैशी नोएडा में कबाड़ का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी इलमा को करीब एक महीने पहले सिर दर्द की शिकायत हुई थी।
इलाज कराने से उसको आराम मिल गया था। कुछ दिन बाद इलमा को फिर से सिर दर्द की शिकायत हुई तो वह इलमा को नोएडा ले आए और उसका निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। यहां चिकित्सक ने इलमा का एमआरआई और सीटी स्कैन कराने की सलाह दी।

जांच रिपोर्ट में इलमा के दिमाग में गांठ बताई गईं। कुछ दिन इलाज के बाद इलमा को आराम मिल गया। लेकिन, बीती 18 दिसंबर को परिवार में हुई एक शादी में शामिल होने के लिए गांव भी आई थी। तबीयत खराब होने पर अगले दिन ही परिजन उसे दिल्ली ले गए। उसे यहां भी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज महंगा होने के कारण पिता ने इलमा को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां भी इलमा की हालत बिगड़ती चली गई। पिता के मुताबिक जांच के दौरान इलमा के दिमाग में गांठों की संख्या बढ़कर 20 से अधिक हो गई। सोमवार की दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पेज एक का शेष....

### 1 जनवरी को ...

सशक्त बेटी ही समाज का भविष्य है। उपहार पाकर प्रसूता माताओं और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### नए साल की ...

बताया कि पीड़ित परिवारों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

### अस्पताल की व्यवस्था....

तरह भर गए। घायलों में कई गंभीर हैं। बता दें कि क्रान्स-मोंटाना, करीब 10,000 आबादी वाली एक नगर पालिका है। यह स्विस आल्प्स के मध्य में मैटरहॉर्न से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में स्थित है।

### नए साल के ...

है। इससे शुक्रवार-शनिवार से उत्तरी मप्र के अधिकांश जिलों में कोहरे का असर बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार भोपाल में अभी रात का तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। दो से तीन दिन बाद सर्दी फिर से बढ़ेगी।

### दो महीने बाद ....

रहेगी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को सीधी, सिंगरौली के अलावा ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां आदि जिलों में बारिश होगी। दतिया, छतरपुर में अति घना कोहरे के साथ ग्वालियर, सतना आदि जिलों में मध्यम कोहरा रहेगा।

### इंदौर में 2.56...

भी मिलीभगत थी। नेहा तांबी मेसर्स लक्ष्य इक्युपमेंट एण्ड इंजिनियरिंग (प्रोपराइटर), मनीषी तांबी पिता भूपेंद्र तांबी (ग्यारान्तर), पवन कुमार झा (तात्कालीन मुख्य प्रबंधक), विकास कुमार वर्मा (पैनल एडवोकेट) के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जांच में पता चला कि नेहा और मनीष तांबी ने बैंक में लोन के लिए ऐसी संपत्ति बंधक रखी, जिसे वे पहले ही बेच चुके थे। इस तरह कैनरा बैंक शाखा नवलखा को 2 करोड़ 56 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर क्षति पहुंचा गई। इसके लिए तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार झा ने स्थल निरीक्षण की गलत रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में संपत्ति को विवादरहित एवं औद्योगिक यूनिट को संचालित होना बताया गया। बैंक के सर्च एडवोकेट विकास कुमार वर्मा ने लीगल स्क्रूटनी रिपोर्ट में तथ्यों को छुपाकर उक्त संपत्ति को वैध और बंधक योग्य बताया।

### जन्मदिन मनाने आए....

उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयोग किया चाकू भी उससे बरामद हुआ है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि हत्या में दूसरे दोस्तों की क्या भूमिका है। पार्टी के दौरान सभी ने खूब नशे किए थे।

### दृष्टि एआई-इनसाइट ....

मंदिर के कंट्रोल रूम में दिखाई दे रही है। ड्रोन को इंदौर और देवास रोड पर भी तैनात किया गया है। इन रास्तों से आने वाले वाहनों की ट्रैकिंग की जा रही है और वाहनों की गिनती भी पुलिस को लाइव फीड के माध्यम से मिल रही है। एक ड्रोन से चार किलोमीटर के दायरे तक निगरानी की जा रही है। पांचों ड्रोन से मिले वीडियो फीड और डेटा को उज्जैन एसपी एसपी प्रदीप शर्मा अपने मोबाइल पर भी देख रहे हैं। भीड़ को देखते हुए दृष्टि एआई और इनसाइट एविएशन, भोपाल की टीम को उज्जैन पुलिस ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए तैनात किया है।

### तंजानिया के लोग...

समझ आई है। हम भारतीयों का गोरी त्वचा को लेकर अलग ही आकर्षण रहता आया है श्याम अर्थात काले रंग के प्रति आकर्षण केवल कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजनों तक ही सीमित रहा है। गोरों की रिहाईश मुख्यतौर पर यूरोप और अमेरिका में है। वहां की यात्रा के दौरान आपको अधिकांश मौकों पर स्थानीय निवासियों के व्यवहार में शुष्कता और रुखापन महसूस होगा। यह रुखापन ही वह वजह है कि यूरोप की यात्रा के दौरान भी हम भारतीयों की पहली पसंद यूरोपियन एयरलाइंस की जगह एमिरेट्स, कार्यालय एतिहाद एयरलाइंस रहती है।

पूर्वी अफ्रीका के देश तंजानिया में अनुभव इससे पूरी तरह जुदा हैं। एयर तंजानिया के विमान की परिचालिका से लेकर होटल और कैंप के स्टाफ तक हर मौके पर लोग चेहरे पर स्वाभाविक मुस्कान के साथ मदद को आतुर दिखते हैं। टिप ना मिलने पर भी उनके चेहरे से मुस्कुराहट ओझल नहीं होती है। इनके स्वभाव में ईमानदारी और जिम्मेदारी का प्रत्यक्ष अनुभव तब हुआ जब म्वांजा के होटल से तकरीबन सौ किलोमीटर दूर आ जाने के बाद वाहन चालक हमीद के पास फोन आया कि अपनी गले की सोने की चेन मैं कमरे में ही छोड़ आया हूं। होटल स्टाफ, सफारी कंपनी और हमीद ने साझा प्रयास कर तीन दिन के भीतर सात सौ किलोमीटर दूर मनियारा में वह चेन मेरे हवाले कर दी। इसके एवज में उन्होंने कोई शुल्क भी नहीं लिया। यूरोप या अमेरिका में तो आप ऐसी कल्पना भी नहीं कर सकते।

विदेश यात्रा के दौरान शाकाहारी होना खासा परेशानी भरा रहता है। विकल्प बहुत सीमित होते हैं और अगर आपकी बुकिंग फुल बोर्ड के रूप में है तो जो बुफे में परोसा गया है उसी से आपको काम चलाना होता है। यहां इस मामले में भी हालात पूरी तरह जुदा रहे।

हर जगह होटल के शेफ ने आकर पसंद ना केवल जानना ही चाही बल्कि उसको पूरा करने की ईमानदार कोशिशें भी की। वेटर भी उसमें पूरी तरह से भागीदार रहते रहे। वाकई यह सेवा भाव अचंभित करने वाला था। इनकी इस मासूमियत और व्यवाहारिक कोमलता का सदियों तक गलत फायदा उठाया गया। इसे रंगभेदी मानसिकता ना समझा जाए। यह कटु सत्य है कि गोरे तन में काला मन लिए हुए कुटिल लोगों ने अपनी शातिरता और अत्याधुनिक हथियारों के बूते सदियों तक इन पशुपालकों को ही अपना पालतू बनाए रखा। नये साल के मौके पर कुछ नया और सकारात्मक साझा करने के उद्देश्य से अपने मनोभाव को आपसे साझा किया।

अब बात एक बार फिर यात्रा पर केंद्रित करते हैं। सेरेंगेट्टी नेशनल पार्क के बाद अब हमारा मुकाम गोरंगोरो नेशनल पार्क है। लाखों साल पहले ज्वालामुखी फूटने के चलते एक विशाल गहरा गड्ढा बना जो जैव विविधता के चलते अब विश्व धरोहर भी है। बिग फाइव प्राणियों में गेंडे की तलाश यहां आकर ही पूरी होती है। सेरेंगेट्टी से यहां तक का सफर आसान नहीं रहता।

डामर विहीन पत्थरों से भरी सड़क पर चार से पांच घंटे बिताने के बाद ही आप यहां पहुंच पाते हैं।तन डोले कि मन डोले का मुकम्मल अहसास इस दौरान होता रहता है। तकरीबन 206 किलोमीटर व्यास के इस क्रेटर के गहरे इलाके में उतरने और ऊपर आने के रास्ते अलग अलग हैं। जमीन की प्रकृति ऐसी है यहां पेड़ बमुश्किल ही देखने को मिलते हैं। हर ओर घास के मैदान हैं।

अच्छी लंबी चौड़ी झील भी है जहां सफेद - गुलाबी रंग के हजारों फ्लेमिंगों पक्षियों की मौजूदगी रोमांचित कर देती है। बड़ी संख्या में विशालकाय शरीर के हिप्पोपोटामस अर्थात दरियाई घोड़े भी दिखाई दे जायेंगे।

कटार जैसे बड़े और धारदार दांतो को जब वह अपना मुंह फाड़कर दिखाते हैं तो शरीर में झुरझुरी दौड़ जाती है। शेर, जंगली सूअर, हाथी , जिराफ जैसे जानवर भी पर्याप्त हैं।

एक स्थान पर हाथियों के बीच मुकाबले का वीडियो बनाने का मौका भी हमें मिला।हाथियों की मतवाली चाल को देखना भी अलग ही अनुभव होता है। आपकी जेब में पैसे जरूरत से ज्यादा हों और समय भी इफरात हो तो नजदीक में मनियारा नेशनल पार्क और तरंगिरी नेशनल पार्क भी मौजूद हैं। लेकिन कुल मिलाकर अब इतना कुछ देख लिया है कि अब कुछ और देखने की तुरंत तो चाह नहीं रही। इसलिए अब समय है वापसी का।

इस वादे के साथ कि जल्द ही फिर किसी नये स्थान की सैर आप पाठकों को जरूर करायेंगे। आप जितने भी समझदार हों लेकिन यात्रा के अनुभव के आधार पर आपको यह सलाह है कि सफारी के लिहाज से पहले से सब कुछ बुक करके घर से निकलना ही बेहतर है। अच्छी साख वाले किसी ट्रैवल एजेंट के माध्यम से वह टूर पैकेज बनवाना ही बेहतर है जिसमें विदेशी धरती पर उतरने से लेकर वापसी के लिए विमान में चढ़ने तक की हर चीज शामिल हो। ऐसा ना करने पर यात्रा आपके लिए दुखद अनुभव भी साबित हो सकती है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति मनीषा शर्मा पत्नी संतोष शर्मा निवासी ई-8 5/6 महिन्द्रा टाउनशिप फेस 2 गुलमोहर, भोपाल, रजनी शर्मा पत्नी पंकज शर्मा, निवासी म.न. कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, अजय कुमार जोशी पिता कृष्ण मुरारी जोशी निवासी पी 410 शताब्दीपुरम डीडी नगर फेस-2 गिर्द ग्वालियर से उनके स्वामित्व और आधिपत्य का भूमि प्लाट खसरा नंबर 77/1/1/1/1 (s) का अंश भाग होकर कलखेड़ा प.ह.न 50 विकासखंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है। जिसका कुल रकबा 3000 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीर्माएं इस प्रकार हैं। पूर्व में- शासकीय रास्ता, पश्चिम में- अन्य की भूमि, उत्तर में- कॉलोनी रोड, दक्षिण में- अन्य की भूमि। उक्त प्लॉट को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया गया है। बयाना राशि अदा कर दी है। शीघ्र ही प्लॉट का विक्रय पत्र अनुबंध अनुसार निष्पादित कर लिया जाएगा। उक्त भूमि प्लॉट पर किसी व्यक्ति, शासकीय या अशासकीय संस्था, बैंक फायनेंस कंपनी आदि का कोई ऋण भार, गिरवी आदि हो तो इस सूचना के 10 दिवस में मय दस्तावेज मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में कोई आपत्ती मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। कृपया सूचित होवे।

भवदीय डॉ मनीष कांत जैन एडवोकेट
पता-एलआईजी-585, पार्ट-02, फेस-05, अयोध्यानगर, भोपाल (म.प्र.)
मो.9340277383, 9425154042


## दमोह में कार पेड़ से टकराई | पति-पत्नी की मौके पर मौत, बेटा गंभीर

**दमोह।** जिले के तेंदूखेड़ा में एक कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। गुरुवार शाम जबलपुर-भोपाल रोड पर हुए हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार जबलपुर के संजीवनी नगर निवासी प्रदीप पाठक (70) अपनी पत्नी अलका पाठक (65) और बेटे प्रमोद के साथ कार से जबलपुर से रहली जा रहे थे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
### जोन क्रमाक -05, यांत्रिक विभाग

क्र. 1029/यां.वि./2025 — **निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र2** — भोपाल दिनांक-31/12/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पध्दति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आनलाईन निवदि क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2025_UAD_468654_2 | Construction of Urinal From Itwara Road Pan Mandi in Ward No.23, Zone No.05 | 3,32,891 | 3,329 | 2,000 | MPUADD BUILDING AND WATER SUPPLY SEWERAGE ISSR 2021 | 01 माह |
| 1. | 2025_UAD_472161_1 | Construction of C.C. Road at Ajju Bhai Gali and C.C. Road at Asghar Bhai to D P and Road Cross at Naki Tent House in Ward No.14, Zone No.05 | 6,36,833 | 6,368 | 2,000 | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 01 माह |

नियम व शर्तेः-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एंव धरोहर राशि एंव अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एंव अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथया अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा ।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं-05
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. 2903/025/026



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
### लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 30 वर्ष 2025-26 — **निविदा सूचना** — भोपाल, दिनांक 29/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_PWDRB_471584_1 | हबीबगंज नाका से प्रभात चौराहा रायसेन मार्ग लंबाई-2.250 एवं 0.600 कि.मी. कुल लंबाई 2.850 कि.मी में बी.टी. नवीनीकरण एवं हबीबगंज नाका से आई.एस.बी.टी. चेतक ब्रिज चौराहा के पास मार्ग लंबाई-1.50 कि.मी में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 408.13 |
| 2 | 2025_PWDRB_471586_1 | बरखेड़ा पठानी से लहारपुर, बगरौदा मार्ग लंबाई-0.40 कि.मी. में जलभराव पोर्शन का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | प्रथम | 131.29 |
| 3 | 2025_PWDRB_471588_1 | रायपुर से पोलासगंज मार्ग लंबाई 9.70 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 244.59 |
| 4 | 2025_PWDRB_471590_1 | बरखेड़ा बरामद से चार पहाड़ी एवं इमला चोकी मार्ग लंबाई-6.60 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 164.96 |
| 5 | 2025_PWDRB_471593_1 | गुनगा मनीखेड़ी दिल्लोद मार्ग लंबाई-7.10 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 177.83 |
| 6 | 2025_PWDRB_471596_1 | बैरसिया भौरासा अर्रावती, बरखेड़ा बरामद मार्ग लंबाई-7.80 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 190.35 |

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 07/01/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी - 23686/25 — स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल









हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6096

**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरूर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर-4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -6095 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकू नवताल - 6106

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### मारुति की बिक्री दिसंबर में 22 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की दिसंबर 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 22.21 प्रतिशत बढ़कर 2,17,854 इकाई हो गई। दिसंबर 2024 में यह 1,78,248 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर की आपूर्ति सहित कुल घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,92,115 इकाई रही जबकि दिसंबर 2024 में यह 1,40,829 इकाई थी।

### टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री में 14% का इजाफा




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. की बिक्री दिसंबर 2025 में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 50,519 इकाई रही। कंपनी ने 2024 के इसी महीने में कंपनी ने 44,289 वाहन बेचे थे। सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 13.1 प्रतिशत बढ़कर 50,046 इकाई रही, जबकि दिसंबर 2024 में यह 44,230 इकाई थी।

### हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री दिसंबर में 6.6 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की दिसंबर 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 6.6 प्रतिशत बढ़कर 58,702 इकाई रही। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा कि इसमें घरेलू बिक्री 42,416 इकाई और 16,286 इकाई का निर्यात शामिल हैं।

### टोयोटा की दिसंबर में बिक्री 33 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की दिसंबर 2025 में बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 39,333 इकाई हो गई। यह दिसंबर 2024 में 29,529 इकाई रही थी। बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 34,157 इकाई रही। यह दिसंबर 2024 की 24,887 इकाई की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है।

### ऑडी इंडिया ने बीते साल 4,510 वाहन बेचे




**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने देश में साल 2025 में 4,510 वाहनों की खुदरा बिक्री की ऑडी इंडिया ने कहा कि उच्च प्रदर्शन और जीवनशैली से जुड़ी कारों की बिक्री में हुई बढ़ोतरी ने जीएसटी 2.0 के समर्थन के साथ मिलकर ग्राहकों के भरोसे को बढ़ाया और पूरे लक्जरी कार बाजार को समय पर मजबूती प्रदान की।

### स्कोडा की बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई




**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया की कैलेंडर वर्ष 2025 में कुल बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई हो गई। 2024 में यह आंकड़ा 35,166 इकाई था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह भारत में उसके 25 वर्ष के सफर के दौरान अब तक का सबसे मजबूत बिक्री प्रदर्शन है। 2025 में भारत में ब्रांड का 25 वर्ष पूरे हो गए। कंपनी के पास अब तक का सबसे उन्नत एवं विविध उत्पाद खंड है, साथ ही नेटवर्क और बाजार मौजूदगी के लिहाज से भी यह अपने सबसे व्यापक स्तर पर है।

# चीन का नए साल पर ऐतिहासिक फैसला, बदल दिया वॉलेट से मनी सिस्टम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नया साल शुरू होते ही चीन ने ऐसा फैसला लिया है, जिसने दुनिया के मनी सिस्टम को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चीन अब अपने डिजिटल युआन को सिर्फ पेमेंट के साधन से आगे ले जाकर बैंक डिपॉजिट जैसा बना रहा है। यानी डिजिटल वॉलेट में रखा पैसा ब्याज भी देगा और सुरक्षित भी रहेगा।

■ वॉलेट में रखा पैसा भी सुरक्षा और ब्याज देगा

अब तक डिजिटल पैसा मतलब यूपीआई, पेटीएम, अलिपेय या वीचाट पे जैसे ऐप्स को समझा होगा। इनमें पैसा बस लेन-देन के लिए होता है। न उस पर ब्याज मिलता है, न वो बैंक में जमा पैसे जैसा माना जाता है। लेकिन चीन ने इसी सोच को बदल दिया है।

सबसे अहम बात यह है कि इस डिजिटल युआन वॉलेट को अब सीधे बैंकों की बैलेंस शीट पर रखा जाएगा। मतलब यह पैसा बैंक की जिम्मेदारी होगा। यही वजह है कि इसमें डिपॉजिट इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा।

## डिजिटल युआन को बैंक डिपाजिट जैसा बना रहा है

### डॉलर का क्या होगा?

असल में चीन एक नया सॉवरेन मनी रेल बना रहा है। यानी ऐसा डिजिटल सिस्टम, जो अमेरिकी डॉलर पर निर्भर नहीं होगा। अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए चीन ने हांगकांग को टेस्टिंग ग्राउंड बनाया है। वहां लोग डिजिटल युआन डाउनलोड करके पेमेंट कर सकेंगे. इसके अलावा चीन, हांगकांग, थाईलैंड और यूएई मिलकर एक्सपोर्ट-इंपोर्ट के भुगतान में डिजिटल युआन का इस्तेमाल शुरू कर चुके हैं।

*डॉलर पर निर्भरता कम होगी : अगर भविष्य में ज्यादा देश इस सिस्टम से जुड़ते हैं, तो डॉलर पर निर्भरता कुछ हद तक कम हो सकती है। हालांकि डॉलर की ताकत रातों-रात खत्म नहीं होगी, लेकिन चीन ने साफ संकेत दे दिया है कि वह अपने पैसे का सिस्टम खुद कंट्रोल करना चाहता है। बड़ी तस्वीर में देखें तो यह फैसला सिर्फ टेक्नोलॉजी का नहीं, बल्कि ताकत का है। पैसा किसका चलेगा, किस सिस्टम से चलेगा और किस नियम पर चलेगा-चीन अब इसका जवाब खुद लिखने की कोशिश कर रहा है। और यही वजह है कि दुनिया भर की नजर इस फैसले पर टिकी हुई है।*




*असर पेमेंट सिस्टम पर पड़ेगा : अभी तक चीन में डिजिटल भुगतान का कंट्रोल काफी हद तक प्राइवेट कंपनियों जैसे अलिपेय और वीचॉट के पास रहा है। लेकिन अब डिजिटल पैसे का असली हाईवे सीधे चीन का केंद्रीय बैंक और सरकारी-निजी बैंक मिलकर बनाएंगे।*

*आम आदमी के लिए इसका मतलब : मान लीजिए आपके मोबाइल वॉलेट में 10,000 युआन पड़े हैं। पहले यह पैसा सिर्फ ट्रांजैक्शन के काम आता था। अब वही पैसा बैंक अकाउंट की तरह सुरक्षित भी रहेगा और धीरे-धीरे बढ़ेगा भी। यानी नकदी और बैंक डिपॉजिट के बीच का फर्क लगभग खत्म हो जाएगा। यहां यह समझना बहुत जरूरी है कि डिजिटल युआन कोई क्रिप्टोकरेंसी नहीं है। यह बिटकॉइन जैसा जोखिम भरा या अनियमित सिस्टम नहीं है।*

### ई-सीएनवाई एक नए रूप में सामने आएगा

अब अगर किसी व्यक्ति के डिजिटल युआन वॉलेट में पैसा रखा है, तो उस पर ब्याज मिलेगा। यानी यह पैसा सिर्फ खर्च करने के लिए नहीं रहेगा, बल्कि बैंक में जमा पैसे की तरह काम करेगा। इतना ही नहीं, इस पैसे पर डिपॉजिट इंश्योरेंस जैसा सुरक्षा कवच भी होगा, जैसा सामान्य बैंक खातों में होता है।

## केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था पर एक रिपोर्ट की पेश

# अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही आगे बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सशक्तः आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू मांग में तेजी, नियंत्रित महंगाई और बैंकों की मजबूत वित्तीय स्थिति के समर्थन से मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया। आरबीआई की दिसंबर 2025 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के मुताबिक, देश की वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है।

बैंकों के मजबूत बहीखाते, अनुकूल वित्तीय परिस्थितियों और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव ने इसे समर्थन दिया है। आरबीआई ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निकट भविष्य में कुछ जोखिम बने हुए हैं। यह रिपोर्ट ''वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' की उप-समिति के सामूहिक आकलन को दर्शाती है।

### बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की स्थिति मजबूत बनी हुई है। बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार है, ऋण गुणवत्ता में सुधार हुआ है और मुनाफा भी मजबूत है। आरबीआई ने व्यापक दबाव परीक्षण निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि बैंक मुश्किल हालात में भी संभावित नुकसान झेलने में सक्षम हैं और उनका पूंजी बफर नियामकीय न्यूनतम स्तर से कहीं ऊपर बना रहता है।

■ देश की वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है

■ बैंकों के मजबूत बहीखाते से वित्तीय प्रणाली में स्थिरता

■ वैश्विक अनिश्चितता के कारण भविष्य में कुछ जोखिम बने हुए




### जीडीपी में वृद्धि उम्मीद से बेहतर

अर्थव्यवस्था के संदर्भ में रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली और दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। पहली तिमाही में वृद्धि 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही। इसे निजी खपत और सरकारी पूंजीगत खर्च से समर्थन मिला।

### बैंकों का एनपीए अनुपात बढ़ सकता है

*हालांकि, प्रतिकूल परिस्थितियों में यह अनुपात बढ़कर 3.2 प्रतिशत से लेकर 4.2 प्रतिशत तक जा सकता है। पूंजीगत मोर्चे पर आरबीआई ने कहा कि सितंबर 2025 तक जोखिम-भारित परिसंपत्तियों के मुकाबले पूंजी अनुपात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 16 प्रतिशत और निजी बैंकों में 18.1 प्रतिशत रहा जो मजबूत स्थिति है।*

### म्यूचुअल फंड कंपनियों की स्थिति मजबूत

*इन परीक्षणों में म्यूचुअल फंड कंपनियों और समाशोधन निगमों की स्थिति भी मजबूत पाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात सामान्य स्थिति में मार्च 2027 तक घटकर 1.9 प्रतिशत रह सकता है। सितंबर 2025 में यह अनुपात 2.1 प्रतिशत था, जो कई दशकों के निचले स्तर के करीब है।*

### ऊंचे आयात शुल्क से व्यापार पर असर

रिपोर्ट कहती है, /"वृद्धि की संभावनाएं आगे भी सकारात्मक बनी हुई हैं। कम महंगाई, अनुकूल वित्तीय हालात, सामान्य से बेहतर मानसून, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में कटौती और डिजिटल सार्वजनिक ढांचे का विस्तार इसमें मददगार रहेगा।/" आरबीआई ने मुद्रा बाजार पर अपनी टिप्पणी में कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ जो ऊंचे आयात शुल्क से व्यापार पर आए दबाव और पूंजी प्रवाह में सुस्ती का नतीजा है।

### रुपए पर दबाव बना हुआ

रिपोर्ट कहती है कि भारत पर प्रभावी अमेरिकी शुल्क दर अन्य व्यापारिक साझेदारों की तुलना में अधिक होने के कारण, वैश्विक स्तर पर डॉलर कमजोर होने के बावजूद रुपये पर दबाव बना रहा।

# देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 100 करोड़ के पार




■ 95.49 करोड़ उपभोक्ता 'वायरलेस नेटवर्क' से जुड़े थे

■ 4.48 करोड़ उपभोक्ता 'फिक्स्ड लाइन कनेक्शन' का उपयोग कर रहे थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या नवंबर 2025 में 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने यह जानकारी दी। अक्टू बर 2025 में भारत में कुल 99.98 करोड़ ब्रॉडबैंड उपभोक्ता थे।

इनमें से 95.49 करोड़ उपभोक्ता 'वायरलेस नेटवर्क'' से जुड़े थे, जबकि 4.48 करोड़ उपभोक्ता 'फिक्स्ड लाइन कनेक्शन'' का उपयोग कर रहे थे।वायरलेस ब्रॉडबैंड कनेक्शन वह होता है, जिसमें इंटरनेट सेवा मोबाइल नेटवर्क या रेडियो तरंगों के माध्यम से दी जाती है। इसमें मोबाइल फोन, डोंगल, हॉटस्पॉट और सिम आधारित इंटरनेट सेवाएं शामिल होती हैं। इसके लिए किसी तार या केबल की आवश्यकता नहीं होती। फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड कनेक्शन वह होता है, जिसमें इंटरनेट सेवा केबल या फाइबर तार के माध्यम से घर या कार्यालय तक पहुंचाई जाती है।

ट्राई ने बयान में कहा कि नवंबर 2025 के दौरान भारत में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या एक अरब यानी 100 करोड़ से अधिक हो गई। अक्टूबर में जियो ब्रॉडबैंड बाजार में सबसे आगे रहा। उसके पास 49.49 करोड़ वायरलेस और 1.34 करोड़ फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड उपभोक्ता थे।

### दूसरे स्थान पर एयरटेल रहा

इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा, जिसके पास 30.26 करोड़ वायरलेस और 99.1 लाख फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड उपभोक्ता थे। ट्राई के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या छह गुना से अधिक बढ़ी है। नवंबर 2015 के अंत में देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 13.15 करोड़ थी, जो नवंबर 2025 के अंत तक बढ़कर 100.37 करोड़ हो गई।

# सोना नए साल के पहले दिन मजबूत और चांदी फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नये साल के पहले दिन बृहस्पतिवार को सोने में मजबूती रही और यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 640 रुपये बढ़कर 1,38,340 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,37,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रही थी।

हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 1,600 रुपए टूटकर 2,37,400 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,39,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बीते वर्ष के दौरान सोने और चांदी दोनों में तेजी शानदार रही। सोने ने 73.45 प्रतिशत का लाभ दिया। इस बीच, चांदी ने लगभग 164 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोने से बेहतर प्रदर्शन किया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना बुधवार को 28 डॉलर यानी 0.65 प्रतिशत घटकर 4,310.89 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''वर्ष 2025 के आखिरी कारोबारी दिन, अमेरिकी प्रतिफल में सुधार के कारण हाजिर सोना 4,310 डॉलर प्रति औंस पर गिरावट के साथ बंद हुआ। सिंह ने आगे कहा कि अल्पावधि में अंतरराष्ट्रीय सोना की कीमतें एक सीमित दायरे में रहने की संभावना है।



■ सोना 640 रुपए बढ़कर 1,8,340 रुपए प्रति दस ग्राम

■ चांदी 1,600 रुपए टूटकर 2,37,400 रुपए प्रति किलो

### फेड से ब्याज दर कटौती की उम्मीद

इसमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व से ब्याज दर को लेकर उम्मीदें, डॉलर की मजबूती या उसकी कमजोरी शामिल हैं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी के निर्यात पर चीन के नए नियंत्रण से भी वैश्विक आपूर्ति पर असर पड़ने और निकट अवधि में सर्राफा कीमतों को दिशा तय होने की उम्मीद है।

# गेल गैस ने सीएनजी, घरेलू पीएनजी की कीमतें घटाईं

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

सार्वजनिक क्षेत्र की गेल गैस लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) और सीएनजी की कीमतों में क्रमशः एक रुपए प्रति मानक घन मीटर और एक रुपए प्रति किलो की कटौती करने की घोषणा की।

गैस कीमतों में कटौती का यह कदम पाइपलाइन शुल्क में हाल ही में किए गए समायोजन के बाद उठाया गया है। इसके एक दिन पहले ही देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरक कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने दिल्ली और एनसीआर में घरेलू पीएनजी की कीमतों में 0.70 रुपए प्रति घन मीटर की कटौती की थी। इससे पहले, थिंक गैस ने भी सीएनजी में 2.50 रुपए प्रति किलो और पीएनजी में पांच रुपये प्रति घन मीटर तक की कटौती की घोषणा की थी। गेल इंडिया लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी गेल गैस लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि गैस की नई कीमतें बृहस्पतिवार से उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा में लागू हो गई हैं। लगातार प्रगतिशील नीतिगत उपाय लागू कर रहे हैं, जो सीएनजी और घरेलू पीएनजी बाजार के विकास के लिए अनुकूल और वित्तीय रूप से स्थायी माहौल तैयार कर रहे हैं।



■ पीएनजी में एक रुपए प्रति मानक घन मीटर की कटौती की

### गैस का परिवहन सस्ता व सरल होगा

पीएनजीआरबी ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए युक्तिसंगत शुल्क संरचना की घोषणा की थी। एक जनवरी से यह संशोधित शुल्क ढांचा प्रभावी होने से गैस का परिवहन सस्ता और सरल हो जाएगा।

### नए साल के पहले दिन शेयर बाजार रहा स्थिर

**मुंबई।** दिग्गज कंपनी आईटीसी के शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी के बीच वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की हल्की भागीदारी के बीच चुनिंदा खरीदारी से शेयर बाजार को थोड़ा समर्थन मिला लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 32 अंक गिरकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 16.95 अंक बढ़त के साथ 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, /"यह 17 सितंबर, 2025 के बाद का सबसे छोटा दैनिक कारोबार दायरा रहा।

# किआ की बिक्री दिसंबर में हुई दोगुनी से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की दिसंबर में बिक्री दो गुना से अधिक होकर 18,659 इकाई रही। दिसंबर 2024 में यह 8,957 इकाई रही थी। किआ इंडिया ने बयान में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए कुल थोक बिक्री 2,80,286 इकाई रही। यह कैलेंडर वर्ष 2024 की 2,45,000 इकाई से 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा, '' 2025 किआ इंडिया के लिए निरंतर और टिकाऊ वृद्धि का वर्ष रहा।'' उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के उपभोक्ता-अनुकूल ढांचे सहित अनुकूल व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और सरकारी नीतियों के समर्थन से इन पहलों ने सकारात्मक उपभोक्ता भावना को मजबूत किया है।





**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- /NPP/2025/5981 Dhamtari Dated:29/12/2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 182101 | Construction of Choupati at Kanta Talab in Dhamtari | 195.76 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in Date 31.12.2025, Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 21.01.2026 at 5.30 PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

Commissioner
Nagar Palik Nigam, Dhamtari
District - Dhamtari (C.G.)


## चीन ने एक जनवरी से चांदी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

# चीन की चालबाजी मचाएगी हड़कंप, चांदी को कंट्रोल करेगा ड्रैगन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमत 2.5 लाख रुपए के पास क्या पहुंची दुनियाभर में हड़कंप मच गया। जिस चांदी को लोग पहले आम मेटल समझते थे, अब वो गदर मचा रहा है। वो चांदी अब ग्लोबल पॉलिटिक्स और इकॉनमी के बीच आ खड़ी हुई है।

■ बिना सरकार की मंजूरी के चीन से चांदी नहीं बेची जाएगी

चांदी की आसमान छूती कीमतों ने इंतजार कर रहे लोगों को चीन के नए नियम से बड़ा झटका लगेगा। चीन ने 1 जनवरी 2026 से चांदी पर नया नियम लागू कर दिया है। चांदी पर चीन के नए नियम ने कीमतों में गिरावट की उम्मीद खत्म कर दी है। चीन के इस खतरनाक फैसले से आने वाले दिनों में चांदी की कीमत और बढ़ सकती है।

### भारत पर इस फैसले का असर

*चीन के इस फैसले से भारत खुद को अलग नहीं कर पाएगा। इसका असर भारत पर भी होगा। यहां भी चांदी की कीमत बढ़ सकती है। भारत अपनी जरूरत की चांदी के लिए आयात पर निर्भर है। सितंबर-अक्टूबर में भारत ने 2600 टन से अधिक चांदी आयात की। पहले से ही भारत में चांदी के रेट ढाई लाख रुपए के भाव पर पहुंच चुके हैं। चीन के नए नियम के बाद चांदी का कीमत और चढ़ने की उम्मीद है।*



*महंगी चांदी के लिए रहिए तैयार : चीन के फैसले से चांदी की सप्लाई बाधित हो सकती है। ऐसे में डिमांड और सप्लाई का संतुलन बिगड़ने से चांदी की कीमत बढ़ सकते हैं। यानी आने वाले दिनों में चांदी की कीमत चीन कंट्रोल करेगा। कीमत में गिरावट की उम्मीद फिलहाल नहीं दिखती है। चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चांदी का सप्लायर है। ग्लोबल मार्केट में 60 से 70 फीसदी चांदी की सप्लाई चीन करता है। ऐसे में चीन के एक फैसले से कई देशों की व्यवस्था गड़बड़ा सकती है।*

### चांदी का कहां-कहां इस्तेमाल

चांदी का इस्तेमाल सिर्फ जूलरी में नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल भी है। उद्योगों में चांदी का भारी मात्रा में इस्तेमाल होता है। सोलर इंडस्ट्री, इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स इंडस्ट्री में चांदी की भारी डिमांड है। चीन चांदी की सप्लाई को कंट्रोल कर इन सेक्टर के ग्रोथ को प्रभावित कर सकता है। चीन ने अगर चांदी की सप्लाई कम कर दी ईवी व्हीकल्स के रेट बढ़ सकते हैं। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने यही चिंता सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जाहिर की।


**कार्यालय संचालक**
**उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान**
कलियासोत डैम के पास, कोलार रोड
पोस्ट.बॉ. 588 रविशंकर नगर पोस्ट ऑफिस
भोपाल 462016 दूरभाष : (0755) 2492433, 2492460
ई-मेल : iehebhopal@mp.gov.in वेबसाइट :www.iehe.ac.in

**निविदा संबंधी सूचना**

संस्थान में विभिन्न कार्यों हेतु MP-eTender के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| स. क्र. | निविदा | निविदा क्र. (Tender ID) |
|---|---|---|
| 1. | संस्थान में फर्नीचर सामग्री प्रदाय करने संबंधी। | 2026_HED_472392_1 |
| 2. | संस्थान के भूगोल विभाग में उपकरण क्रय करने संबंधी। | 2026_HED_472402_1 |

इच्छुक प्रदायकर्ता फर्में MP-eTender पोर्टल पर दर्शित नियम एवं शर्तों के अनुरूप में सम्मिलित हो सकते हैं। क्रय प्रक्रिया वर्तमान में मान्य 'मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथासंशोधित-2022)' के अनुसार की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/123792/2026 संचालक

चिंतन

# जानलेवा तंबाकू बिगाड़ रहा सेहत

तंबाकू एक ऐसा उत्पाद है जो जानलेवा तो है ही, साथ ही लोगों की आर्थिक और शारीरिक सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके उपयोग से लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। भारत तंबाकू उत्पादन में तीसरा सबसे बड़ा देश और विश्व स्तर पर तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में तंबाकू से होने वाली मृत्यु दर प्रतिवर्ष 13.5 लाख है, इसमें 10 लाख मौतें धूम्रपान के कारण और शेष धुआं रहित तंबाकू (एसएलटी) के सेवन के कारण होती हैं। इस हिसाब से देश में हर दिन औसतन 3,700 लोगों की जान जा रही है। वहीं, कैंसर, हृदय रोग और श्वसन रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी लोगों को घेर रही हैं। दुनिया की बात करें तो अनुमानित 70 लाख मौतें रोजाना तंबाकू के कारण हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक तंबाकू उपयोगकर्ताओं की आयु लगभग 15 वर्ष कम हो जाती है और इनमें से लगभग आधे उपयोगकर्ता असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। गर्भावस्था में तंबाकू का उपयोग करने से बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं परिवार और समाज पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। जीएटीएस-2 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 28.6% (266.8 मिलियन) युवा वर्तमान में किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। वयस्क तंबाकू उपयोगकर्ताओं में 24.9% (232.4 मिलियन) दैनिक उपयोगकर्ता और 3.7% (34.4 मिलियन) कभी-कभार उपयोग करने वाले शामिल हैं। भारत में सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद खैनी है। इसे देश के करीब 36 फीसदी लोग प्रयोग करते हैं। बीड़ी दूसरा सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद है, इसे करीब 24 फीसदी, तीसरे नंबर पर गुटका 22 फीसदी, तंबाकू युक्त पान और उत्पाद चौथे स्थान पर हैं। इन्हें करीब 18 फीसदी लोग उपयोग करते हैं। बता दें कि फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) तंबाकू नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है, जिसका नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कर रहा है। एफसीटीसी को लागू करने की एक प्रमुख रणनीति एमपीओडब्ल्यूईआर पैकेज है, जिसमें तंबाकू की मांग को कम करने के छह साक्ष्य-आधारित उपाय शामिल हैं। इनमें तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी, लोगों को तंबाकू के धुएं से बचाना, तंबाकू छोड़ने में सहायता प्रदान करना, तंबाकू के खतरों के बारे में चेतावनी देना, तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू करना और तंबाकू पर कर बढ़ाना शामिल है। भारत ने तंबाकू छोड़ने के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति की है, लेकिन अभी भी कई बड़ी बाधाएं मौजूद हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) जैसे कार्यक्रमों और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी लागू करने से धूम्रपान की दर में कमी आई है, जिससे पता चलता है कि सरकार तंबाकू नियंत्रण और इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने तंबाकू के उत्पादों पर सबसे अधिक 28 फीसदी जीएसटी लगाया है। हाल ही में सिगरेट पर 20 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाया है। 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। इसके बावजूद सेवन करने वालों की कमी नहीं है। हालांकि देश में तंबाकू नियंत्रण एक जटिल मुद्दा है और इसके लिए सरकार, समाज, और व्यक्तियों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। हमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू छोड़ने में लोगों की मदद करने के लिए काम करना चाहिए।

# यूनुस चुनाव टालने की कोशिश में तो नहीं



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल दिखाई दे रही है। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल हो रही है या कहिए दिखाई दे रही है। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध जमकर हिंसा की जा रही है। भारत के विरोध के बावजूद मोहम्मद यूनुस हिंसा पर नियंत्रण करने के बजाय झूठे नैरेटिव गढ़कर भारत पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि ऐसा है तो इसके पीछे कौन हो सकता है? बांग्लादेश की राजनीति को बेहतर तरीके से जानने-समझने वाले तमाम लोग अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर इस बात को लेकर संदेह जता रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि चुनाव समय आने पर 12 फरवरी को ही होंगे, लेकिन बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति देख कर उनकी बात पर सहज विश्वास करना बेहद मुश्किल है।

उधर, उस्मान हादी के भाई उमर हादी ने भी आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या मोहम्मद यूनुस ने करवाई है, चुनाव टालने के लिए! अब जब उस्मान हादी के भाई ने आरोप लगाया है तो मोहम्मद यूनुस पर संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस से 'सत्ता का मोह' छूट नहीं रहा है। वे सत्ता में बने रहना चाहते हैं और संभवतः इसीलिए येन-केन-प्रकारेण चुनाव टालने की जुगत में लगे हैं। यदि हिंसा व उपद्रव की पृष्ठभूमि में जाएं तो मोहम्मद यूनुस पर चुनाव टालने की कोशिशों का संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। बांग्लादेश में अस्थिरता का नया दौर विगत वर्ष जुलाई-अगस्त में शुरू हुआ था। तब सत्तासीन शेख हसीना सरकार की कथित छात्र विरोधी नीतियों के विरुद्ध छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई थी। कहने को यह छात्र आंदोलन था लेकिन कुछ समय में यह 'जेन जी' आंदोलन में बदलकर अंततः शेख हसीना की नीतियों, विशेषकर भारत के प्रति लगाव, का विरोध करने वाले और देश में शरीयत का कानून लागू करने की मंशा रखने वाले जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के हाथों में जाता स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। कथित रूप से छात्रों के इस आंदोलन ने तब हिंसक रूप ले लिया था। सड़कों पर आंदोलनकारियों का उन्माद व हिंसा का भीषण रूप देखने को मिल रहा था। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित बड़ी संख्या में सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था और जमकर तोड़फोड़, आगजनी व हिंसा की गई थी। बड़ी संख्या में भारत समर्थक नेता, पत्रकार और हिंदुओं को इस हिंसा में अपने प्राण तक गंवाने पड़े थे। इस हिंसा व अराजकता के बीच 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़ना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी थी।

उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था और देश में अगले चुनाव होने तक नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। उस समय यह कहा गया था कि अनुकूल समय आने पर आम



चुनाव करा कर देश में लोकतंत्र की बहाली की जाएगी। बाद में चुनाव की यह तारीख 12 फरवरी 2026 घोषित की गई है। चुनाव की तारीख निर्धारित होने के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता में बने रहने की अपनी रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है, ऐसा हाल के घटनाक्रमों से समझा जा सकता है। मोहम्मद युनुस शुरू से अपने भारत विरोध के लिए जाने जाते रहे हैं। भारत विरोध उन्हें जनता में लोकप्रिय और सत्ता में बने रहने का 'रामबाण' उपाय मालूम होता दिखता है और संभवतः इसीलिए अंतरिम सरकार के मुखिया बनने के बाद से अब तक वे तरह तरह से भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार में लगे रहे हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत ने उनके साथ संबंध मधुर बनाने की अपने तई कई कोशिशें की हैं लेकिन उनके भारत विरोधी व्यवहार में कोई परिवर्तन होता नहीं दिखा, बल्कि उनके शासन में जमकर भारत विरोधी भावना भड़काने के षड्यंत्र व प्रयास होते रहे हैं। गत नवंबर माह में शेख हसीना को बांग्लादेश की अंतराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल द्वारा मौत की की सजा सुनाई जाने के बाद मोहम्मद यूनुस ने प्रत्यार्पण संधि का हवाला देते हुए भारत से तुरंत शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी और भारत पर कई आरोप भी मड़ दिए थे। ऐसा इसलिए कि वहां जनता को, विशेषकर छात्रों को ऐसा मालूम न हो कि वे ( मोहम्मद युनुस ) शेख हसीना व भारत के प्रति किसी प्रकार का नरम रवैया अपना रहे हैं और शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाने के कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसी के साथ बांग्लादेश जमाते इस्लामी को मान्यता प्रदान कर चुनाव में लड़ने की अनुमति दे दी गई है। इस तरह उन्होंने वहां की एक बड़ी व सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रही पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर करने के साथ जमाते इस्लामी के जरिए सत्ता में बने रहने का एक रास्ता भी बना लिया है। इसके पीछे उनकी सोच संभवतः यह लगती है कि जमाते इस्लामी यदि सत्ता में आती है तो उनका राष्ट्रपति बनना बेहद आसान रहेगा। शेख हसीना के कार्यकाल में जेल में निरुद्ध जमाते इस्लामी के सदस्यों को जेल से बाहर कर वे इसके साथ मधुर संबंधों की कड़ी पहले ही जोड़ चुके हैं। अब देश में चुनाव लड़ने के लिए खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी मैदान में बची रह जाती है। चुनाव में भाग लेने के लिए खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद विदेश से बांग्लादेश लौट आए हैं। फिलहाल मोहम्मद युनुस इस पार्टी से कोई खास खतरा महसूस कर रहे हों, ऐसा नहीं दिखता। ऐसा इसलिए भी कि हाल के कुछ महीनों में सक्रियता के अभाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अपेक्षा जमाते इस्लामी की ओर लोगों का झुकाव अधिक बढ़ते देखा गया है। भारत विरोधी भावना का यह ज्वार व वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा बताती है कि इस आरोप से मोहम्मद यूनुस पर किसी भी तरह का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। शेख हसीना के तख्तापलट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्र संगठन इंकलाब मोर्चे के सूत्रधारों में प्रमुख शरीफ उस्मान हादी ही मैदान में सबसे प्रबल उम्मीदवार दिख रहे थे, लेकिन हादी की भी हत्या हो चुकी है। समझा जा सकता है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की ताजा हिंसा पर नियंत्रण न कर इसे अपनी असफलता दर्शा रही है लेकिन इसका असली उद्देश्य कुछ और है। यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# नए साल में भारत होगा सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया के उपभोक्ता बाजारों से संबंधित रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वर्ष 2026 में भारत ऊंची विकास दर, सस्ते कर्ज, महंगाई में कमी, कर सुधार और बढ़ी हुई क्रय शक्ति से दुनिया के सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित है और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार रहेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक भारत से आने वाले सैलानी सिंगापुर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले लग्जरी ग्राहकों में शामिल हैं। गौरतलब है कि नए वर्ष में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी। उम्मीद करें कि भारत में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बड़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। वर्ष 2026 में ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और इससे भारत दुनिया में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा और देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया - गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## सटाका




## आज की पाती

### नववर्ष पर कैलेंडर के साथ सोच भी बदलें

नववर्ष पर हमें अपनी स्वार्थी, संकीर्ण और नकारात्मक सोच भी बदलनी चाहिए, तभी यह वर्ष हर किसी के लिए मंगलमय और समाज, देश में एक नया अच्छा परिवर्तन लेकर आएगा। एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि, नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2026 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। बहरहाल, नया साल सभी के लिए शुभ हो।

*- संजय यादव, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रचंड जनाक्रोश



पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ प्रचंड जनाक्रोश है, जो कि 'परिवर्तन' का बहुत बड़ा संकेत है। आने वाले तीन महीनों में हमारे कार्यकर्ता एकजुट होकर हर बूथ पर कमल खिलाएँगे और प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाएँगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### जी राम जी योजना



विकसित भारत - जी राम जी योजना अंतर्गत कम से कम 33% कार्य महिलाओं को देना अनिवार्य है, इससे ज्यादा होने पर कोई रोक नहीं है। इसमें बहनों के हितों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश की गई है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### टीएमसी का सफर



'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ टीएमसी का सफर एक जनवरी, 1998 को शुरू हुआ था। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति अडिग और प्रतिबद्ध है। टीएमसी देश के हर व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई के लिए पूरी तरह संकल्पित रहेगी।

**- ममता बेनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### ब्रांडेड चीनी मुफ्त




दिल्ली के 65,883 अंत्योदय परिवारों को अब पैक्ड और ब्रांडेड चीनी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल अंत्योदय से राष्ट्रोदय की उस भावना को सशक्त करती है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की गरिमा सर्वोपरि है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अफगान सीमा बंद करने से पाक में आतंकी हमले कम



पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सरहद बंद करने के बाद सीमा पार आतंकवादी हमलों और हिंसा से संबंधित मौतों में काफी कमी आई है, लेकिन वर्ष 2025 एक दशक में 'सबसे हिंसक' साल था। एक थिंक टैंक ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान ने पिछले साल 11 अक्टूबर को अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसका कारण यह आरोप था कि अफगानिस्तान आतंकवादियों द्वारा अपनी धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। 'डॉन' अखबार ने थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर बताया कि दिसंबर में आतंकवादी हमलों में लगभग 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नवंबर में इसमें नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसने कहा है कि 2025 की आखिरी तिमाही में असैन्य नागरिकों और सुरक्षा अधिकारियों में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में भी गिरावट आई है। यह नवंबर में चार फीसदी और दिसंबर में 19 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, सीआरएसएस के आंकड़ों से पता चला है कि समग्र हिंसा में लगभग 34 फीसदी का इजाफा हुआ है और वर्ष 2025 पाकिस्तान के लिए एक दशक में सबसे हिंसक साल साबित हुआ।

## ऑफ बीट

# आइसक्रीम का 2,500 साल पुराना इतिहास



आइसक्रीम बनाने से पहले बर्फ के उत्पादन और भंडारण की विश्वसनीय तकनीक जरूरी थी, जो सबसे पहले 550 ईसा पूर्व में फारस (आधुनिक ईरान) में विकसित हुई। प्राचीन फारसियों ने रेगिस्तानी इलाकों में 'यखचाल' नामक बड़े, मधुमक्खी के छत्ते जैसे पत्थर के ढांचे बनाए। इनमें गहरी, इंसुलेटेड भूमिगत संरचनाएं होती थीं, जिससे साल भर बर्फ संग्रहित की जा सकती थी। इस संग्रहित बर्फ से फलों के शरबत, शोरबे और 'फलूदा' (गुलाब जल और सेवइयों से बनी जमी हुई मिठाई) जैसे व्यंजन बनाए जाते थे। लगभग 650 ईस्वी में फारस पर अरब विजय के बाद यह तकनीक मध्य पूर्व में फैल गई। इसी तकनीक से सीरिया में 'बूज़ा' और फारस में 'बस्तानी' जैसी खिंचावदार आइसक्रीम तैयार की गई। इसी काल में चीन के तांग राजवंश (618–907) के दौरान 'सुशन' नामक जमी हुई मिठाई विकसित हुई, जिसे कवियों ने मुंह में पिघलने वाली, तरल और ठोस के बीच की बनावट वाला बताया। जमाने के साथ फ्रीजिंग की तकनीक में बदलाव आया। 1558 में नेपल्स में जियाम्बातिस्ता डेला पोर्ता की पुस्तक जिसमें बर्फ में शोरा (पोटैशियम नाइट्रेट) मिलाकर तरल पदार्थों को तेजी से ठंडा करने की विधि बताई गई। 17वीं सदी में नमक, पानी और बर्फ के मिश्रण से भी इसी तरह का प्रभाव सामने आया।

## खबर संक्षेप



### पंच कुंडीय यज्ञ की तैयारियों जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** हिरानिया का खेड़ापति माता मंदिर क्षेत्र का सबसे प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर में दुर्गा उत्सव पर एवं नवरात्रि में भक्तों का सुबह 4 बजे से ही आना शुरू हो जाता है। खेड़ापति माता मंदिर में भैरव बाबा की स्थापना से भक्तों में उत्सुकता और बढ़ गई है। श्री खेड़ापति माता मंदिर में नवदुर्गा, शिव पार्वती एवं गणेश जी की स्थापना एवं पंच कुंडीय यज्ञ की तैयारियां जोरों चल रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खेड़ापति माता मंदिर के संरक्षक, सदस्य एवं नगरवासी लगे हुए हैं।



### पचौरी व पटवा ने सिंधिया के जन्मदिन पर दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके यशस्वी जीवन की कामना की है। वहीं विधायक सुरेंद्र पटवा ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

### कैलाश डब्बू नगर का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष एवं कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष के दावेदार कैलाश डब्बू नगर का जन्मदिन पर केक काटा और हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बल्लू अरोरा, दिनेश सेन, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, अमित राय, विवेक मित्तल आदि ने बधाई दी।

### गांजा की तस्करी के दोषी को 4 वर्ष का कारावास

**विधिक संवादाता, भोपाल।** मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर राजस्थान से मध्यप्रदेश लाकर अवैध रूप से बेचने वाले आरोपी सुभाष जाटव पुत्र बाबू लाल जाटव (20) निवासी श्रीराम अखाड़े के पीछे जाटव मोहल्ला थाना कोतवाली जिला होशंगाबाद मप्र को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा-8 (सी) सहपठित धारा-20 (बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना क्राइम ब्रांच भोपाल के सहायक उपनिरीक्षक विजय सिंह ने 22 सितंबर 2017 को दोपहर 12:30 बजे मुखबिर की सूचना पर भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पास से आरोपी सुभाष जाटव को बैग में 7 किलो मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से रखे हुए गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की विवेचना के बाद विशेष न्यायालय भोपाल में आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4938 | | |
| दिन: | 180 | 94 | 167 |
| रात: | 346 | 39 | 379 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 567 | 88 | 279 |
| रात: | 350 | 84 | 400 |

---

वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में अपराध के पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला

# हत्या के मामले में अव्वल रहा मंडीदीप का अपराधिक ग्राफ, वहीं दोनों थानों में अन्य अपराधिक मामलों में आई 32% की कमी

### नगर में घटित टिल्लू और अविनाश हत्याकांड से आम जन में दहशत का माहौल रहा

नीतेश पटेल ▶▶ मंडीदीप









औद्योगिक शहर मंडीदीप में अपराध की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी अलग नजर आ रही है।

विशेष रूप से गंभीर अपराधों जैसे हत्या और हत्या के प्रयास में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर सतलापुर थाना क्षेत्र में हत्या के 5 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें हाल ही में एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा अविनाश शर्मा की गोली मारकर की गई हत्या, इस वर्ष का सबसे चर्चित मामला रहा है। थाना क्षेत्रों में अन्य अपराधों की बात करें तो चोरी, लूट और गृह भेदन जैसे मामलों में कमी आई है। मंडीदीप और सतलापुर थाना क्षेत्रों के आधिकारिक पुलिस आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में अपराध के पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

**मंडीदीप और सतलापुर थाना क्षेत्रों के आधिकारिक पुलिस आंकड़े**

| अपराध | 2024 में | 2025 में मामले | बदलाव |
|---|---|---|---|
| हत्या | 3 | 7 | +100% |
| हत्या का प्रयास | 2 | 5 | +150% |
| गृह भेदन | 53 | 21 | -60% (कमी) |
| चोरी | 36 | 6 | -83% (बड़ी कमी) |
| वाहन चोरी | 67 | 56 | -16% (कमी) |
| लूट | 9 | 1 | -89% (बड़ी कमी) |
| अपहरण | 47 | 53 | +13% (बढ़ोतरी) |
| फिरौती | 0 | 1 | नया मामला |
| दुष्कर्म | 32 | 16 | -50% (कमी) |

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हत्या और हत्या के प्रयास जैसे जघन्य अपराधों में खतरनाक बढ़ोतरी हुई है, जो क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती है। वहीं, वाहन चोरी, लूट, चोरी और दुष्कर्म जैसे अपराधों में कमी दर्ज की गई है। पुलिस का दावा है कि सतर्कता और गश्त बढ़ाने से इन अपराधों पर अंकुश लगा है।

#### एनसीआर काटने से कम दर्ज होते अपराध

थाना क्षेत्रों में मारपीट, घरेलू हिंसा और अन्य छोटे-मोटे विवादों में भी एफआईआर की बजाय एनसीआर (नॉन-कॉग्निजेबल रिपोर्ट) दर्ज करने की शिकायतें आम हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें एफआईआर और एनसीआर के अंतर की जानकारी नहीं दी जाती, जिससे वे भ्रमित रहते हैं और न्याय से वंचित हो जाते हैं।

#### त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं

औद्योगिक शहर में पुलिस अपराधों पर पूरी तरह नजर रखे हुए हैं और गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। यही वजह है हत्या जैसे संगीन अपराधों का खुलासा महज कुछ घंटों में कर दिया जाता है।

**शीला सुराणा,** एसडीओपी, औबेदुल्लागंज

---

आंबेडकर नगर मल्टी में पटाखे जलाने की बात पर हुआ विवाद

# न्यू ईयर पार्टी में पथराव, सिर में डंडा लगने से युवक की हालत नाजुक

### कमला नगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित आंबेडकर नगर मल्टी में नए वर्ष के जश्न में पटाखे जलाने की बात को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों के युवकों ने एक-दूसरे पर लात घूंसों से मारपीट कर दी। दोनों पक्षों में डंडे और पत्थराव भी हुआ है। इससे आधा दर्जन युवा घायल हुए हैं। पुलिस ने उक्त मामले में आधा दर्जन लोगों पर मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि आंबेडकर नगर मल्टी में दो पक्षों में विवाद हो गया है। विवाद की सूचना जब पुलिस पहुंची तो घायलों को अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि सुमित राउत (20) आंबेडकर नगर मल्टी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। बुधवार रात मल्टी में नए वर्ष की शुरुआत पर दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद नीचे बैठकर आग ताप रहा था। कुछ दूरी पर मोहल्ले में रहने वाले प्रकाश, मनीष, सुनील कुमार, राहुल सिंह और अमित कुमार पार्टी करने के बाद पटाखे जलाने लगे। वे पटाखे जलाते जलाते उनके पास पहुंच गए। सुमित और उसके दोस्तों ने कहा कि भाई थोड़ी दूरी पर जाकर पटाखे जला लो। बस इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट करते हुए डंडे से हमला कर दिया। डंडा आंबेडकर नगर, मल्टी निवासी जतिन पाठक (20) को सिर में लगा है, जबकि सुमित को भी डंडा लगने से चोट आई है।

## सोशल मीडिया पर भगवान के स्टेटस डालने पर मिस्त्री पर चाकू से हमला

**अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में हुई वारदात**



चाकू लगने घायल युवक।

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में तीन बदमाशों ने मिस्त्री से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। दरअसल, आरोपी मिस्त्री से इसलिए भड़के हुए थे, क्योंकि वह सोशल मीडिया पर भगवान के स्टेटस लगाता था। आरोपियों ने उसका मोबाइल भी पटककर तोड़ दिया। पुलिस ने मिस्त्री की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट और चाकूबाजी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विशाल सूर्यवंशी पिता गणेश सूर्यवंशी (22) पटेल किराना स्टोर के पास भीम नगर, अरेरा हिल्स में रहता है और टाइल्स सहित मार्बल लगाने का काम करता है। बुधवार रात करीब 11 बजे वह विवेकानंद स्कूल के सामने भूपेंद्र साहू के साथ खड़ा था। इस दौरान वहां दानिश, सलमान और आफताफ अपने साथी के साथ पहुंचा। आरोपी कहने लगे कि तू भगवान के स्टेटस क्यों डालता है। इस पर विशाल ने कहा कि मेरा मोबाइल है मैं जो चाहुंगा वही स्टेटस डालूंगा। इस बात पर दानिश ने उसके हाथ से मोबाइल छीनकर पटक दिया, जिससे मोबाइल टूट गया। विशाल ने दानिश का विरोध किया तो उसने छुरी निकालकर हमला कर दिया। छुरी विशाल को दाहिने पैर और बाएं हाथ में लगी है।

---

सिंधी महिला पंचायत की टीम ने किया आयोजन

# महिलाओं ने बहिराणा साहिब के साथ की नए साल की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर





अपने सिर पर बहिरणा साहिब को उठाकर प्रार्थना करती हुईं महिलाएं।

नए साल की शुरुआत विश्व बहिराणा दिवस का पर्व खुशी एवं उमंग के साथ सिंधी महिला पंचायत ने मनाया। एक जनवरी को इस त्यौहार का आयोजन सिंधी समाज के लोग करते हैं, झूलेलाल मंदिरों में बहराणा सजाया जाता है। सिंधी महिला पंचायत की टीम ने भी बहिरणा साहिब सजा कर अपनी संस्कृति का परिचय दिया।

पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी ने बताया हर शुभ कार्य की शुरुआत बहिरणा साहिब की ज्योत प्रज्वलित कर करने से कार्य में कोई विघ्न नहीं आता। नए मकान के उद्घाटन, शादी एवं जनेऊ या दुकान का मुहूर्त बहिरणे से करने पर बरकत होती है। यहां अंग्रेजी नव वर्ष के आगमन पर राम कृष्ण की धुनी भी लगाई गई। प्रसाद में तहरी-चने का भोग लगाया। सभी महिलाओं ने अपने सिर पर बहिरणा साहिब उठाकर देश की खुशहाली की सामूहिक प्रार्थना की। बहिरणे की सजावट पद्मा उदासी और किरण वाधवानी ने मिल कर की। कार्यक्रम में किरण वाधवानी, मधु लालवानी, मयूरी मरजानी, नूतन, लता, माया, नैना वाधवानी, लावया, नेहा आहूजा उपस्थित रही। कार्यक्रम पश्चात बहिरणे का विसर्जन भी किया गया।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर संगीत संध्या में मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और अन्य।

**संतनगर।** ड्रीम हाईट्स रहवासी संघ पंचवटी एक्सटेंशन के प्रांगण में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एक संगीत संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक गीत सुनाए, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। संघ के संचालक सचिव विजय घारू ने सबको नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और सभी रहवासियों का आभार व्यक्त किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में समस्त रहवासियों ने अपनी पुरानी यादें ताजा की । इस अवसर पर संत शिरोमणि हिरदाराम के जीवन दर्शन कराती संत हिरदावाणी जो कि यूट्यूब पर अपलोड की गई, उसकी लेखिका कवयित्री हर्षा कन्हैया मूलचंदानी को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा गेम्स का सफल संचालन रंजना अग्रवाल द्वारा किया गया। बच्चों ने भी अपनी सुन्दर प्रस्तुति दी। इस रंगारंग कार्यक्रम का नेतृत्व ज्योति घारू द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन आरोही संगवानी ने किया।

---

रास्ता छोड़ कर बाउंड्री बनाने का दिया था आश्वासन, पर ऐसा नहीं हो रहा

# उमरिया में मेट्रो कंपनी ने रोका किसानों का रास्ता, खेतों पर जाना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज







नगर परिषद के उमरिया क्षेत्र की पहाड़ी पर बीईएमएल लिमिटेड कंपनी द्वारा रेल और मेट्रो कंपनी का काम चल रहा है। मेट्रो कंपनी ने उमरिया हाईवे से निकला टिगरिया रास्ता बन्द करते हुए बाउंड्री बना रहा है। जो कि वह रास्ता पूर्व से ही इस रास्ते से कई गांव के किसानों एवं ग्राम पंचायत टिगरिया के अंतर्गत आने वाले ग्रामों का संपर्क टूट गया है, जिसको लेकर किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि पहले हमें आश्वासन दिया था कि रास्ता छोड़कर बाउंड्री बनाई जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। रास्ते को लगभग बंद कर दिया गया है।

आपको बता दें कि इस कार्यखाने का भूमिपूजन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया था और उसी समय आस-पास के किसानों ने भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, रायसेन कलेक्टर, तहसीलदार को आवेदन दिया था। तक भाषण में आश्वासन दिया था कि रास्ता बंद नहीं होगा। किसानों का कहना है कि रेल एवं मेट्रो कंपनी खुलने से हमें खुशी है, लेकिन रास्ते को बन्द करने पर किसान अपने खेतों में खेती करने से वंचित हो जाएंगे। मनसुख नागर, कालूराम मरकाम, सुरेन्द्र नागर, भैयालाल नागर, गोविन्द साहू, रोहित नागर, सुमीत नागर, राजेन्द्र नागर, करनसिंह ककोडिया, घनश्याम मरकाम, गोपाल जाटव, मनोहर नागर आदि ने रास्ता खोलने की मांग की है।

### बर्थ पर रखा यात्री का पर्स चुराकर चलती ट्रेन से कूदा बदमाश

**भोपाल।** मंगला दीप एक्सप्रेस में मंगलौर से बीना की यात्रा कर रहे यात्री का पर्स अज्ञात बदमाश ने बर्थ से चुरा लिया और चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। जीआरपी थाना भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी के मुताबिक एसपीएम नगर दमोह निवासी मयंक कुमार गुप्ता (36) विगत 21 दिसंबर को मंगला दीप एक्सप्रेस के कोच बी-1 बर्थ नंबर 64 मंगलौर से बीना की यात्रा कर रहे थे। भोपाल से ट्रेन निकलने के बाद एक अज्ञात बदमाश सीट पर रखा लेडीज पर्स चोरी कर चलती ट्रेन से नीचे कूद गया। पर्स में करीब तीन हजा रुपए नगद, चार्जर, हेड फोन, बच्चों के कपड़े, पेन कार्ड व एटीएम कार्ड समेत हजारों का सामान रखा था। बीना पहुंचने के बाद फरियादी ने जीआरपी थाना सागर में प्रकरण दर्ज कराया।

---

परिषद में 15 से 17 कर्मचारियों का पता नहीं, फिर भी निकल रहा उनका वेतन

# पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष खटीक ने नगर परिषद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



आठ पार्षदों सहित नेता प्रतिपक्ष राजेश खटीक की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व पार्षद एवं नगर के कई नागरिकों ने चर्चा की। बैठक में बताया कि नगर परिषद में खुली दलाली, भ्रष्टाचार चरम पर है। राजेश खटीक ने बताया कि साढ़े तीन साल में नगर परिषद औबेदुल्लागंज में सूचना के तहत मांगी जानकारी आज तक नहीं दी। उन्होंने बताया की नगर परिषद में 15 से 17 कर्मचारियों का पता नहीं है, फिर भी उनका वेतन निकल रहा है। खटीक ने कहा कि साढ़े तीन साल में कितने कर्मचारियों का हर महीने वेतन बनता है, क्या वह सभी कर्मचारी नगर परिषद में कार्यरत हैं, इसका सत्यापन होना चाहिए। राजेश खटीक ने बताया कि कई भाजपा के नेता और पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद में हमारी कोई सुनवाई नहीं होती।

#### संजीवनी अस्पताल के शुभारंभ से पहले ही दीवारों में आईं दरारें

खटीक ने कहा संजीवनी अस्पताल कि आस लगाए बैठे हैं कि शीघ्र शुरू हो, लेकिन संजीवनी अस्पताल 2 साल से बनकर तैयार हो गई है, उसमें ताला लटका है। खास बात तो यह है कि अस्पताल की दीवारों में अभी से दरारें आ गई हैं और अभी उद्घाटन भी नहीं हुआ है। अर्जुन नगर के रहवासियों ने मांग की है कि संजीवनी अस्पताल शीघ्र शुरू हो। वहीं 300 लोगों की दुकाने तोड़ी उन्हें रोजगार के लिए अब तक कोई जगह नहीं मिली है। श्री राजेश खटीक ने कहा कि पानी के लिए पाइप लाइन डालने के लिए 10 नवनिर्मित सड़के खोद डाली, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। खिल्लीखेड़ा के भाजपा के पार्षद प्रीति अनूप चौधरी भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। यह भ्रष्टाचार और कमीशन बाजी में नगर परिषद के कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गए।

---

पुलिस ने शराब पीते हुए कई लोगों पर दर्ज किया मामला

# होटल, ढाबे और खुली जगहों पर शराब पीते लोगों पर पुलिस और आबकारी विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिकनगर और सतलापुर क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा नव वर्ष पर होटल और ढाबों पर शराब पीने वालों पर नकेल कसने के लिए बड़ी कार्रवाई की, जिसमें सतलापुर, मंडीदीप, वर्धमान सहित नगर में एक दर्जन से अधिक जगहों पर आबकारी विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान शराब पीते हुए कई लोगों पर मामला दर्ज किया। वहीं नगर के कई जगहों पर शराब की अवैध बिक्री पर भी कार्रवाई की गई।



ढाबों पर जांच करते पुलिस कर्मचारी।



मंडीदीप स्थित ढाबे में जांच करते पुलिस कर्मचारी।

#### पुलिस की मुस्तैदी से नगर में रहा शांति का माहौल

नगर में नव वर्ष पर पुलिस ने होटल, ढाबे और निजी जगहों पर किसी भी प्रकार के नशे का सेवन एवं बिक्री को लेकर विशेष जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की, जिससे नगर में शांति का माहौल रहा।

#### अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग की रही नजर

नगर में कई जगहों पर बिक रही अवैध शराब ढाबे और होटल में परोसी जा रही है। अवैध शराब को लेकर आबकारी और पुलिस विभाग ने कार्रवाई कर दो दिन में कई मामले दर्ज किए हैं।

#### जारी रहेगी कार्रवाई

नगर में नव वर्ष को विशेष ध्यान देते हुए किसी भी होटल, ढाबे, और खुले जगएह पर बिक रहे अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग ने कार्रवाई की गई है, आगे भी जारी रहेगी।

**गौरव भद्रसेन,** आबकारी अधिकारी मंडीदीप।

#### पुलिस कार्रवाई करेगी

हमारे द्वारा नगर में किसी भी प्रकार के संचालित हो रहे अवैध गतिविधियों को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जांच अभियान चला रही है। जहां भी शराब और अनैतिक कार्य संचालित होगा उस पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

**रंजीत सराठे,** थाना प्रभारी मंडीदीप।

---

किसान कांग्रेस की 'जन आंदोलन यात्रा' 5 जनवरी से

# फसलों की ऊंची एमएसपी और नकली खाद पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए बड़ा ऐलान किया है। 'बीज से बाजार तक, खेत से सरकार तक' के नारे के साथ 'किसान जन आंदोलन यात्रा' 5 जनवरी से शुरू होगी। इस यात्रा का उद्देश्य किसानों की आवाज को बुलंद करना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है।

रायसेन जिले में किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह ने बताया कि यात्रा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के शिव मंदिर भोजपुर से प्रारंभ होगी, जो भोजपुर से शुरू होकर सतलापुर, मंडीदीप होते हुए दाहोद पहुंचेगी। रघुवंशी ने बताया कि संगठन किसानों के हित में सरकार से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 4000 रुपए प्रति क्विंटल, धान का एमएसपी 4000 रुपए प्रति क्विंटल करने सहित सोयाबीन का एमएसपी 6000 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की जाएगी।

इसके अलावा प्रदेश में नकली खाद-बीज बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई एवं किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांग रहेगी। रघुवंशी ने कहा कि यात्रा के माध्यम से किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को दबने नहीं देगी। यात्रा को सफल बनाने के लिए पार्टी द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

# जश्न-ए-भोपाल में भजन, देशभक्ति, सूफ़ी और फिल्मी गीतों से सजी शाम में झूम उठे युवा

## म्यूजिक लवर्स, यूथ और भोपालाइट्स ने संगीत के साथ किया नए साल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बोट क्लब पर चल रहे तीन दिवसीय आयोजन की अंतिम दिन और साल के पहले दिन जश्न-ए-भोपाल की शाम में जहां एक ओर देशभक्ति गीतों का तड़का लगा वहीं सूफ़ी और बॉलीवुड सॉन्ग्स से साल की पहली शाम को रंगों से भर दिया। मध्यप्रदेश पर्यटन के तत्वधान में हो रहे तीन दिवसीय जश्न-ए-भोपाल की आखिरी शाम में आलम द सूफ़ी बैंड के कलाकारों से सजी शाम में सिंगर जुबेर आलम ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं.... भजन सुनाया तो वन्स मोर की आवाज़ से युवाओं ने जोश भर दिया। वहीं, दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है... बॉलीवुड गीत सुनते ही युवा झूमने पर मजबूर हुए तो कुछ ने भीड़ से अलग अपने डांस मूव्स दिखाते हुए आने वाले नए साल का स्वागत किया। सिंगर्स ज़ुबैर और फरदीन ने सूफियाना सॉन्ग 'काली काली ज़ुल्फ़ों के फंदे न डालो'... के साथ एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। जिसे मौजूद युवाओं ने खूब सराहा, अंत में 'सादगी तो जरा हमारी देखिए' गाना गा कर नए साल की ढलती शाम स्वागत किया। बोट क्लब स्ट्रीट पर आसमान जहां सितारों और चाँद के साथ रोशन था, वहीं गीतों से सजी शाम ने उस रोशनी पर रंग भरते हुए नए साल की पहली तारीख का स्वागत किया। देर रात तक चले साल के जश्न ए भोपाल के इस आखिरी ईवेंट और कलाकारों से मिल कर म्यूजिक लवर्स, यूथ और भोपालाइट्स सेल्फी, फोटो लेते हुए खासे खुश नज़र आए।


बोट क्लब पर बने मंच पर भजन सुनाते जुबेर आलम और वाद्य यंत्रों पर संगत देते उनके साथी।


बोट क्लब पर बने मंच के समक्ष भजनों के साथ देशभक्ति गीतों से युवा झूमने को मजबूर नजर आए।


जनजातीय संग्रहालय में गणगौर नृत्य की प्रस्तुति देतीं खंडवा की अनुजा जोशी एवं उनकी सहेलियां।

# मटकी नृत्य, कालबेलिया, सौंगीमुखौटा और गणगौर नृत्य की प्रस्तुति रही खास

## तीन दिवसीय संभावना गतिविधि के समापन दिवस पर लोकांचल के गायन एवं लोक नृत्यों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत गुरुवार को मटकी लोक नृत्य पंकज नामदेव एवं साथी, इंदौर, बैगा जनजातीय करमा नृत्य गणेश प्रसाद बैगा एवं साथी, बालाघाट, गणगौर नृत्य अनुजा जोशी एवं साथी, खण्डवा, कालबेलिया नृत्य आपानाथ कालबेलिया एवं साथी, जोधपुर, सौंगीमुखौटा नृत्य विष्णु आनंद एवं साथी, नासिक, भजन गायन ममता मिश्रा एवं साथी, नर्मदापुरम और बुन्देली लोकगायन सुभांषिता ठाकुर एवं साथी, सागर, चिरजा एवं माण्ड गायन अनीता कंवर एवं साथी, उदयपुर द्वारा प्रस्तुति दी गई।

वहीं, अनीता कंवर एवं साथी, उदयपुर द्वारा चिरजा एवं माण्ड गायन की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद मटकी नृत्य की मनभावन प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। विभिन्न अवसरों पर मालवा के गांव की महिलाएं मटकी नृत्य करती हैं। ढोल या ढोलक को एक खास लय, जो मटकी के नाम से जानी जाती है, उसकी थाप पर महिलाएं नृत्य करती हैं।


बुंदेली गायन की प्रस्तुति।


भजन सुनाती गायिका।

### भवई नृत्य की प्रस्तुति ने भी लूटीं तालियां



वहीं दूसरी कड़ी में बैगा जनजातीय करमा नृत्य की प्रस्तुति खास रही, जिसमें नई फसल आने की खुशी में किए जाने वाले इस नृत्य का मुख्य संगीत मांदल वाद्य की थाप होती है, वहीं चकरी नृत्य की प्रस्तुति भी खास रही, यह राजस्थान के हाड़ौती क्षेत्र का एक पारंपरिक नृत्य है, जो तीज-त्योहारों और शादियों में किया जाता है। इसमें महिला नर्तकियां घेरदार लहंगा पहनकर तेज गति से चक्कर (चकरी) लगाती हैं। वहीं अगली कड़ी में भवई नृत्य- राजस्थान, गणगौर नृत्य की प्रस्तुति भी खास रही।

## मानव संग्रहालय में 'शाश्वती 2025' के अंतर्गत गौड़ीय नृत्य एवं 'प्रतिपदर्शिनी' नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति

# शास्त्रीय से काव्यात्मक यात्रा का मंचन करती 34 कलाकारों ने दी 'प्रतिपदर्शिनी' की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में आयोजित महिला-केंद्रित सांस्कृतिक उत्सव नारी की शाश्वत रचनात्मक शक्ति, सांस्कृतिक योगदान और सामाजिक भूमिका को सम्मानित करने हेतु आयोजित 'शाश्वती 2025' में देश के विभिन्न भागों से लगभग 34 महिला कलाकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के चार प्रमुख आयामों में जहां एक ओर सृजनिका के अंतर्गत महिला शिल्पकारों एवं कलाकारों द्वारा पारंपरिक शिल्प एवं चित्रकलाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन और कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें मधुबनी, वारली, मांडना, पोटरी, डोकरा, बांस शिल्प, कढ़ाई एवं अन्य कलाएं शामिल रहीं तो वहीं अन्नपूर्णा खंड में खाद्य स्टॉलों के माध्यम से बंगाल, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद प्रस्तुत किया।

विदुषी खंड में प्रतिष्ठित महिला वक्ताओं द्वारा संस्कृति, समाज और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए तो शाश्वती के समापन संध्या पर वाणीनी खंड के अंतर्गत कुचिपुड़ी, कथक जैसी शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियां महिला कलाकारों द्वारा दी गईं।


कथक नृत्य की प्रस्तुति


प्रस्तुति देती हुई कलाकार।

### प्राचीन ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को अभिव्यक्त करता गौड़ीय नृत्य

गुरुवार को सांस्कृतिक संध्या में बंगाल की समृद्ध नृत्य परंपरा गौड़ीय नृत्य तथा काव्यात्मक नृत्य-नाट्य 'प्रतिपदर्शिनी' की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रथम भाग में प्राचीन ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत गौड़ीय नृत्य प्रस्तुत किया गया, जो नाट्य, संगीत, काव्य, रंग और लय के समन्वय से निर्मित एक समग्र कला रूप है। इसकी जड़ें नाट्यशास्त्र के साथ-साथ गौड़-बंगाल की लोकनृत्य परंपराओं से भी जुड़ी हुई हैं।


बंगाल के गौड़ीय नृत्य की प्रस्तुति

### राग शुद्ध बंगाल और ताल झुरझुटी एवं दोथौकी में किया मां सरस्वती का वंदन

वहीं द्वितीय भाग में प्रस्तुत काव्य नृत्य-नाट्य 'प्रतिपदर्शिनी' ने शास्त्रीय से काव्यात्मक यात्रा का सजीव मंचन किया, जिसने दर्शकों को गहन सांस्कृतिक अनुभूति प्रदान की। वहीं भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के अनुरूप यह वंदना मां सरस्वती के विविध रूपों का भावपूर्ण चित्रण है, जिसकी रचना झूमुर पदकार भावप्रिता नंद ओझा द्वारा की गई है। यह भागवत से ली गई है तथा इसका राग शुद्ध बंगाल और ताल झुरझुटी एवं दोथौकी है। इन प्रस्तुतियों का निर्देशन नृत्य शिक्षिका एवं कोरियोग्राफर बनानी चक्रवर्ती ने किया।

# अंकों की ऊर्जा से संचालित होता है मानव जीवन: श्वेता

## 'चायनामा संवाद' में अंकज्योतिष पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हेल्पबॉक्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित चायनामा संवाद में अंकज्योतिषी, वास्तु सलाहकार एवं मोटिवेशनल वक्ता श्वेता विजयवर्गीय ने अंकों की ऊर्जा और उनके मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### अंक केवल गणित नहीं

ऊर्जा के प्रतीक अपने संबोधन में श्वेता विजयवर्गीय ने कहा कि अंक मात्र गणितीय प्रतीक नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक अंक की अपनी विशिष्ट ऊर्जा और आवृत्ति होती है।


श्वेता विजयवर्गीय को पुरस्कृत करते अतिथि।

### जन्म ,भाग्य और कर्म का संबंध

श्वेता ने बताया कि जन्म और भाग्य हमारे प्रारब्ध से जुड़े होते हैं, जबकि कर्म के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। गीता के संदर्भ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से अपने भाग्य को बदल सकता है।

### विज्ञान और न्यूमरोलॉजी का समन्वय

विज्ञान का उदाहरण देते हुए श्वेता ने कहा कि जैसे ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, वैसे ही अंकों की ऊर्जा भी निरंतर हमारे जीवन को प्रभावित करती रहती है। उन्होंने न्यूमरोलॉजी को एक वैज्ञानिक पद्धति बताते हुए इससे जुड़ी भ्रांतियों का खंडन किया।

### डेविल नंबर की अवधारणा निराधार

श्वेता ने तथाकथित डेविल नंबर जैसी मान्यताओं को निराधार बताया और 13 अंक को अत्यंत ऊर्जावान व सकारात्मक बताया।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में लोसर महोत्सव का आयोजन

# हिमालयी क्षेत्रों से परिचित कराने आज से तीन दिन सिक्किम और लद्दाख के पारंपरिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में भारत के हिमालयी क्षेत्रों की समृद्ध, जीवंत और आध्यात्मिक सांस्कृतिक परंपराओं से जनसामान्य को परिचित कराने के उद्देश्य से लोसर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 2 से 4 जनवरी तक संग्रहालय के हिमालय ग्राम, ओपन एयर प्रदर्शनी परिसर में प्रतिदिन सायं 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगा।

### हिमालयी बौद्ध समुदायों का पर्व

संग्रहालय के निदेशक प्रो. डॉ. अमिताभ पांडे ने बताया कि लोसर पर्व सिक्किम, लद्दाख एवं अन्य हिमालयी बौद्ध समुदायों में मनाया जाने वाला पारंपरिक उत्सव है। यह पर्व प्रकृति के साथ सामंजस्य, नई शुरुआत, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। सदियों पुरानी बौद्ध परंपराओं से जुड़ा यह उत्सव सामाजिक एकता और सांस्कृतिक निरंतरता को सुदृढ़ करता है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगा मंच

महोत्सव के संयोजक श्रीकांत डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में नेपाली लोक नृत्य, लेपचा जनजातीय नृत्य और भोटिया पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। ये प्रस्तुतिया हिमालयी समाज के दैनिक जीवन, प्रकृति पूजा, पर्व-त्योहारों और सामाजिक मूल्यों को सजीव रूप में प्रदर्शित करेंगी।

## स्थानीय खेल समाचार

### एनसीसी अकादमी को फाइनल मुकाबले में 65 रन से हराया

# पीयूष सिंह के दोहरे प्रदर्शन से मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने जीती चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मयंक के 318 के जवाब में एनसीसी हुई 253 रन पर ढेर

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और पब्लिक वाणी द्वारा आयोजित ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को प्रतियोगिता का दो दिवसीय फाइनल मैच मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और एनसीसीसी अकादमी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मयंक के कप्तान अरबाज़ उद्दीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 318/9 रन बनाए। इनमें पीयूष सिंह ने नाबाद 67, अदम्य पचौरी ने 61, देवांश यदुवंशी ने 51, शिवांश चतुर्वेदी ने 38 प्रियांशु प्राण ने 32 और ओजस्व यादव ने 30 रन बनाए। एनसीसीसी की ओर से आकाश, गौतम रघुवंशी, रिचित चौहान और अभिराज खरे ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में एनसीसीसी अकादमी की टीम 75.3 ओवर में 253/10 रन ही बना सकी। इसके गौतम रघुवंशी ने 80, जबकि सिद्धार्थ उपाध्याय और नवीन सिंह ने 50-50 रन बनाए। मयंक चतुर्वेदी अकादमी की ओर से प्रभांशु शुक्ला ने 5, जबकि पीयूष सिंह ने दो विकेट लिए। वहीं हर्ष सेन को एक विकेट मिला। इस प्रकार मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने 65 रन से जीत दर्ज कर ख़िताब अपने नाम किया। मैच में दोहरे प्रदर्शन के लिए पीयूष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच समाप्ति के पश्चात प्रतियोगिता का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ध्रुव नारायण सिंह अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ने, चेयरमैन भोपाल संभाग क्रिकेट संघ सैयद साजिद अली की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सचिव बीडीसीए शांति कुमार जैन, ब्रजेश तोमर 'ओमी', राजीव सक्सेना, जितेंद्र प्रताप सिंह साद उद्दीन, शाहिद मोहम्मद ख़ान, राकेश सिंह बिष्ट, हेमंत कुमार सूदन, प्रद्युम्न मोनू गोहल, एम के भटनागर आदि उपस्थित थे।

### ये रहे श्रेष्ठ

मैन ऑफ द मैच फाइनल : पीयूष सिंह (मयंक चतुर्वेदी अकादमी)
श्रेष्ठ बल्लेबाज : देवांश यदुवंशी (मयंक चतुर्वेदी अकादमी)
श्रेष्ठ गेंदबाज़ : पवन निर्वाणी (एनसीसीसी)
प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट: प्रारब्ध मिश्रा (बीडीसीए प्रेसिडेंट एकादश)
श्रेष्ठ अनुशासित टीम: बीडीसीए प्रेसिडेंट एकादश

# साई की जूडो खिलाड़ी योगिता मंडावी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित, पीएम मोदी ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की उभरती जूडो खिलाड़ी योगिता मंडावी को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में दिया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी बच्चों से संवाद किया। योगिता मंडावी ने वर्ष 2024 में साई भोपाल में प्रवेश लिया और तब से जूडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पण का परिचय दिया है।

**ये हैं उनकी प्रमुख उपलब्धियां**

रजत पदक – चौथी खेलो इंडिया महिला लीग राष्ट्रीय प्रतियोगिता, केरल (2024–25)
कांस्य पदक – सब-जूनियर राष्ट्रीय जूडो, हैदराबाद (2025)





### नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांव की रहने वाली हैं योगिता

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के समीप स्थित नक्सल प्रभावित क्षेत्र, हिर्री गांव से आने वाली योगिता की जीवन यात्रा साहस और आत्मबल का अद्भुत उदाहरण है। मात्र चार वर्ष की आयु में अपने माता-पिता को खोने के बाद उनका पालन-पोषण बालिका गृह में हुआ, जहाँ उन्होंने दस वर्ष की आयु में जूडो का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। केवल 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और आज वे देशभर के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं।

राष्ट्रपति ने एआई चैलेंज का किया शुभारंभ

# देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता परिवर्तन लाने का शक्तिशाली अवसर विश्व की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 'स्किल द नेशन' एआई चैलेंज का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही है, जिससे लोगों के सीखने, काम करने और आधुनिक सेवाओं तक पहुंचने के तरीके प्रभावित हो रहे हैं।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया समारोह

राष्ट्रपति ने अर्थव्यवस्था के लिए एआई को विकास चालक बताया



राष्ट्रपति ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का किया वर्चुअल उद्घाटन

### छात्र ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के विकास के लिए करें

उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए, एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि सकारात्मक और समावेशी परिवर्तन लाने का एक शक्तिशाली अवसर है। उभरती प्रौद्योगिकियों की ओर से आकार दिए जा रहे भविष्य के लिए छात्रों को तैयार देखकर खुशी जताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा करने, चुनौतियों का समाधान करने और दूसरों को सशक्त बनाने के लिए करने का आग्रह किया।

### सांसदों को भी सराहा

राष्ट्रपति मुर्मू ने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा करने वाले सांसदों की भी सराहना की और कहा कि उनके प्रयास निरंतर सीखने के माध्यम से नेतृत्व को दर्शाते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एआई को एक प्रमुख विकास चालक बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह आने वाले दशक में जीडीपी, रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भारत समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण करे

उन्होंने मजबूत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा के निर्माण में डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशलों के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा सरकार संस्थानों, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि भारत न केवल उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाए बल्कि जिम्मेदार और समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण भी करे।

### सामूहिक प्रतिबद्धता से ही विकसित भारत बनेगा

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप देश को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लक्ष्य में योगदान देते हुए एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया था, जो भारत के कार्यबल को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने के सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### राहुल की तुलना श्री राम से, भड़के निरुपम

**मुंबई।** कांग्रेस नेता नाना पटोले ने राहुल गांधी के कार्यों की तुलना भगवान राम से की, जिस पर



राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस तुलना को हास्यास्पद बताते हुए कांग्रेस के आचरण को 'रावण' जैसा करार दिया। संजय ने कहा कि कांग्रेस सदैव राम विरोधी रही है।

### कार ने 6 को कुचला 1 की मौत, कई घायल

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में कंबल वितरण के दौरान एक कार ने 6लोगों को कुचल दिया। एक



व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इस पर लोगों ने चौकी में भी तोड़फोड़ की। घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली गांव के पास की है। अदलहाट शेरवा मार्ग पर कंबल वितरण का आयोजन था।

### पिता ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर आत्महत्या की

**उय्यालावाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उय्यालावाड़ा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।



यहां एक व्यक्ति ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर दी और फिर खुद ही अपने घर में फांसी का फंदा बनाकर खुद भी आत्महत्या कर ली। यह घटना नंदयाल जिले की है। पुलिस ने गुरुवार को इस मामले के बारे में जानकारी दी।

### 2,000 के 98.4% से अधिक करेंसी जमा

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने 2000 रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया पर अहम जानकारी दी है।



आरबीआई के अनुसार प्रचलन से हटाए गए रुपए 2000 के कुल नोटों में से 98.41 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को शुरू प्रक्रिया के बाद बाजार में कम नोट शेष रह गए हैं।

पीएम मोदी ने लिखा तिरुवनंतपुरम के नए मेयर राजेश को पत्र

# केरल के लिए यह खास उपहार, कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम के नवनिर्वाचित मेयर वीवी राजेश को पत्र लिखकर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे केरल के लिए नए साल का विशेष उपहार बताया और इस सफलता को वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम बताया है। पत्र में पीएम मोदी ने मेयर वीवी राजेश और उपमेयर जीएस आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम से अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि यह शहर हर मलयाली के दिल में विशेष स्थान रखता है। यह श्री पद्मनाभस्वामी के आशीर्वाद से पवित्र है और राजधानी होने के साथ-साथ विचारकों, समाज सुधारकों, कलाकारों, कवियों, संगीतज्ञों और संतों की भूमि रही है। ऐसे महान शहर का भाजपा को आशीर्वाद देना विनम्र करने वाला अनुभव है।

नए साल की शुरुआत पर दी बधाई

उपमेयर आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और नवनिर्वाचित पार्षदों और कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं

## इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया

### 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का विजन हर वर्ग तक पहुंचा



प्रधानमंत्री मोदी



मेयर वीवी राजेश

पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का भाजपा का विजन शहर के हर वर्ग तक पहुंचा है। लोगों ने केंद्र के कामकाज और राज्यों में शहरी विकास के प्रयासों को देखा है, इसी कारण उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया।

### केरल में एक 'नए सवेरे' का संकेत

प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों तक कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया है। राज्य की राजनीति लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के हाथों में रही है, जिनके शासन में भ्रष्टाचार और हिंसा की संस्कृति पनपी। इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे, लोगों की समस्याएं उठाईं।

### केरल झूठे वादों की राजनीति से अलग हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए अब केरल में जनता का विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में दोस्त और केरल में प्रतिद्वंद्वी होने का उनका 'फिक्स्ड मैच' अब खत्म होने वाला है। केरल अब झूठे वादों से मुक्त होना चाहता है।

### नारायण गुरु, अय्यंकाली और पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया

प्रधानमंत्री ने श्री नारायण गुरु, महात्मा अय्यंकाली और मन्नाथु पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ सेवा, गरीबों और वंचितों की चिंता तथा महिलाओं का सशक्तीकरण जैसे मूल्य तिरुवनंतपुरम के प्रशासन की प्रेरणा बनने चाहिए। राजेश और उनकी टीम 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ाएगी।

### पत्र को अमित मालवीय ने भी एक्स पर शेयर किया

इस पत्र को भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी 'एक्स' पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केरल और भाजपा दोनों के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा के विजन पर जनता के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है और राज्य में शहरी शासन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है।

पीएम ने दी सिंधिया को जन्मदिन की बधाई

### पूर्वोत्तर भारत में किए गए कामों को सराहा दीर्घायु की कामना की

पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत में लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने की दिशा में उनके प्रयासों को सराहा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जन्मदिन की बधाई। वे टेलीकॉम सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए जुटे हैं।

### सिंधिया ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

सिंधिया ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री जी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। आपकी लीडरशिप और जनसेवा की से प्रेरित होकर मैं विकसित भारत बनाने में कमी नहीं करूंगा।

सीएम ममता बेनर्जी ने कहा

# हम 'बुरी ताकतों' के आगे नहीं झुकेंगे, हमारा संघर्ष जारी रहेगा

नव वर्ष पर टीएमसी का स्थापना दिवस



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल जनता के लिए संघर्ष करता रहेगा और किसी भी 'बुरी ताकतों' के सामने समर्पण नहीं करेगा।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। तृणमूल कांग्रेस का सफर आज ही के दिन 1998 में मातृभूमि और लोगों की सेवा के मकसद से शुरू हुआ था। इस ऐतिहासिक सफर की मुख्य बातें मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हैं। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के लिए अडिग और प्रतिबद्ध है।

### 28 साल पहले कांग्रेस से अलग होकर बनाई थी अपनी पार्टी

उन्होंने लिखा कि तृणमूल कांग्रेस परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, स्नेह और प्रार्थनाओं से भरा हुआ है। आपके अटूट समर्थन से, हम महान लोकतांत्रिक देश के हर व्यक्ति की लड़ाई में अडिग हैं। हम किसी भी बुरी ताकत के सामने नहीं झुकेंगे और आम लोगों के लिए हमारा संघर्ष आजीवन जारी रहेगा। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी 28वें साल में प्रवेश कर चुकी है। इस 28 साल में टीएमसी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने बंगाल में अस्मिता की राजनीति को नया रूप दिया है। कांग्रेस पार्टी से अलग होकर 1 जनवरी 1998 को ममता ने तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था।

### हर कार्यकर्ता को नमन करता हूं: अभिषेक



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कहा कि दल की असली शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ताओं के अनुशासन और विश्वास में निहित है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तृणमूल कांग्रेस स्थापना दिवस पर मैं अपने लगातार बढ़ते परिवार के हर सदस्य के प्रति कृतज्ञता से सिर झुकाता हूं।

असम में भी भाजपा का 'बिहारी दांव'

# 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए की नकद सहायता मिलेगी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बिहार में सफल दांव को असम में भी खेलने का फैसला किया है।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में ऐलान किया कि असम की 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि ओरुनोदोई योजना के तहत राज्य में लाभ पाने वाली 37 लाख महिलाओं को बोहाग बिहू से पहले 8,000 रुपए की नकद सहायता दी जाएगी।

### योजनाओं के तहत सीएम देंगे तोहफा

इनमें जनवरी से अप्रैल के की अवधि के लिए ओरुनोदोई योजना के 5,000 रुपए भी शामिल हैं। 3,000 हजार रुपए की अतिरिक्त रकम बिहू के उपहार के तौर पर दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की आजीविका को मजबूती देना और आर्थिक सहारा प्रदान करना है।

दुबई जा रहे यात्रियों ने भी किया पाठ

# दुबई जा रहे भाजपा विधायक ने विमान में पढ़ी हनुमान चालीसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्लाइट के अंदर यात्रियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करने का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा नेता बालमुकुंद आचार्य



खड़े होकर चालीसा का पाठ कर रहे हैं। उनके साथ लोग भी पाठ करते हैं। लोग विधायक और उनके परिवार से जुड़े सदस्य हैं। वीडियो में खड़े होकर चालीसा का पाठ करने वाले नेता राजस्थान के हवामहल सीट से भाजपा के विधायक हैं। उनका नाम बालमुकुंद आचार्य है। अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

### नेताओं ने दुबई के लिए भरी उड़ान

राजस्थान में भजनलाल सरकार के कई विधायक और भाजपा नेता नए साल पर एक निजी विदेश दौरे पर रवाना हुए हैं। बताया जा रहा है कि 1 जनवरी की सुबह इस डेलीगेशन ने हवाई जहाज से दुबई के लिए उड़ान भरी है। इसी फ्लाट के विजुअल्स सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## नव वर्ष में अयोध्या-काशी में उमड़ा सैलाब



**अयोध्या।** राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में नए साल की सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रशासन के अनुसार लाखों लोगों ने दर्शन किया। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में आधी रात से ही भक्तों की करीब 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। यहां कड़ाके की ठंड में भी गजब का उत्साह दिखा।

विवादों के बीच मद्रास हाईकोर्ट के जज का अहम फैसला

# स्टेन स्वामी का मेमोरियल बन सकता है तो स्मारक स्तूप बनाने में क्या दिक्कत?

## नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में मंदिर में दीप जलाने के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार और केंद्र में विपक्षी पार्टियों के निशाने पर आए जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने एक और अहम फैसला सुनाया है। मद्रास हाई कोर्ट में जस्टिस स्वामीनाथन ने 1755 में अंग्रेजों के खिलाफ लड़े नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। यह फैसला 18वीं सदी में गुलामी के दौर में भारतीयों के



प्रतिरोध की एक प्रेरक इतिहास को उदाहरण बनाता है। जस्टिस स्वामीनाथन का फैसला नथम के तहसीलदार द्वारा इस स्मारक को अनुमति न दिए जाने के बाद आया है। तहसीलदार द्वारा अनुमति न देने पर हाईकोर्ट में रिट दायर की थी।

### स्तूप स्थापना के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

जस्टिस ने कहा कि राज्य में अगर स्टैन स्वामी की याद में पत्थर का स्तंभ लगाया जा सकता है, उसके लिए अनुमति कि आवश्यकता नहीं पड़ी, तो निश्चित रूप से नथन कनवाई युद्ध की स्मृति में स्तूप स्थापित करने किए भी किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने जिन स्टेन स्वामी का जिक्र किया।

केरल हाईकोर्ट में एसटीएफ ने किया इसका खुलासा

# सबरीमाला मंदिर में 7 और पैनलों से सोना गायब

एजेंसी ▶▶ सबरीमाला

यहां सोना चोरी घोटाले को लेकर स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसटीएफ) ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है कि मंदिर की और भी कलाकृतियों से सोना गायब है। केरल हाईकोर्ट के आदेश में जांच कर रही एसआईटी ने द्वारपालक मूर्तियों और मंदिर के गर्भगृह के दरवाजों से गायब सोने के संबंध में 2 मामले दर्ज किए थे। कोल्लम की विजलेंस कोर्ट में पेश रिपोर्ट में जिसमें एसआईटी ने कथित आरोपियों की हिरासत मांगी है। एजेंसी ने कहा है कि यह घोटाला केवल दो कलाकृतियों तक सीमित नहीं है। पहले माना जा रहा था कि सिर्फ द्वारपालक की दो मूर्तियों से सोना गायब है, लेकिन अब जांच में सामने आ रहा कि 7 और पैनलों से सोना गायब है।

## इसके पहले 2 कलाकृतियों से सोने में किया गया था 'खेल'

### केमिकल का इस्तेमाल कर सोने को किया अलग



कहा गया है कि चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशन्स में केमिकल का इस्तेमाल कर सोने को अलग किया गया है और यह बेल्लारी स्थित ज्वेलर गोवर्धन रोड्डम के कब्जे में है।एसआईटी ने गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में शामिल तीन आरोपियों स्वयंभू प्रायोजक उन्नीकृष्णन पोट्टी, गोवर्धन रोड्डम, चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशन्स के पंकज भंडारी की हिरासत मांगी है।

### इसरो से मांगी जांच में मदद

एसआईटी ने कोर्ट को यह भी बताया कि उन्होंने मंदिर में विभिन्न कलाकृतियों पर सोने की परत चढ़ाने की सही मात्रा का पता लगाने के लिए इसरो के एक केंद्र वीएसएससी-तिरुवनंतपुरम से टेक्निकल सपोर्ट मांगी है।

### सीपीआई (एम) नेताओं समेत 10 गिरफ्तार

एसआईटी ने अब तक तीन सीपीआई (एम) नेताओं समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें पूर्व विधायक ए पद्मकुमार भी शामिल हैं। पिछले हफ्ते, एसआईटी ने पूर्व मंत्री कडकम्पल्ली सुरेंद्रन से पूछताछ की, जो 2019 में देवस्वम मंदिर के मंत्री थे, जब मंदिर में कथित चोरी की घटना हुई थी। इसके पहले अक्टूबर में भी इस तरह की हेराफेरी की गई थी।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या का प्रयास

# भीड़ ने किया हमला, पेट्रोल डालकर लगाई आग, पीड़ित ने तालाब में कूदकर बचाई जान, अस्पताल में किया भर्ती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह परेश चंद्र दास के बेटे हैं। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे।

घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे

पहले पीटा, उसके बाद सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी

लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार


घायल अवस्था में खोकन चंद्र दास को अस्पताल ले जाते हुए

### लोगों ने अस्पताल पहुंचाया

जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और रात करीब 10 बजे शरियतपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर उन्हें उसी रात ढाका भेज दिया गया।

### डॉक्टरों की रिपोर्ट: पेट में गंभीर चोट

*शरियतपुर सदर अस्पताल के डॉक्टर नज़रुल इस्लाम ने बताया कि खोकन चंद्र दास के शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। पेट में गंभीर चोट है, जिसकी वजह से उन्हें ढाका रेफर किया गया। इसके अलावा उनके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और हाथों पर जलने के निशान भी पाए गए हैं।*

### बीते दो हफ्ते में चौथी घटना

*इससे पहले बांग्लादेश में 18 दिसंबर 2025 को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने मार डाला था। फिर उसके शरीर को पेड़ से बांधकर जला दिया गया था। इसके बाद 25 दिसंबर को भीड़ ने अमृत मंडल को पीट-पीटकर मार डाला था।*

### पत्नी का आरोप: पहचान छिपाने के लिए जलाया

घायल की पत्नी सीमा दास ने बताया कि उनके पति रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से बदमाशों ने उनकी हत्या की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उन्होंने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था, फिर भी इस तरह का हमला क्यों हुआ, यह समझ से बाहर है।

### पुलिस जांच में जुटी, दो आरोपी चिन्हित

दामुद्या थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद रबीउल हक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में दो आरोपियों की पहचान की गई है, जिनके नाम रब्बी और सोहाग बताए गए हैं। दोनों स्थानीय निवासी हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस वारदात में और कौन-कौन शामिल था।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के नाम पर पेंटागन को भेजा ई-मेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले निशीथ कोहली नाम के व्यक्ति ने पीएम मोदी के नाम का गलत इस्तेमाल कर डीआरडीओ, इसरो और यहां तक कि अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन तक को ई-मेल भेज रखे थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने अपनी पड़ताल में पाया कि शख्स ने पीएमओ, एचएए को भी ई-मेल लिखे थे। इन ई-मेल्स में उस व्यक्ति ने दावा किया था कि उसे सरकार को स्वदेशी सैन्य जेट इंजन बनाने में मदद करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है।



### कनाडा में उड़ान से पहले पायलट ने पी शराब

**वैंकूवर।** कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक पायलट को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। 23 दिसंबर, 2025 को वैंकूवर-दिल्ली (वियना होते हुए) उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक पायलट को जश्न मनाना भारी पड़ गया। पायलट को मुंह से शराब की गंध आने के बाद हिरासत में लिया गया। कर्मचारी ने पायलट की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी। कनाडाई अधिकारियों ने पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें वे फेल हो गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया।



### असलम शब्बीर शेख की गोली मारकर हत्या

**पुणे।** पुणे में 2012 के जंगली महाराज (जेएम) रोड सीरियल बम विस्फोट मामले में आरोपी असलम शब्बीर शेख उर्फ बंटी जहागीरदार (52) की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह घटना महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के श्रीरामपुर में हुई। श्रीरामपुर के वार्ड नंबर 2 के रहने वाले जहागीरदार फिलहाल जमानत पर बाहर थे। पुलिस के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब जहागीरदार श्रीरामपुर के एक कब्रिस्तान से बाहर निकले तो अज्ञात हमलावरों ने उन पर दो पिस्तौल से गोलियां चलाईं।



### बच्चों के लिए फ्रांस में भी बैन होगा सोशल मीडिया

**नई दिल्ली।** फ्रांस सरकार किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सितंबर 2026 से 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही हाई स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी रोक लगाने की तैयारी है। फ्रांस का यह कदम ऑस्ट्रेलिया के हालिया कानून से प्रेरित है। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया था।



## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी

# गलियों में गूंजा 'डेथ टू डिक्टेटर' का नारा 21 प्रांतों में पहुंच गई 'बगावत' की चिंगारी

1 पुलिसकर्मी सहित 3 की मौत, 13 घायल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

*प्रदर्शनकारियों ने इस्फ़हान, हमादान, बाबोल, देहलोरन, बाघमलेक और पियान जैसे शहरों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी अब ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए, निर्वासित राजकुमार रज़ा पहलवी का समर्थन किया और पिछले विद्रोहों में मारे गए*

ईरान में सत्ता के खिलाफ प्रदर्शन का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। ईरान की सत्ता के खिलाफ नागरिकों का विद्रोह चौथे दिन में और 2025 से 2026 में प्रवेश कर गया है। अब प्रदर्शनकारी ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। बुधवार को ईरान में लगातार चौथे दिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में रैलियां निकाली।

लोरदेगन में झड़पों के दौरान दो लोगों की मौत हुई। वहीं, कुहदश्त में बसीज स्वयंसेवी अर्धसैनिक बल के एक सदस्य की मौत और 13 के घायल होने की पुष्टि की गई है।ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। एक डॉलर 42,125 रियाल के बराबर हो गया है। लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। ईरान के बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की हैं।

प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया

### बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की


ईरान में महंगाई के विरुद्ध सड़कों पर लोग

### महंगाई कहर बरपा रही

*ईरान में महंगाई अभी कहर बरपा रही है। यहां महंगाई दर अभी 42 फीसदी तक पहुंच गई है। रोजाना की जिंदगी के खर्चे बढ़ने से जनता हलकान है और सड़कों पर उतर आई है। इस्फ़हान में रात में प्रदर्शनकारियों ने 'डरो मत, हम सब साथ हैं', 'तानाशाह मुर्दाबाद', 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'डेथ टू डिक्टेटर' के नारे लगाए। जबकि देहलोरन और बागमलेक में प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में नारे लगाए। कई लोगों ने ईरान के पूर्व शासक रजा शाह पहलवी के समर्थन में नारे लगाए।*

### सुरक्षा बलों ने किया बल प्रयोग

प्रदर्शनकारियों को डिगाने के लिए सुरक्षा बलों ने कई जगहों पर बल प्रयोग किया। नाहवंद, असदाबाद और हमादान जैसे शहरों में गोलीबारी और आंसू गैस छोड़े लेकिन यहां प्रदर्शनकारी डटे हुए दिखाई दिए। तेहरान में तेहरान यूनिवर्सिटी की एक स्टूडेंट लीडर सरीरा करीमी को उनके घर पर छापे के बाद हिरासत में लिया गया है। सरीरा करीमी के ठिकाने का पता नहीं चल पाया है।

### समर्थन मिलना शुरू

*इस प्रदर्शन को मौलानाओं का भी समर्थन मिलना शुरू हो गया है। सुन्नी मौलाना मोलावी अब्दोलहामिद ने कहा कि खराब लिविंग ऑफ स्टैंडर्ड और राजनीतिक गतिरोध इस विद्रोह की वजह बन रहे हैं। मशहूर फिल्ममेकर जाफर पनाही ने इस अशांति को "इतिहास को आगे बढ़ाने" के लिए एक विद्रोह बताया। उन्होंने कहा कि साझा दर्द अब सड़कों पर एक चीख में बदल गया है। पश्चिमी राजनेता लगातार प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खड़े रहे। अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि उन्हें यह देखकर हौसला मिला कि ईरानी लोग ईरान की ज़ालिम तानाशाही को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उनसे 'बुरी सरकार' के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आग्रह किया।*

### ईरान में सत्ता बदलाव की मांग उठी

प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। वे इस्फ़हान, हमादान, बाबोल, देहलोरन, बाघमलेक और पियान जैसे शहरों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी अब ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए, निर्वासित राजकुमार रज़ा पहलवी का समर्थन किया और पिछले विद्रोहों में मारे गए प्रदर्शनकारियों को याद किया। कुल मिलाकर ये प्रदर्शन ईरान के 21 प्रातों में पहुंच गया है।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# सीमा पर पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया, जासूसी का शक


सीमा पर गश्त करते सुरक्षाकर्मी

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर/पुंछ

जैसलमेर जिले में नए साल के जश्न के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। जिले के नाचना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8 बजे BSF की 72वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान हल्के कोहरे के बीच सीमा पार से एक युवक को भारतीय क्षेत्र की ओर आते देखा।

जवानों ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध युवक भारतीय सीमा के भीतर दाखिल हुआ, जवानों ने तारबंदी के पास उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल खुफिया एजेंसियां और बीएसएफ के अधिकारी उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस से पहले पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए के जासूस होने का शक है। 'ऑपरेशन अलर्ट' के तहत पकड़े गए युवक को तुरंत पास की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) पर लाया गया।

### आतंकियों ने ड्रोन से गिराया बैग

*नए साल के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर खड़ी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से एक ड्रोन के माध्यम से एक संदिग्ध बैग गिराया गया था। इस गतिविधि का पता चलते ही नियंत्रण रेखा पर तैनात सतर्क जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुबह तड़के अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर एक तलाशी अभियान शुरू किया। इस संयुक्त अभियान में सेना, एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और पुलिस के जवान शामिल थे। तलाशी अभियान के दौरान, पुलस्त्य नदी में ड्रोन से गिराया गया वह बैग बरामद करने में सफलता मिली। बैग की जांच करने पर उसमें तीन पैकेट मिले। इन पैकेटों में नशीला पदार्थ, गोलियां और एक आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद हुआ है।*



### अवैध घुसपैठ करते गिरफ्तार

भारत–नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का एक गंभीर मामला सामने आया है। रक्सौल बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों और उन्हें बॉर्डर पार कराने में मदद कर रहे एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। तीनों बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। यह मामला मोतिहारी जिले के भारत–नेपाल सीमा स्थित रक्सौल बॉर्डर का है।

## डीआरडीओ दिवस पर रक्षा मंत्री का दावा

# देश जल्द ही सुदर्शन चक्र का कर लेगा निर्माण, सुरक्षा के लिए जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ मुख्यालय के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने दौरे के दौरान कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता


डीआरडीओ मुख्यालय में राजनाथ

दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित सुदर्शन चक्र के निर्माण में डीआरडीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है।

## वायुसेना में हुई नवीन नियुक्तियां

# एयर मार्शल नागेश उपाध्यक्ष और कमांडिंग-इन-चीफ बने श्रीनिवास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एयर मार्शल नागेश कपूर ने 1 जनवरी को भारतीय वायु सेना उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत एयर मार्शल नागेश कपूर ने दिसंबर 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक उपाधि प्राप्त की और 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की युद्धक विमान इकाई में शामिल हुए। अनुभवी युद्धक पायलट, योग्य उड़ान प्रशिक्षक और युद्धक विमान लीडर एयर मार्शल नागेश कपूर ने मिग-21


नागेश कपूर व सीथेपल्ली श्रीनिवास

और मिग-29 के सभी प्रारूप के विमान उड़ाए हैं। वहीं, एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। एयर मार्शल श्रीनिवास के पास मिग-21, इस्क्रा, किरण, सहित अन्य विमानों पर 4200 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।

## दोनों देशों ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची भी आपस में साझा की

# केंद्र के प्रयासों की बदौलत पाक से लौटे 2732 नागरिक कैदी-मछुआरे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पुरानी परंपरा के तहत भारत और पाकिस्तान ने नए साल के पहले दिन नई दिल्ली और इस्लामाबाद में मौजूद कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया है। जिसमें भारत ने 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की सूची पड़ोसी देश को सौंपी है।

ये वो लोग हैं जो बीते काफी वक्त से भारत की जेलों में बंद हैं । विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि केंद्र सरकार के लगातार जारी सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि



2014 से लेकर कुल 2 हजार 732 नागरिक कैदी और मछुआरे पाकिस्तान से सुरक्षित स्वदेश लौटे हैं। इनमें से 500 भारतीय मछुआरों और 13 नागरिक कैदियों की वतन वापसी 2023 से लेकर अभी तक हुई है। पाकिस्तान ने जो सूची भारत को सौंपी है उसमें उसने अपनी जेलों में बंद 58 नागरिक कैदियों और 199 मछुआरों का विवरण साझा किया है।

### परमाणु प्रतिष्ठानों की 35वीं सूची सौंपी

'प्रोहिबिशन आफ अटैक अगेंस्ट न्यूक्लियर इस्टॉलेशंस एंड फैसिलिटी एग्रीमेंट' के तहत दोनों देशों ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची को भी एक-दूसरे से साझा किया है। इस समझौते पर दोनों देशों ने 31 दिसंबर 1988 में हस्ताक्षर किए थे और 27 जनवरी 1991 को यह लागू हुआ था। गुरुवार को 35वीं सूची को साझा किया गया है। इस संबंध में पहली सूची का आदान-प्रदान 1 जनवरी 1992 को किया गया था।

## साल के पहले दिन दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल पहुंचे सेनाध्यक्ष

सैनिकों के अदम्स साहस और जज्बे की सराहना की

# जखमी और बीमार सैनिकों से मिलकर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नववर्ष 2026 के पहले ही दिन गुरुवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भारतीय सेना के जवानों के बीच मौजूद रहे। उन्होंने दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल का दौरा किया। अपने इस विशेष अवलोकन के दौरान उन्होंने यहां उपचाराधीन सैन्य जवानों, अधीनस्थ अधिकारियों और पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान, सेनाध्यक्ष ने यहां इन सैनिकों के अदम्य साहस, जज्बे और हर परिस्थिति में लड़ने की भावना की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उपचार करा रहे सैनिकों व पूर्व सैनिकों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। बता दें, दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल देश के सबसे बड़े सैन्य अस्पतालों में शुमार है।

### अस्पताल प्रबंधन को समर्थन देने का आश्वासन दिया


थल सेना प्रमुख बीमार सैनिकों से मुलाकात करते हुए

### चिकित्सा दल के सेवा कार्यों को सराहा

*जनरल द्विवेदी ने अस्पताल में तैनात सैन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और कर्तव्यनिष्ठ सेवा की भी भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा दल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास न केवल रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह भारतीय सेना की देखभाल एवं सेवा के उच्च मानकों को भी दर्शाते हैं।*

### सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बेस हॉस्पिटल के संपूर्ण स्टाफ को उनकी संवेदनशील, मानवीय और निरंतर सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया। धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि वे सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

उन्होंने नए वर्ष के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए अस्पताल प्रशासन को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन का आश्वासन दिया।

## 40 मीटर दूर तक दिखा असर

# हिमाचल में पुलिस थाने के पास ब्लास्ट, खिड़कियों के शीशे टूटे

एजेंसी ▶▶ सोलन

नालागढ़ के पुलिस थाने के समीप वीरवार सुबह जोरदार धमका हुआ। इससे लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। धमाके के साथ पुलिस थाना नालागढ़ के आईओ कमरे, पूर्व सैनिक लीग व साथ लगती मार्केट की दुकानों के शीशे का कांच टूट गए। सूचना मिलते ही एसपी बद्दी विनोद धीमान मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। फॉरेंसिंग टीम भी बुलाई गई, जिन्होंने मौके से कई सैंपल लिए हैं। अभी तक धमाका किससे हुआ इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह


पुलिस थाने के पास का दृश्य

धमाका वीरवार सुबह 9:40 बजे हुआ। पुलिस थाना के साथ एक पैदल रास्ता नीचे बाजार की ओर जाता है। जिसमें यह धमाका हुआ। धमाके से कोई कोई जानी नुकसान हुआ, मगर लोग इससे सहम गए। आईओ के कमरे के साथ साथ करीब 40 मीटर की दूरी पर पूर्व सैनिक लीग की कैंटीन की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

# परनीत-अभिषेक तीरंदाज टॉप्स कोर समूह में, डोप कलंकित रीतिका बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं।





## डोप टेस्ट में नाकाम रहीं थीं हुड्डा

एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता रीतिका हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी। भारतीय खेल प्राधिकरण के एक सूत्र ने हुड्डा के बारे में पूछने पर बताया अब उन्हें बाहर कर दिया गया है।'' विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा ,'' हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी।'' सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।



## तीरंदाजी कंपाउंड की सूची में 8 खिलाड़ी

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार कंपाउंड तीरंदाजों को ताजा सूची में रखा गया है । तीरंदाजी इन खेलों का हिस्सा होगी। परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है जबकि तीन रिकर्व सितारों दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है । अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और ऋषभ यादव के नाम भी सूची में शामिल हैं।

## खिलाड़ियों को मिलने वाली राशि

टॉप्स में कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल समूह के खिलाड़ियों को 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट ' भत्ता दिया जाता है। इसके अलावा विदेश में ट्रेनिंग और प्रतियोगिता के दौरान 25 डॉलर प्रतिदिन दिये जाते हैं

## खबर संक्षेप



### एमबाप्पे चोटिल, तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध

**पेरिस।** स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है। यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

### टी-20 विश्व कप से पहले मलिंगा बने श्रीलंका के गेंदबाजी सलाहकार

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जो कि भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। इस वैश्विक प्रतियोगिता से ठीक पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपनी टीम का तेज गेंदबाजी कोच सलाहकार नियुक्त किया है। बोर्ड ने माना कि मलिंगा की नियुक्ति से श्रीलंका का गेंदबाजी सेक्शन अच्छा परफार्म करेगा। बता दें कि विश्व कप में श्रीलंका ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और ओमान के साथ शामिल है।




### कैपिटल्स और पार्ल रॉयल्स की आसान जीत

**केपटाउन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से विहान लुब्बे ने 36 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 60 रन और शाई होप ने 30 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। लेकिन वह डेवाल्ड ब्रेविस (13 गेंदों पर नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (15 गेंदों पर नाबाद 47, छह छक्के) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी थी जिससे प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।




### रोबर्टो कार्लोस के दिल की सर्जरी की गई

**साओ पाउलो।** ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस ने पुष्टि की कि बुधवार को उनके दिल की सर्जरी हुई थी और अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। कार्लोस ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह मुस्कुरा रहे हैं। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे दिल का दौरा नहीं पड़ा। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने पेशेवर और व्यक्तिगत कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। अस्पताल ने बताया कि रॉबर्टो कार्लोस की हालत स्थिर है और चिकित्सा प्रोटोकॉल के कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में में रखा जाएगा।रॉबर्टो कार्लोस ने ब्राजील के लिए 125 मैच खेले।



## एशेज सीरीज 2025-26 : पांचवा और अंतिम टेस्ट 4 से

# सिडनी के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने 62 तो इंग्लैंड ने जीते हैं केवल 22 टेस्ट मैच, 4 से फिर होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इस समय खेली जा रही एशेज सीरीज 2025-26 का 5वां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी, 2026 से सिडनी के मैदान पर खेला जाएगा। इस समय ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सीरीज में 3-1 से बढ़त बनाई हुई है।

बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम ने पिछले टेस्ट को जीता था और मेहमान टीम आखिरी मैच को भी जीतने की कोशिश करेगी। इस बीच सिडनी में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### सिडनी में इंग्लैंड ने खेले हैं 57 टेस्ट

सिडनी में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 57 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 22 मैच जीते हैं और 27 में हार का सामना किया है। इस बीच 8 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए थे। इंग्लैंड ने यहां आखिरी बार 2011 में टेस्ट जीता था। वहीं इंग्लैंड ने इस मैदान पर उच्चतम स्कोर 644/10 (2011 में) बनाया है। इस मैदान पर इंग्लैंड का न्यूनतम स्कोर 45/10 रन है।

### ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले 103 टेस्ट

कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने यहां 103 टेस्ट खेले हैं और उनमें से 62 में जीत हासिल की है। कंगारू टीम को 28 टेस्ट में हार मिली है और टीम ने 23 मैच ड्रा खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां पर पर सर्वोच्च स्कोर 659 रन बनाया है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का न्यूनतम स्कोर 42 रन है। ऑस्ट्रेलिया ने 2 स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ 600 से अधिक रनों के किए हैं।



### इंग्लैंड के हैमंड, रूट व जॉर्ज का रहा अच्छा प्रदर्शन



वॉली हैमंड सिडनी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 161.6 की औसत से कुल 808 रन बनाए हैं। जो रूट ने यहां पर 2 मैचों में 55 की औसत से 165 रन बनाए हैं। वहीं, सिडनी में जॉर्ज लोहमैन के नाम एक इंग्लिश गेंदबाज के तौर पर सबसे बेहतरीन गेंदबाजी आंकड़े (1887 में 8/35) और सबसे ज्यादा विकेट (9.45 की औसत से 35 विकेट) लेने का रिकॉर्ड है।

### सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के रिंकी, उस्मान, नाथन का रहा है उम्दा प्रदर्शन

सिडनी में सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने यहां 16 टेस्ट में 67.27 की औसत से 1,480 रन (शतक-6) बनाए हैं। स्टीव स्मिथ ने यहां पर 12 टेस्ट में 64.47 की औसत से 1,096 रन (शतक-4) बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा ने 9 टेस्ट में 87.50 की औसत से 875 रन बनाए। गेंदबाजी में नाथन लियोन ने यहां पर 49 विकेट लिए हैं। मिचेल स्टार्क ने 10 टेस्ट में 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

## टी-20 विश्व कप

# मिचेल मार्श संभालेंगे ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान, कमिंस शामिल



एजेंसी ▶▶| सिडनी

टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। मिचेल मार्श की कप्तानी वाली टीम में पैट कमिंस, टिम डेविड और जोश हेजलवुड को भी चुना गया है।

बता दें कि कमिंस, डेविड और हेजलवुड फिलहाल अपनी-अपनी फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ मिशेल ओवेन और बेन ड्वार्शियस इस प्रारंभिक टीम में अपनी जगह नहीं बना सके हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने अभियान की शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच से करेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम ग्रुप-बी में मौजूद है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुने गए हैं पांच स्पिनर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुहनमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। युवा ऑलराउंडर कोनोली पर भी चयनकर्ताओं ने भरोसा जताया है। उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 22 वर्षीय ये खिलाड़ी इस समय बिग बैश लीग में खेल रहे हैं।

**चोटिल खिलाड़ियों को लेकर क्या बोले चयनकर्ता :** प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, टी-20 टीम ने हाल ही में लगातार सफलता हासिल की है, जिससे हमें श्रीलंका और भारत में मिलने वाली अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से खिलाड़ियों का संतुलन बनाने में मदद मिली।

### ऐसी है ऑस्ट्रेलियाई टीम

टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, और एडम जैम्पा।

## डब्ल्यूपीएल 2026

# पेरी व सदरलैंड ने नाम लिया वापस अब सयाली और अलाना खेलेंगी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने व्यक्तिगत कारणों से विमेंस प्रीमियर लीग 2026 से अपना नाम वापस लिया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पेरी की जगह सयाली सतघरे को टीम में शामिल किया है। सतघरे 30 लाख रुपये की रिजर्व कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने सदरलैंड की जगह अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।

### 60 लाख में दिल्ली में शामिल होंगी अलाना किंग

ऑस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर किंग पिछले सीजन में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 27 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 18.81 की औसत और 6.49 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। किंग 60 लाख रुपये की रिजर्व कीमत पर डीसी में शामिल होंगी। वहीं 25 वर्षीय सयाली ने भारत की ओर से 3 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 35.66 की औसत के साथ 3 ही विकेट लिए हैं।

### तारा नॉरिस भी नहीं लेंगी हिस्सा

तेज गेंदबाज तारा नॉरिस को 18 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक नेपाल में होने वाले 2026 आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के लिए अमेरिका की नेशनल टीम में चुना गया है। इस वजह से वह महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी, जो 9 जनवरी से शुरू हो रही है। यूपी वारियर्स ने उनकी जगह अनकैप्ड ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है। नॉट को 10 लाख रुपये में जोड़ा गया है।

### 9 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

महिला प्रीमियर लीग 2025-26 में 9 जनवरी को गत विजेता मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें आमने-सामने होंगी।
आगामी संस्करण का फाइनल मैच 5 फरवरी को वडोदरा में खेला जाएगा। यह पहली बार है जब महिला प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। बता दें कि पहले 3 सीजन आईपीएल से ठीक पहले फरवरी-मार्च में खेले गए थे। आगामी संस्करण का पहला हाफ नवी मुंबई में और दूसरा हाफ वडोदरा में खेला जाएगा।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और फीडर सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे 10 देशों के 334 खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में आज शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी।



इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे।
यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 एकल मुकाबलों से होगी। वहीं अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था।

**खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर प्रदर्शन का मौका : मेहता**


भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव कमलेश मेहता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छी रैंकिंग जरूरी होती है।

# बिग बैश लीग में मिचेल मार्श ने 55 गेंदों में जड़ा शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पर्थ स्कॉर्चर्स और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बिग बैश लीग 2025-26 में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ 19वें मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके टी-20 करियर का चौथा शतक रहा। उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों का सामना कर अपना शतक पूरा किया। बीबीएल में इस खिलाड़ी के बल्ले से निकला यह दूसरा शतक है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

मार्श ने 58 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 175.86 की रही। उनके अलावा आरोन हार्डी ने 43 गेंदों का सामना कर 94 रन बनाए। हार्डी और मार्श ने 84 गेंदों में 164 रन की शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों की पारियों के दम पर पर्थ की टीम 229/3 का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।



मार्श ने अब तक 222 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 209 पारियों में लगभग 33 की औसत से 5,500 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 34 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 137.17 की रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने 81 टी-20 की 76 पारियों में 33.06 की औसत और 139.79 की स्ट्राइक रेट से 2,083 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं।

# पोंटिंग, स्मिथ व क्लॉर्क की तिकड़ी ने एशेज ही नहीं बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भी ठोके हैं 2,000 से ज्यादा रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच एशेज सीरीज खेली जाती है। ऐसी ही ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तौर पर ऐतिहासिक सीरीज होती है।

ये दोनों सीरीज टेस्ट प्रारूप की सबसे प्रतिस्पर्धी द्विपक्षीय सीरीज मानी जाती हैं। अब तक चुनिंदा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ही एशेज सीरीज के साथ-साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2,000 से अधिक रन बना चुके हैं। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।







### रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज में 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 44.21 की औसत के साथ 2,476 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 8 शतक और 9 अर्धशतक लगाए थे। पोंटिंग को भारत के खिलाफ बल्लेबाजी करना भी पसंद रहा था। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 29 टेस्ट में 54.36 की औसत के साथ 2,555 रन बनाए थे, जिसमें 8 शतक शामिल थे। वह भारत के विरुद्ध सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं।

### स्टीव स्मिथ

दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ एशेज सीरीज में फिलहाल तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इंग्लिश टीम के विरुद्ध अब तक 3,500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 23 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 44 पारियों में 57.92 की औसत के साथ 2,201 रन बनाए हैं। स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 192 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 10 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

### भारत के खिलाफ 10+ शतक जड़ने वालों में शुमार हैं स्मिथ

स्मिथ भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में कम से कम 10 शतक लगाने वाले 2 बल्लेबाजों में शुमार हैं। बता दें कि इंग्लैंड के जो रूट ने भारत के विरुद्ध सर्वाधिक 13 टेस्ट शतक लगाए हैं।

### माइकल क्लार्क

माइकल क्लार्क भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। एशेज सीरीज में माइकल क्लार्क ने 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 40.74 की औसत के साथ 2,241 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 7 शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए थे। वहीं, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में क्लार्क ने 22 टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने 53.92 की औसत के साथ 2,049 रन बनाए थे। भारत के खिलाफ उन्होंने 7 शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे।

## खबर संक्षेप

### तीन दिन और बढ़ा भोजपाल महोत्सव मेला 4 को होगा समापन

**भोपाल।** राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहा भोजपाल महोत्सव मेला 3 दिन और बढ़ गया है। अब रविवार 4 जनवरी को भव्य आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में भोजपुरी नाइट के साथ मेले का समापन किया जाएगा। भोजपुरी सिंगर गोलू राजा अपनी शुभ मधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे। मेले में गुरुवार को गंधर्व द फोक फ्यूजन सूफी बैंड की प्रस्तुति दी गई। गायक ग्वालियर घराने से गौरव लखेरा ने अपनी सूफी गीतों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि हितानंद शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, विनय सिंह, महेंद्र नामदेव, केश कुमार शाह, अखिलेश नगर सहित मेला टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### बिजली की लाइनों और ट्रांसफार्मर से दूर लें पतंगबाजी का लुत्फ

**भोपाल।** मकर संक्रांति के त्योहार पर बिजली कंपनी ने शहवासियों से बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर पतंगबाजी करने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्योहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का विद्यार्थियों के लिए पंजीयन शुरू

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) कराने के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। सभी कॉलेजों के प्राचार्य और विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को जारी आदेश में कहा गया है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों का एनएसपी पोर्टल पर ओटीआर कराए जाने हैं। सत्र 2025-26 में नवीन एवं नवीनीकरण के अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थियों का एनएसपी पोर्टल पर ओटीआर की कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाए।

### श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज ने श्रद्धापूर्वक मनाया धार्मिक कार्यक्रम टोपी दिवस



**भोपाल।** श्री पशुपतिपाथ नाथ नेपाली समाज द्वारा राजधानी भोपाल के श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में एक जनवरी गुरुवार को टोपी दिवस मनाया गया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार एक जनवरी को मनाए जाने वाले टोपी दिवस पर नेपाली समाज के लोगों द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर समाज के लोग पारंपरिक नेपाली टोपी व पोशाक पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चे भी नेपाली वेशभूषा में दिखाई दिए।

# श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण को लगाया छप्पन भोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर स्थित श्रीराम मंदिर में स्थानीय महिलाओं द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को गोवर्धन पूजा के साथ भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाया गया। वृंदावन से पधारे स्वामी नारायणाचार्य ने भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि कृष्ण की लीला थी कि इंद्र को भी मजबूर कर दिया, उनके ओर से अपनी लीला से जगत का ना सिर्फ पालन किया गया, बल्कि जगत को जीवन जीने की कला भी सिखाई और आज श्रीमद् भागवत में जीवन का सार सम्माहित है। वहीं भागवत को सुनने और समझने की आवश्यकता है, इससे जीवन में परेशानी और कठिनाई दूर हो जाती है। कॉलोनी की महिला समिति के द्वारा कथा पंडाल में गोवर्धन पूजा करने के साथ ही वहां भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग लगाकर आरती भी की गई। यहां हो रही भागवत कथा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस पूरे आयोजन को यहां रह रही महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। कमला नगर की महिलाओं ने अपने संगठन का नाम नारी शक्ति दिया है। जिसमें जयति, सुचि, नीतू, ईशा, पूजा, मोना, मीता, प्रिंसी, पिंकी, बबीता, गायत्री पूर्ण समर्पण व मेहनत से आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।



स्वामी नारायणाचार्य ने सुनाई भागवत कथा।

**स्वामी नारायणाचार्य ने लिया 1008 भागवत कथा का संकल्प**

*स्वामी नारायणाचार्य द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा तीन जनवरी तक कमला नगर स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित की गई है। स्वामी नारायणाचार्य द्वारा अब तक देश भर में पिछले 22 सालों में कुल 675 भागवत कथा कर चुके हैं, स्वामी जी ने 1008 भागवत कथा करने का संकल्प लिया हुआ है।*

## श्री राधा वल्लभ की शरण में पहुंचे श्रद्धालु

भोपाल। नववर्ष के अवसर पर भोपाल के नागरिकों में एक नई और सकारात्मक प्रवृत्ति देखने को मिली, जब शहर के हजारों नागरिक नववर्ष का स्वागत करने के लिए पटेल नगर स्थित इस्कॉन भोपाल के श्री श्री गौर-राधा वल्लभ मंदिर पहुंचे। इस भव्य मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नववर्ष के दिन मंदिर में समाज के हर वर्ग के लोग आराध्य श्रीश्री गौर-राधा बल्लभ के दिव्य दर्शन हेतु एकत्रित हुए। मंदिर परिसर में लगातार हरिनाम संकीर्तन चलता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर भगवान श्रीश्री गौर-राधा बल्लभ को नवीन वस्त्रों एवं पुष्पों से अत्यंत सुंदर रूप से सजाया गया था। भक्त भगवान के मनोहारी श्रृंगार को देखकर भाव-विभोर हो उठे।

## गुरु प्रदोष पर हरित श्रृंगार कर भक्तों को पौधे वितरित किए

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को नव वर्ष एवं गुरु प्रदोष के अवसर पर भारत को विश्व गुरु बनाने की एवं पर्यावरण को संरक्षित करने की कामना को लेकर बाबा बटेश्वर का हरित श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातः काल नियमित अभिषेक प्रदोष काल में दूध, दही, घी, शकर, शहद, भस्मी एवं विजया से अभिषेक कर बाबा बटेश्वर का हरित श्रृंगार किया गया। रात 10 बजे महाआरती कर उपस्थित श्रद्धालुओं को पौधे वितरण कर पर्यावरण बचाने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई। इसके बाद भजन संध्या के बाद प्रसादी वितरण हुआ।



बड़वाले महादेव का अद्भुत श्रृंगार।

## नगर निगम का दावा, शुद्ध पानी किया जा रहा सप्लाई

# 15 फिल्टर प्लांट से 25 लाख आबादी को पानी सप्लाई, 177 सैंपल की जांच


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी पीने से 14 लोगों की मौत के बाद नगर निगम ने भी पानी सप्लाई को लेकर सैंपलिंग तेज कर दी है। पिछले दो दिनों में अलग-अलग जगहों से 177 सैंपल लेकर जांच कराई गई है। निगम का दावा है कि सभी जगहों पर शुद्ध पानी सप्लाई किया जा रहा है।

जबकि शहर में अधिकतर जगहों पर गंदा पानी सप्लाई करने की शिकायतें जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रही हैं। इधर नगर निगम के पास शहर के 15 फिल्टर प्लांट द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी की जांच के लिए चार केमिस्टों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नगर निगम के दो दर्जन कर्मचारियों ने गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्रों से 119 पानी के सैंपल लिए। जिसकी जांच लैब पर कराई गई। परीक्षण में पानी की गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल, क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी का परीक्षण किया गया।

जांच में पानी की गुणवत्ता सही पाई गई है। एक दिन पहले भी 31 दिसंबर को 58 स्थानों से पानी के सैंपल लिए गए थे।



फाइल फोटो

**निगम में सीनियर केमिस्टों की कमी**

वाटर वर्क्स में तैनात सहायक लैब असिस्टेंट अशोक की नजर कमजोर है और उनका इलाज चल रहा है। ऐसे में लैब टेस्टिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रमोद खारे (कोलार फिल्टर प्लांट) और सैय्यद सिराज हसन (बैरागढ़ फिल्टर प्लांट) जैसे सीनियर कैमिस्ट सालों से एक ही जगह पर पदस्थ हैं, जबकि निगम में सीनियर केमिस्टों की कमी बनी हुई है।

**कहां से कितना सप्लाई होता है पानी**

- नर्मदा नदी — 30-35 प्रतिशत
- कोलार डैम — लगभग 170 एमएलडी
- बड़ा तालाब — 20 एमएलडी
- केरवा डैम - लगभग 20 एमएलडी

**सीवेज और पानी की लाइन एक साथ**

पुराने शहर के कई इलाकों में सीवेज और वाटर सप्लाई लाइनें एक साथ गुजरी हैं। तंग गलियों में कई जगह सीवेज का पानी सप्लाई लाइनों के ऊपर बहता नजर आता है, जिससे पानी के दूषित होने का खतरा बना रहता है।

**सैंपल ले रहे हैं**

इंजीनियरों की निगरानी में पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। उनको लैब भेजा जाता है। पानी से संबंधित जो भी शिकायत मिल रही है, उसका तुरंत समाधान किया जा रहा है।

**तन्मय वशिष्ठ शर्मा**
अपर आयुक्त

## आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी की भर्ती का रास्ता साफ

**भोपाल।** आयुष विभाग के अधीन प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सकों के पद जल्द ही भरे जाएंगे। इसके लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2025 का विज्ञापन जारी किया गया है। भर्ती प्रक्रिया के लिए 13 मार्च से आवेदन होंगे। 12 अप्रैल इसकी अंतिम तिथि रहेगी। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जाएंगे। भर्ती प्रक्रिया में आयुर्वेद स्नातक (बीएएमएस) अभ्यर्थियों को अवसर दिया गया है, साथ ही परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए आयोग द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा का आयोजन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया ने आयोग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती का निर्णय अत्यंत सराहनीय है। यह आयुर्वेद चिकित्सकों के लंबे समय से चले आ रहे इंतजार को समाप्त करने वाला और आयुष प्रणाली को सशक्त करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## कुंभकार-प्रजापति प्रदेशस्तरीय महासम्मेलन

# केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले- मैं हर परिस्थिति में समाज के साथ




कुंभकार-प्रजापति प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुंभकार प्रजापति समाज का प्रदेशस्तरीय महासम्मेलन बीते दिनों विश्व पर्यटन नगरी सांची में आयोजित किया गया, जिसमें हजारों समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं हर परिस्थिति में समाज के साथ हूं। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

**एकजुट होकर समाज को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे**

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम कुम्भकार ने कहा कि हमें भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बेनीप्रसाद प्रजापति, डीएस सरोठिया, सुरेश प्रजापति, गौरीशंकर प्रजापति, भागीरथ सिसोदिया, मोहनलाल भार्गव, होतम सिंह, मनोहर प्रजापति, मनोहर मंत्री, डॉ. मोहन कुम्भकार सहित समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही।

**रश्मीत कौर, मान पन्नू की रहेगी लाइव परफॉर्मेंस**

## मानसरोवर ग्लोबल विवि में 'युवा महोत्सव 2026' 11 जनवरी से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी अपने परिसर में दो दिवसीय 'युवा महोत्सव 2026' का आयोजन करने जा रही है। यह महोत्सव युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता को एक मंच पर लाने का प्रयास है। 11 जनवरी को महोत्सव का शुभारंभ गायक मान पन्नू और 'द नाइनटीन बैंड' की धमाकेदार प्रस्तुति से होगा। इस सत्र में प्रसिद्ध लेखक नीलोत्पल मृणाल, कवि अमन अक्षर, संदीप द्विवेदी, डॉ. विनम्र सेन, अभिसार गीता शुक्ला एवं मनु वैशाली युवाओं से संवाद करते हुए विवेकानंद के सपनों पर विचार साझा करेंगे।

***संस्थापक की स्मृति में सम्मान समारोह***

*समूह के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने बताया कि विवेकानंद के विचारों को आगे बढ़ाते हुए विवि हर वर्ष युवाओं के लिए यह साझा मंच तैयार करता है। इस अवसर पर संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी की स्मृति में 'अमृत वैद्यम' पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही संवाद, चित्रकला एवं डिजिटल क्रिएटिविटी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। युवा क्विज़ 2026: बौद्धिक क्षमता की परीक्षा होगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 'युवा क्विज़ 2026' रहेगा, जो स्वामी विवेकानंद के जीवन, भारत की बौद्धिक विरासत और राष्ट्र निर्माण की थीम पर आधारित होगा।*

## ज्योतिष शोध समागम एवं सम्मान समारोह

# श्री पीतांबरा विद्या पीठ न्यास का दो दिवसीय रजत जयंती समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री पीतांबरा विद्या पीठ न्यास द्वारा अपनी रजत जयंती के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष शोध समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन 3 एवं 4 जनवरी 2026 को भोपाल (मध्यप्रदेश) में संपन्न होगा। न्यास द्वारा आयोजित इस विशेष आयोजन का उद्देश्य भारतीय ज्योतिष, दर्शन, साहित्य, शिक्षा एवं संस्कृति से जुड़े विषयों पर गहन शोध, संवाद और विमर्श को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में देश-विदेश से ज्योतिषाचार्य, शिक्षाविद्, साहित्यकार, कलाकार, चिकित्सक, शोधकर्ता एवं विद्वानजन सहभागिता करेंगे। ज्योतिष की विभिन्न विधाओं सिद्धांत संहिता, होरा, स्वप्न सामुद्रिक, रमल, टैरो कार्ड, कृष्णमूर्ति पद्धति (केपी) के नियमों पर परिचर्चा, विद्वानों के शोध पत्र का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश कुमार चतुर्वेदी आईएएस दिल्ली, सुधांशु पाण्डेय चुनाव आयुक्त दादर एवं नगर हवेली, डॉ. मुकेश शास्त्री दिल्ली, डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय गोरखपुर, कमलेश पाण्डेय चित्रकूट, संतोष गर्ग बिलासपुर, डॉ.संध्या आदि उपस्थित रहेंगे।



रजत जयंती समारोह के संबंध में पोस्टर का विमोचन करते सदस्य।

## आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा पूरा वातावरण

# गायत्री शक्तिपीठ में साधना सत्र से जन्म शताब्दी वर्ष 2026 का शुभारंभ



गायत्री शक्तिपीठ में साधना सत्र आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में शंखनाद के साथ साधना सत्र आयोजित कर जन्म शताब्दी वर्ष 2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह से भर उठा।

कार्यक्रम के दौरान आगामी युवा दिवस के उपलक्ष्य में तैयार डिजिटल पोस्टर का अनावरण जोनल समन्वयक राजेश पटेल और युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह संयोजक अमर धाकड़ ने किया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से नियमित योगदान देने का संकल्प लेने की अपील की। इस दौरान सभी युवाओं ने एकजुट होकर निष्ठापूर्वक सेवा कार्यों में निरंतर भागीदारी निभाने का प्रण लिया। सम्पूर्ण व्यवस्था युवा साथियों पंकेश, गोपाल, अभिषेक, शिवदयाल, दानवेंद्र, शांति, ओपी विश्वकर्मा एवं आरपी गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। मदन समेले द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना ने सभी को भावविभोर कर दिया। साथ ही विनोद मालवीय का सेवा कार्यों में योगदान के लिए स्वागत तिलक किया गया।

## ट्रेनों की लेटलतीफी ने बिगाड़ा नए साल का लोगों का शेड्यूल

# कोहरे ने धीमी की ट्रेनों की रफ्तार, साढ़े सात घंटे देरी से आई केरला एक्सप्रेस, शताब्दी रही पौने छह घंटे लेट

**धार्मिक स्थलों पर जाने वाली ट्रेनें 10 घंटे देरी से पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहरे के कारण दिल्ली से आने लगभग 70 फीसदी ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से साढ़े सात घंटे देरी से भोपाल पहुंची। तो वहीं भोपाल से दूसरे शहरों में (धार्मिक स्थालों) पर जाने वाली ट्रेनें अपने निधार्रित समय से दस घंटे तक की देरी से पहुंची। ऐसे में भोपाल से धार्मिक स्थालों पर जाने वाले लोगों का शेड्यूल बिगाड़ दिया। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा रहा है।



फाइल फोटो।

**प्रीमियम ट्रेनें भी लेट चल रही हैं**

सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनें तो देरी से चल रही है। इसके अलावा प्रीमियम ट्रेनें भी घंटो को देरी से चल रही है। इसमें जहां राजधानी एक्सप्रेस, वंदेभारत एक्सप्रेस व शताब्दी एक्सप्रेस प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें भी पिछले 15 दिनों से घंटो की देरी से आ रही है। इसमें आरकेएमपी वंदेभारत एक्सप्रेस व शताब्दी एक्सप्रेस लगातार देरी से आ रही है। नए साल के पहले दिन यानी गुरुवार को भी शताब्दी एक्सप्रेस करीब पौने छह घंटे की देरी से भोपाल पहुंची।

**यह ट्रेन 1 जनवरी को भोपाल लेट आई**

- *12626 केरल एक्सप्रेस 7:24 घंटे*
- *12002 शताब्दी एक्सप्रेस 5. 45 घंटे*
- *11078 झेलम एक्सप्रेस 6.29 घंटे*
- *12724 तेलांगना एक्सप्रेस 5.28 घंटे देरी से आई।*
- *22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 4:32 घंटे*
- *20424 पातालकोट 4.50 घंटे*
- *12920 मालवा एक्सप्रेस 3:38 घंटे*
- *20172 वंदे भारत एक्सप्रेस 0:50 मिनट*
- *22222 हजरत निजामुद्दीन - मुंबई सीएसटी राजधानी एक्सप्रेस 3: 07 घंटे*
- *22692 बंगलौर राजधानी एक्स 0:49 मि*
- *11058 अमृतसर एक्सप्रेस 2:03 घंटे*
- *12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 1:39 घंटे*
- *12722 दक्षिण एक्सप्रेस 2:26 घंटे*
- *12156 भोपाल एक्सप्रेस 1:32 घंटे*
- *12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 2:02 घंटे*
- *12138 पंजाब मेल 1:53 घंटे लेट आई*
- *12618 मंगला एक्सप्रेस 1:39 घंटे*
- *12622 तमिलनाडू एक्सप्रेस 1.56 घंटे देरी से आई।*
- *20806 एपी एक्सप्रेस 1.35 घंटे देरी से आई।*

**सीएम डॉ. यादव की नए साल में छोटे दुकानदारों को सौगात**

## प्रदेश में छोटे दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दिशा निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा मध्य प्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है।

यह संशोधन राज्य में इज ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने तथा दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधन के अंतर्गत अब ऐसी दुकानें एवं संस्थान, जिनमें 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके यहां श्रम निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। इससे अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक लगेगी। श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे ने बताया है कि इस निर्णय से छोटे दुकानदारों एवं उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

साथ ही दुकानदारों में स्व-अनुपालन की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापार एवं रोजगार सृजन के लिए अनुकूल वातावरण विकसित होगा। इससे समय, संसाधन एवं लागत की बचत होगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा छोटे दुकानदारों के प्रति संवेदनशीलता बरती जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930